माघ शुक्ल पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 12 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 86, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल 14

नौ अरब कमाकर भी शांत नहीं होने वाला है एनिमल 13







# मुख्यमंत्री के साथ मंत्री-विधायकों ने रामलला के दरबार में टेका मत्था

## रालोद, बसपा और कांग्रेस के विधायकों ने भी किए दर्शन, समाजवादी पार्टी ने किया किनारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

**अमृत विचारः** सत्तापक्ष और विपक्ष के तमाम विधायकों ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर एक साथ रामलला के दर्शन किए। हालांकि मुख्य विपक्ष दल समाजवादी पार्टी के विधायक इसमें शामिल नहीं थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने वालों में भाजपा एवं सहयोगी दलों समेत रालोद, कांग्रेस बसपा और जनसत्ता दल के विधायक शामिल रहे। यहां विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी साथ रहे।

इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के साथ मंदिर परिसर में बैठकर राम की भक्ति में भजन भी गुनगुनाए। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। वीवीआईपी मूमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया। अयोध्या धाम में रविवार को बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए।

इससे पहले अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए विधायक और मंत्रियों का काफिला सुबह करीब 9 बजे दस लग्जरी बसों से लखनऊ से रवाना हुआ। रास्ते में बाराबंकी में सभी जनप्रतिनिधियों के नाश्ते की व्यवस्था की गई थी, जहां पर नाश्ता करने के बाद जय श्रीराम के उद्घोष के साथ सभी आगे के लिए रवाना हो गए। विधायकों और मंत्रियों का काफिला करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा, जबकि मुख्यमंत्री महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे।



मंदिर परिसर में योगी सरकार के मंत्री–विधायक जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए।

**▸▸ बसों के अंदर रामधुन बजाई जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल**

### नतमस्तक योगी



### विधायक और मंत्रियों के समूह पर पुष्पवर्षा

विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। वहीं बसों पर सवार विधायक, मंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर विधायकों का स्वागत किया।

### मैं बहुत भावुक हूं: सतीश महाना

दर्शन करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मैं बहुत भावुक हूं। मैं जब इस स्थान पर आया था तो यहां एक ढांचा खड़ा था, जो 6 दिसंबर को हमारे सामने टूटा था। मैं उस समय यहां पर आया था, जब 1990 में यहां गोली चली थी। मैं उस समय यहां पर आया था, जिस समय चबूतरे का निर्माण हुआ था और आज प्रत्यक्ष रूप से भगवान के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके अलावा कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्र मोना, बसपा नेता उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष राजा भैया भी विधायकों के साथ अयोध्या रामलला के दर्शन करने पहुंचे।

# हल्द्वानी हिंसा मामले में 25 और दंगाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत 25 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंगाइयों की संख्या अब 30 हो गई है। इन दंगाइयों के पास से पुलिस ने बनभूलपुरा थाने से लूटे गए 99 सरकारी कारतूस, 54 अन्य कारतूस तथा सात तमंचे भी बरामद किए गए हैं। हालांकि मास्टरमाइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

इस बीच प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील देते हुए अब इसे सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक सीमित कर दिया है। हालांकि स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रविवार को अर्द्धसैनिक बलों की चार कंपनियां यहां पहुंच गईं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से लूटे गए कारतूस भी बरामद कर लिए गए हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां होंगी।



**▸▸ आरोपियों के पास से तमंचे और 153 कारतूस बरामद**

हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों पर कार्रवाई जारी है। दंगाइयों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। प्रदेश में जो भी अतिक्रमण है, उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी और इस अभियान को रोका नहीं जाएगा। – **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

**कर्फ्यू में ढील, आवश्यक सेवाएं सुचारूः** जिलाधिकारी वंदना ने कर्फ्यू में और ढील दी है। अब कर्फ्यू को सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया गया है। बनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर शेष हल्द्वानी में कर्फ्यू हटाए जाने के बाद नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने बनभूलपुरा में भी आवश्यक सेवाओं को सुचारू कर दिया। बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू करने के साथ ही मेडिकल स्टोर भी खुलवा दिए गए।

## एक नजर

### कांग्रेस सांसद धीरज साहू से लगातार दूसरे दिन पांच घंटे पूछताछ



**रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से धनशोधन के एक मामले में रविवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब पांच घंटे तक पूछताछ की। यह मामला भूमि धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाल में गिरफ्तार किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि साहू पूछताछ का सामना करने के लिए रविवार को लगातार दूसरे दिन ईडी के सामने पेश हुए। ईडी ने शनिवार को उनसे करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी कार्यालय से बाहर आने पर साहू ने कहा, 'कुछ कागजी कार्रवाई चल रही है और मैंने उनके साथ सहयोग किया।'

### योगी आज संभल में, लेंगे तैयारियों का जायजा

**संभल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज संभल जिले के गांव ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचकर 19 फरवरी को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेंगे और अधिकारियों संग तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा प्रबंध कड़े किए गए हैं। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के सान्निध्य में 19 फरवरी को कल्कि धाम के शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं।

### विमान टैक्सीवे से आगे बढ़ा, उड़ानें प्रभावित रहीं

**नई दिल्ली।** अमृतसर से इंडिगो का एक विमान रविवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद निकास 'टैक्सीवे' को पार कर गया। इसके कारण एक रनवे 15 मिनट तक बाधित हो गया और उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। 'टैक्सीवे' हवाई अड्डे पर विमानों के लिए एक रास्ता होता है, जो रनवे को एप्रन, हैंगर, टर्मिनल और अन्य सुविधाओं से जोड़ता है।

# राज्यसभाः भाजपा ने यूपी से की 7 प्रत्याशियों की घोषणा, उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट को टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से सात प्रत्याशियों की घोषणा की है। वहीं, उत्तराखंड से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नाम का ऐलान किया है। भट्ट बलूनी के जाने से रिक्त हुई सीट पर पार्टी उम्मीदवार होंगे।

बहरहाल, यूपी की बात करें तो भाजपा की सूची दर्शाती है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने के लिए प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों में से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका मिल रहा है। उम्मीदवारों की रविवार को जारी सूची में भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह और प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के नाम शामिल है। इसके अलावा आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन, गाजीपुर सदर भाजपा की पूर्व विधायक संगीता बलवंत बिंद, मुगलसराय से भाजपा की पूर्व विधायक साधना सिंह और मथुरा के पूर्व सांसद तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया गया है।

विधानसभा में भाजपा की सदस्य संख्या को देखते हुए सभी सात प्रत्याशियों का निर्वाचित होना तय है। पार्टी ने जातीय समीकरण साधने के लिए एक ब्राह्मण, एक वैश्य, एक ठाकुर और चार पिछड़े वर्ग के नेता को उम्मीदवार बनाया है।

**▸▸ प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काटा**

### सपा से रामजीलाल और जया बच्चन उम्मीदवार

**आगरा।** राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन और जया बच्चन को समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। विधायकों की संख्या के आधार पर समाजवादी पार्टी के दो सांसद निर्वाचित होना तय है। सपा की ओर से राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर सभा के राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात की खुशी है कि पार्टी ने उन पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार सोमवार को इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

# सागरिका घोष और सुष्मिता देव टीएमसी की रास उम्मीदवार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव और दो अन्य लोगों के नामों की रविवार को घोषणा की। टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' टीएमसी ने कहा, 'हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे हर भारतीय के अधिकारों की रक्षा के लिए मुखर होने की तृणमूल की स्थायी विरासत को बनाए रखने की दिशा में काम करें।'

# आगरा में मां-बेटे की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर झूला कारोबारी

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचारः** थाना न्यू आगरा के लायर्स कॉलोनी में रविवार को एक ही परिवार के तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक कारोबारी तरुण चौहान के घर सुबह जब नौकरानी पहुंची तो उसने देखा कि उसका शव फंदे से लटका हुआ है और उनकी मां और उनके 12 वर्षीय बेटे का शव बेड पर पड़ा हुआ है। नौकरानी ने इसकी सूचना पड़ोसी और पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने तरुण चौहान के शव को फंदे से उतारा। घटना की सूचना उनकी पत्नी और रिश्तेदारों को दी गई है। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय के मुताबिक तरुण चौहान की पत्नी खाटू श्याम दर्शन के लिए गई हुई थी। प्रथम दृष्टया मां और बेटे को पहले जहरीला पदार्थ दिया गया और उसके बाद तरुण चौहान ने फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो तरुण का मोबाइल मिला। मोबाइल में पुलिस को एक वीडियो मिला, जिसे खुद तरुण ने बनाया था। संभवतः वीडियो मरने से पहले बनाया गया। इस वीडियो में वह कहता हुआ नजर आ रहा है कि वह कर्ज में फंस गया है। उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिष्ठा दांव पर है। अब उसका जीने का मन नहीं कर रहा है।

उधर, खाटू श्याम से लौटकर आई पत्नी को रो रोकर बुरा हाल हो गया है। उसने बताया वह अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे। उसे एक दिन के लिए भी अपने से अलग नहीं करते थे। वह खाटू श्याम दर्शन के लिए गई थी, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि उसके जाने के बाद उसका सब कुछ उजड़ जाएगा।

**▸▸ आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो, करोड़ों के कर्ज से परेशान होना बताया**



# रुद्रपुर से भागे प्रेमी युगल ने चलती बस में खाया जहर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली इलाके के भूरारानी के रहने वाले प्रेमी युगल ने यूपी के गढ़मुक्तेश्वर में चलती बस में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को मेरठ मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बताया गया है कि रुद्रपुर के गांव भूरारानी स्थित दुर्गा कॉलोनी की रहने वाली शादीशुदा रेखा का काफी समय से वहीं के रहने वाले अविवाहित युवक बबलू के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते 8 फरवरी को दोनों एक साथ भाग गए थे। 10 फरवरी को वे बस में सफर कर रहे थे। गढ़मुक्तेश्वर टोल प्लाजा के समीप बस रुकने पर दोनों नीचे उतरे और गश खाकर गिर गए। दोनों के मुंह से जहरीला पदार्थ के सेवन की बदबू आ रही थी।

**▸▸ 8 फरवरी को घरों से भागा था प्रेमी जोड़ा**



# पुलिस ने नीट अभ्यर्थी को आत्महत्या करने से रोका

**कोटा।** राजस्थान पुलिस ने एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए नीट के अभ्यर्थी को आत्महत्या करने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय छात्र ने काउंसलिंग के दौरान बताया कि वह पबजी खेलते हुए दोस्त बने वाराणसी निवासी युवक द्वारा आत्महत्या करने से तनाव में था। नासिक के रहने वाले युवक ने 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में कहा था कि वह शनिवार दोपहर 2 बजे आत्महत्या करने जा रहा है। कोटा शहर के एसपी शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस टीमों ने लड़के को लैंडमार्क सिटी में उसके हॉस्टल के कमरे से ढूंढ़ निकाला और परिजनों को सौंप दिया।

# बेटे ने ही की थी पिता-बहन की हत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमरोहा में दोहरा हत्याकांड**

**▸▸ नौकर के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम**

**▸▸ मुस्लिम महिला से शादी कर संपत्ति उसके नाम करने वाले थे**

**अमृत विचारः** संपत्ति के लालच में बेटे ने पत्नी और नौकर के साथ मिलकर सर्राफा कारोबारी पिता और बहन की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी बेटे, उसकी पत्नी और नौकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बेटे और उसके नौकर ने दरांती से गला रेतकर कारोबारी की हत्या की। बीच-बचाव करने आई बहन को भी मारना पड़ा। बेटे इशांक ने बताया कि पिता मुस्लिम महिला से शादी कर संपत्ति उसके नाम करने वाले थे। अपनी पुत्रवधू पर भी बुरी नजर रखते थे।



एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने रविवार को दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि शुक्रवार रात नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा गुलाम में रहने वाले 67 वर्षीय सर्राफा कारोबारी योगेश चंद्र अग्रवाल और उनकी 27 वर्षीय दत्तक पुत्री सृष्टि की घर में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी कि इस बीच घर में ऊपर जाने वाली सीढ़ियों पर खून की बूंदे मिलीं। ऊपर मृतक कारोबारी का बेटा इशांक पत्नी मानसी और बेटे के साथ रहता था। पुलिस ने शक के आधार पर मृतक के बेटे को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। पुलिस के मुताबिक योगेश ने सृष्टि के नाम हाल ही में मकान का आधा हिस्सा कर दिया था। पुलिस पूछताछ में बेटे ने बताया कि उसने साजिश के तहत अपनी दिल्ली फैक्ट्री में काम करने वाले नौकर अनिल गंगवार निवासी बरेली को अपने घर बुलाया। अपनी पत्नी और नौकर को साथ लेकर दोनों की गला रेत कर हत्या कर दी।

# बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण आज

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का आज विधानसभा में शक्ति परीक्षण है। इससे पहले विधायकों में टूट के दावों-प्रतिदावों से राजनीतिक अटकलबाजियों का बाजार गर्म है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा उनके पास है और वह आसानी से विश्वास मत हासिल कर लेंगे।

# एटा में सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, खेत में मिला शव

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गाजीपुर पहोर में शनिवार को सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव के बाहर सरसों के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल लिया।

कोतवाली देहात इलाके के ग्राम गाजीपुर पहोर निवासी सात वर्षीया बच्ची शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी सहेलियों के साथ खेलने गई थी। शाम करीब 4 बजे तक वह नहीं लौटी तो मां ने तलाशना शुरू किया। देर शाम बच्ची का पता नहीं चला तो सूचना कोतवाली देहात पुलिस को दे दी गई। कुछ ही देर में एएसपी धनंजय कुशवाह, कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद पांडेय मौके पर पहुंचे। शनिवार रात करीब 10 बजे डॉग स्क्वायड की मदद से गांव के बाहर सरसों के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। उसके कपड़े फटे हुए थे। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी।

रविवार को एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उसी गांव के 26 वर्षीय युवक जवाहर शर्मा ने घटना को अंजाम दिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी जवाहर ने बताया कि वह बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने सरसों के खेत में ले गया और दुष्कर्म किया। चीखने पर आरोपी ने बच्ची का गला घोंट दिया और फरार हो गया।

**▸▸ पुलिस ने अगले ही दिन आरोपी को किया गिरफ्तार, पूछताछ में जुर्म कबूला**

# सशस्त्र पुलिस के लिए अब 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी परीक्षा

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस बलों में अब हिंदी अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा देने की छूट मिली है। इसका पहली बार प्रयोग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सिपहिया की होने वाली भर्ती के दौरान किया जाएगा।

7 मार्च को आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा में 128 शहरों के करीब 48 लाख उम्मीदवार 20 फरवरी से 7 मार्च तक क्षेत्रीय भाषाओं में लिखित परीक्षा दे सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी भाषा के लिए थी। जिन क्षेत्रीय भाषाओं को लिखित परीक्षा के लिए शामिल किया गया है, उसमें गुजराती, बंगाली, उर्दू, पंजाबी, मराठी, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, उड़िया, मणिपुरी, कोंकणी एवं असमिया भाषा हैं। गृहमंत्री अमित शाह की पहल पर सरकार ने उक्त आशय की अधिसूचना जारी कर दी है।

# हरियाणा-पंजाब बार्डर सील, हाईवे पर ठोंकी कीलें

चंडीगढ़, एजेंसी

किसानों के 13 फरवरी के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले हरियाणा के अधिकारियों ने अंबाला के पास शंभू में पंजाब से लगी सीमा को सील कर दिया है। सीमा पर कंक्रीट के अवरोधक, रेत की बोरियां, कंटीले तार लगाने के साथ-साथ सड़कों पर दंगारोधी वाहन मौजूद रखे गए हैं। प्रदर्शनकारियों को पुलिस अवरोधकों को फेंकने से रोकने के लिए घग्गर फ्लाईओवर पर सड़क के दोनों किनारों पर लोहे की चादरें लगाई गई हैं।

दिल्ली कूच की मुहिम को रोकने के लिए जींद और फतेहाबाद जिलों की सीमाओं पर भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। फतेहाबाद में पुलिस ने पंजाब के प्रदर्शनकारियों को दिल्ली की ओर बढ़ने से रोकने के लिए जाखल इलाके में सड़क पर कंक्रीट के अवरोधक लगाए हैं और कील वाली पट्टियां भी बिछा रखी हैं। हरियाणा सरकार ने सात जिलों अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 11 से 13 फरवरी तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं और एक साथ कई एसएमएस भेजने की सेवा को निलंबित कर दिया है।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने 13 फरवरी को 200 से अधिक किसान संघों द्वारा 'दिल्ली चलो' की घोषणा की थी, ताकि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के वास्ते कानून बनाने सहित कई मांगों को स्वीकार करने को लेकर केंद्र पर दबाव डाला जा सके। एसकेएम नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने किसानों को दिल्ली की ओर जाने से रोकने की व्यवस्था करने के लिए हरियाणा सरकार की आलोचना की।

### किसानों का दिल्ली कूच



**▸▸ सिंघु-टिकरी पर बैरिकेडिंग, हरियाणा के सात जिलों में 13 फरवरी तक इंटरनेट बंद**

### दिल्ली-यूपी सीमा पर पाबंदियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने किसानों के 13 फरवरी के मार्च के आह्वान के मद्देनजर रविवार से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच सभी सीमाओं पर 11 मार्च तक पाबंदियां लगा दी हैं। इस दौरान रविवार से दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच सभी सीमाओं और उत्तर पूर्वी जिले के अधिकार क्षेत्र में आसपास के इलाकों में लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध रहेगा। यूपी से दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को ले जाने वाले ट्रैक्टरों, ट्रॉलियों, बसों, ट्रकों, निजी वाहनों आदि के प्रवेश पर भी रोक रहेगी।

## एक नजर

### रेलवे के समपार संख्या 295 सी पर होगी मरम्मत, मार्ग रहेगा बंद

बदायूं। रेलवे प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया है कि बितरोई मानपुर नगरिया के बीच कछला देहात के अन्तर्गत आने वाले समपार संख्या 295 सी मध्य स्टेशन बितरोई पर 12 फरवरी को सुबह आठ बजे से शाम 6 बजे तक मरम्मत कार्य किया जाएगा इसलिए यह मार्ग बाधित रहेगा। इस मामले की सूचना संबंधित विभाग और रेलवे इज्जतनगर को भी दे दी गयी है।

### स्काउट संस्था ने बांटा कुष्ठ रोगियों को सामान

बदायूं। भारत स्काउट और गाइड संस्था उत्तर प्रदेश की ओर से कचरा कुष्ठ आश्रम पर 105 से अधिक कुष्ठ रोगियों को भोजन और दैनिक उपयोग का सामान का वितरण किया गया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना के नेतृत्व में पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा, प्रेमपाल सिंह, हरपाल सिंह आदि की टीम कछला गंगा पर स्थित कुष्ठाश्रम पहुंची। 105 कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया। नहाने, कपड़े धोने, पट्टियां, दवाईयां, चाय की पत्ती आदि का सामान वितरण कराया।

# साढ़े पांच करोड़ से बदलेगी परिषदीय स्कूलों की सूरत

## शासन की ओर से विभाग को मिला ढाई करोड़ का बजट, जल्द मिलेगी शेष राशि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



शहर के नवादा स्कूल का फाइल फोटो।

▶▶ जिले में संचालित है 2155 परिषदीय स्कूल, शुरू होगा कार्य

**अमृत विचार:** जिले में संचालित परिषदीय स्कूलों की स्थिति 5.50 करोड़ की धनराशि से सुदृढ़ होगी। शासन की ओर से विभाग को ढाई करोड़ का बजट जारी किया है। बजट मिलने के बाद विभाग द्वारा बच्चों की संख्या के आधार पर स्कूलों में धनराशि भेजे जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। मिली धनराशि से स्कूलों की जरूरतों को पूरा किया जाएगा। इसमें संसाधनों का इजाफा होगा। साथ ही रंग रोगन आदि कार्य भी हो सकेंगे।

जिले में 2155 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूल शामिल हैं। इन परिषदीय स्कूलों में करीब 3.42 लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। परिषदीय स्कूलों की दशा में सुधार करने के लिए कायाकल्प के तहत निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

निजी स्कूलों की तर्ज पर परिषदीय स्कूलों की कायाकल्प करने के लिए बच्चों की संख्या के आधार पर धनराशि विभाग द्वारा भेजी जाती है। इस धनराशि से स्कूलों में विभिन्न व्यवस्थाओं तथा संसाधनों को सुदृढ़ किया जाता है। कंपोजिट ग्रांट से स्कूलों की रंगाई-पुताई तथा शैक्षिक, पेंटिंग के अलावा स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाएं की जाती हैं। विभाग द्वारा शासन को 5.50 करोड़ का प्रस्ताव भेजा था। जिसका परिषदीय स्कूलों के कायाकल्प के लिए इंतजार किया जा रहा था। इसमें से शासन ने जिले के लिए 2.50 करोड़ रुपये की कंपोजिट ग्रांट जारी की है। शेष धनराशि भी जल्द आने वाली है। मिली धनराशि को बेसिक शिक्षा विभाग स्कूलों में छात्र संख्या के आधार पर स्कूल प्रबंध समितियों के खाते में भेजने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद कायाकल्प के कार्य शुरू होंगे।

### कंपोजिट ग्रांट से स्कूलों में होंगे ये कार्य

स्वच्छता और हैंडवाशिंग, शौचालय की क्रियाशीलता, शुद्ध पेयजल, शिक्षण सहायक सामग्री, फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्र, विद्युत उपकरण, कंप्यूटर शिक्षण, अनुरक्षण कार्य, रंगाई-पुताई, स्टेशनरी, चटाई और टाट-पट्टी आदि कार्य प्रमुख हैं।

### छात्र संख्या के आधार पर भेजी जाएगी धनराशि

एक से तीस तक छात्रों की संख्या पर 10 हजार रुपये, तीस से सौ छात्रों पर 25 हजार, सौ से ढाई सौ छात्रों पर 50 हजार, ढाई सौ से एक हजार छात्रों पर 75 हजार और एक हजार से अधिक छात्रों वाले स्कूलों को एक लाख रुपये की कंपोजिट ग्रांट उपलब्ध कराई जाती है।

कंपोजिट स्कूल ग्रांट का आधा बजट 2.50 करोड़ मिला है। इसे विद्यालयों में नामांकित छात्रों की संख्या के आधार पर भेजने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। इससे स्कूलों में कार्य हो सकेंगे। आधा बजट मिलने के कारण सभी स्कूलों में धनराशि को नहीं भेजा जा सकता। फिलहाल कम संख्या वाले स्कूलों में इसे भेजा जा रहा है। अगले माह शेष बजट मिल जाने के बाद अन्य स्कूलों को धनराशि भेजी जाएगी।

– **स्वाती भारती,** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी।

### आज से सुबह नौ बजे खुलेंगे स्कूल

बदायूं। परिषदीय स्कूल सोमवार (आज) से सुबह नौ बजे से खुलेंगे। शासन ने मौसम साफ होने के बाद पूर्व निर्धारित समय पर स्कूलों को खोलने का आदेश बेसिक शिक्षा अधिकारी को जारी किए हैं। पिछले दिनों पड़ रही कड़ाके की ठंड की वजह से 23 जनवरी से परिषदीय स्कूल का समय सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे कर दिया गया था। समय परिवर्तन हो जाने पर स्कूल पूर्व में तय किए गए समय सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक संचालित किए जाएंगे। शीतकालीन 15 जनवरी को समाप्त हो गया था। कक्षा एक से आठ तक स्कूलों को 16 जनवरी से खोला जाना था। लेकिन कड़ाके की सर्दी के कारण कक्षा एक से आठ तक के स्कूल बंद कर दिए गये थे। इसके बाद 28 जनवरी से स्कूलों को खोला। लेकिन स्कूल खुलने का समय परिवर्तन कर दिया गया। बीते दो-तीन दिनों से मौसम बेहतर हुआ है। सुबह समय से धूप निकल रही है। इसी के चलते स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। हालांकि मौसम विभाग ने 12 फरवरी के आसपास फिर से बारिश होने की संभावना जताई है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदीयों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



महिलाओं को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा और सांसद संघमित्रा मौर्य व अन्य।

▶▶ केंद्रीय मंत्री ने की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा

**अमृत विचार:** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने शक्ति वंदन अभियान के तहत चाय पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने उत्कर्ष कार्य करने वाली दीदीयों को सम्मानित किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री सहकारिता बीएल वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने स्वयं सहायता समूह की दस करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा था। अब तक एक करोड़ से अधिक दीदीया करोड़पति बन चुकी हैं। कहा कि सरकार नए स्वयं सहायता समूह बनाकर अन्य महिलाओं को भी स्वयं सहायता समूह का हिस्सा बनाकर उनका भी आर्थिक व सामाजिक उत्थान करेगीं।

सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी 12 फरवरी, 13, 14 फरवरी को विधानसभा स्तर पर बैंक सखी, विद्युत सखी, पशु सखी सहित 42 प्रकार की सखियों को शक्ति सम्मान सम्मान देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। आगामी 22 फरवरी को जनपद के 30 स्थानों पर मा प्रधानमंत्री भी बदायूं की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व दीदीयों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, जिला पंचायत सदस्य पूनम यादव, जिलाधिकारी मनोज कुमार सहित आदि रहे।

# जिले के विकास को लेकर मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा



लखनऊ में मुख्यमंत्री से बात करतीं पूनम यादव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य पूनम यादव ने शिष्टाचार भेंट की। साथ ही प्राथमिकता पर मेडिकल कॉलेज को मॉडर्न सुविधाओं से युक्त बनाने व विकास संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उनके साथ पूर्व एमएलसी भारत सिंह यादव, कपिल यादव उपस्थित रहे।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव ने बताया कि शनिवार को वह लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर बदायूं के विकास कार्यों सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की। इसमें मेडिकल कॉलेज को मॉडर्न स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से लैस करने की बात उठाई।

उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर कम होने के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है। जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि डॉक्टरों की कमी भी बहुत जल्द दूर की जाएगी। इसके अलावा सहसवान में हर साल गंगा नदी से कटान, जिले में गोवंश से होने वाली परेशानियों के मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले की समस्याओं का हल निकाला जाएगा। इससे अब लोगों में उम्मीद जागी है।

# भाकियू ने किसानों की समस्याओं पर किया विचार विमर्श

**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) गुट की बैठक संगठन जिला अध्यक्ष परवेज आलम के आवास पर संपन्न हुई जहां उनके द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। साथ ही किसानों की समस्याओं पर विचार किया गया। इसके निस्तारण पर जोर दिया गया। संगठन जिला अध्यक्ष परवेज आलम ने कहा कि जिले के किसानों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का भरकस प्रयास किया जाएगा। किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसको दिलाने के लिए आवाज बुलंद की जाएगी।

जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार मौर्य ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है। लेकिन उसकी स्थिति काफी दयनीय है। किसानों को हर माह दस हजार रुपये पेंशन, मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए। इस मौके पर श्री राम, शहजाद, राम स्वरुप शाक्य, अनवर कमाल आदि मौजूद रहे।

# जिला महिला अस्पताल में गंदगी के लगे ढेर, मरीज परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▶▶ जगह-जगह गंदगी से महिला मरीजों को हो रही परेशानी

▶▶ अस्पताल प्रशासन बेपरवाह दुर्गंध से निकलना हुआ मुश्किल

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में कई तरह की समस्याएं बनी रहती हैं। यहां आने वाले महिला मरीजों को भारी गंदगी से होकर ऊपरी मंजिल तक पहुंचना पड़ता है। गंदगी का आलम यह है कि यहां कभी सफाई नहीं की जाती है। कूड़े को इधर उधर छिपा दिया जाता है।

जिला महिला अस्पताल में अनियमितताएं एवं लापरवाही सिर चढ़ कर बोल रही है। एक और अवैध वसूली की जांच हो रही है तो दूसरी ओर यहां पर गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है। जिला महिला अस्पताल में रविवार को चहुंओर गंदगी बिखरी मिली। प्रथम तल पर जीने के नीचे कूड़े का ढेर लगा मिला। जीने के नीचे दाएं बाएं हर तरफ गंदगी ही गंदगी दिखी। ओपीडी के बाहर जिस गेट से महिला मरीज अंदर जाती हैं, उस गेट पर गंदगी साफ दिखी। यहां पर काफी समय से सफाई नहीं की गयी है। गंदगी से होकर महिला मरीज महिला चिकित्सकों तक पहुंचती है। गेट पर गंदगी के साथ ही अन्य स्थानों पर इसी तरह की गंदगी देखने को मिल रही है। किसी जगह सफाई नहीं की जा रही है। महिला अस्पताल के मुख्य गेट से ही गंदगी के ढेर लगे मिलते हैं। अंदर पहुंचने पर इधर उधर कूड़ा बिखरा पड़ा रहता है। जिसे कभी कभी साफ किया जाता है।

दूसरी मंजिल पर भी महिलाएं गंदे कपड़े इधर उधर फेंक देती हैं, जो पड़े रहते हैं। यहां पर डस्टबिन भी नहीं रखी गई हैं। खाने की वस्तुएं इधर उधर पड़ी रहती हैं। उन्हें साफ करने को दिन में एक बार सफाई कर्मचारी आते हैं। उसके बाद गंदगी को एक जगह पर एकत्र कर दिया जाता है। तीसरी मंजिल पर जिन महिलाओं का प्रसव कराया जाता है। उनके परिजन यहां पर बैठते हैं जो अधखाया खाना इधर उधर फेंक देते हैं। गंदगी का आलम यह है कि रात भर यहां पर कचरा फैला रहता है। इससे चूहे आदि होने की आशंका बनी रहती है।



महिला अस्पताल में जीने के नीचे एकत्र किया गया कूड़ा।



ओपीडी गेट गे बाहर फैली गंदगी।

महिलाएं इधर उधर सामान रख देती हैं। देहात से आने वाले लोग ही यहां पर गंदगी करते हैं फिर भी सफाई की जाती है। रविवार को अवकाश रहता है। सफाई कर्मचारी नहीं आया होगा। सुबह को सफाई की जाएगी। कई सफाई कर्मचारी हैं जो समय समय पर सफाई करते हैं। कुछ लापरवाह भी हैं जिससे कहीं कहीं गंदगी भी रह जाती है।

– **डा. इंदुकांत वर्मा** – सीएमएस।

# जिला महिला अस्पताल में 60 मीटर रास्ते की हो रही मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



जिला महिला अस्पताल में बन रही इंटरलॉकिंग सड़क।

▶▶ इंटरलॉकिंग सड़क बनने के बाद मरीजों को नहीं होगी परेशानी

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल के मुख्य गेट से लेकर सीएमएस के कार्यालय तक इंटरलॉकिंग कराई जा रही है।

जिला महिला अस्पताल में मुख्य गेट से सीएमएस के कार्यालय तक की सड़क बेहद जर्जर थी जिस पर वाहन भी नहीं चल पा रहे थे। गड्ढे बन जाने से पैदल चलने वालों को भी परेशानी होती थी। कई सालों से यह सड़क टूटी पड़ी थी। महिला मरीजों को एंबुलेंस से लाया जाता है। इन गड्ढों में एम्बुलेंस भी हिचकोले लेकर चलती है। कई बार यहां बाइक सवार गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। महिला अस्पताल प्रशासन ने मुख्य गेट से लेकर सीएमएस के कार्यालय तक इंटरलाकिंग कराने के लिए इसका कार्य शुरू करा दिया है। लगभग डेढ़ लाख की कीमत से बनने वाले इस रास्ते पर अब गाड़ियां फर्राटा मार कर दौड़ेगी। रविवार से कार्य शुरू कर दिया गया है, जो तीन दिन में पूरा करा दिया जाएगा।

### गार्डन में भी होगा काम, एस्टीमेट तैयार

इसके बाद गार्डन में भी कुछ कार्य किया जाना है। इसके लिए एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ने बताया कि अब तक इंटरलॉकिंग के लिए धन की व्यवस्था नहीं थी। अब शासन से कुछ धन स्वीकृत हो गया है तो इंटरलॉकिंग का कार्य शुरू करा दिया गया है। तीन दिन में काम पूरा कर लिया जाएगा।

# परीक्षा केंद्र पर एक घंटा पूर्व पहुंचेंगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▶▶ स्टेटिक मजिस्ट्रेट के हाथ में होगी बोर्ड परीक्षाओं की मास्टर चाबी

▶▶ प्रशासन ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट को सौंपी यूपी बोर्ड परीक्षा की जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** इस बार होने वाली यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं की मास्टर चाबी स्टेटिक मजिस्ट्रेट के हाथ में रहेगी। स्टेटिक मजिस्ट्रेट को एक घंटे पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना होगा। उनके द्वारा परीक्षा से आधा घंटे पहले स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्र का बंडल निकलवाए जाएंगें। स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक प्रश्नपत्र के बंडल की भली प्रकार से जांच करेंगे, जिससे किसी प्रकार की चूक न होने पाए। प्रशासन द्वारा जिले में बनाए गए 99 केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित कर दिए गए हैं। उनके द्वारा एक दो दिन में भ्रमण शुरू कर दिया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू होने जा रहीं हैं। परीक्षाओं के लिए जिले में 99 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ ही वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इस बार की परीक्षा में सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्टेटिक मजिस्ट्रेट को दी गई है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें। आधे घंटे पहले स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्र का बंडल निकलवाए और केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक के साथ प्रश्नपत्र के बंडल की भली प्रकार से जांच कर लें कि जिस विषय का प्रश्नपत्र संबंधित तिथि पर है। वह बंडल उसी प्रश्नपत्र का है। पूरी तरह से जांच के बाद ही बंडल को परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले खोलें। परीक्षा समाप्त होने के बाद स्टेटिक मजिस्ट्रेट उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल को सील कराने के बाद भी परीक्षा केंद्र छोड़ेंगे। प्रशासन की ओर से स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित करने के साथ ही उन्हें दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

इस बार बोर्ड परीक्षा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारियों को बढ़ाया गया है। उनकी निगरानी में प्रश्नपत्र का बंडल खोला जाएगा। और परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाएं उनके सामने सील होंगी, जिसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

– **डॉ प्रवेश कुमार,** जिला विद्यालय निरीक्षक।

### कल से शुरू होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षा

बदायूं। मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं। यह परीक्षाएं 21 तक जारी रहेंगीं। जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। जिले में पांच कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल की शुरू होने वाली परीक्षाओं में 1760 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। मंगलवार से शुरू हो रहीं मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं में भी जिले में बनाए गए पांचों केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके अलावा सचल दलों द्वारा केंद्रों का भ्रमण किया जाएगा। दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। इसमें पहली पाली सुबह आठ से 11 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से पांच बजे तक की होगी। मदरसा बोर्ड की परीक्षा संपन्न कराने के लिए नेहरू इंटर कॉलेज मुहीद्दीनपुर, सत्यावती आर्य कन्या इंटर कॉलेज करनपुर, चौधरी नियाज मोहम्मद इंटर कॉलेज भूड़ बिसौली, आसिम सिद्दीकी मेमोरियल डिग्री कॉलेज बदायूं और हाजी मुख़्तार साइंस इंटर कॉलेज ककराला को केंद्र बनाया गया है। उक्त परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में 1106 एवं द्वितीय पाली में 654 कुल 1760 छात्र/छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इस संबंध में जिला अल्प संख्यक अधिकारी मोहम्मद खालिद ने बताया मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू हो रही हैं। सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराई जाएगी।

# 87 प्रतिभाओं को मिला रोजगार

**उसावां, अमृत विचार :** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत विकासखंड उसावा परिसर में रविवार को उप्र कौशल विकास मिशन, आईटीआई उद्यमशीलता विभाग एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में मंच का संचालन अंकित द्वारा किया गया। रोजगार मेले में 87 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश कुमार सिंह द्वारा रोजगार मेले का आरंभ किया गया। मेले में कुल 8 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसमें 236 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसके सापेक्ष 87 युवाओं को रोजगार के लिए चयन किया गया। मेले में ओंकार नाथ तिवारी, कौशल विकास मिशन व संजय सेवायोजन द्वारा प्रतीक चिह्न देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। इसमें कार्यालय सहायक नीरज कुमार, संजय आदि रहे।

# मिल में नौ लाख क्विंटल गन्ने की हुई पेराई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



शेखूपुर चीनी मिल। ● अमृत विचार

▶▶ बीस हजार क्विंटल हुआ शेखूपुर चीनी मिल का उत्पादन, पेराई जारी

**अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल शेखूपुर इन दिनो निर्बाध रूप से चल रही है। मिल ने अब तक नौ लाख क्विटल गन्ने की खरीद करके करीब बीस हजार क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। मिल प्रशासन को उम्मीद है कि मार्च तक मिल पर गन्ना आएगा।

पेराई सत्र के दौरान एक बार भी तकनीकी खराबी के चलते शेखूपुर चीनी मिल बंद नहीं हुई है। जिसका गन्ना किसानों को पूरा लाभ मिला है। मिल का 25 नवंबर को उद्घाटन किया गया था। उसके बाद से मिल निर्बाध गति से चल रही है। मिल प्रशासन के अनुसार 10 फरवरी तक करीब नौ लाख क्विंटल गन्ने की खरीद हो चुकी है। चीनी उत्पादन में भी मिल ने बेहतर कार्य किया है। अब करीब 20 हजार क्विंटल चीनी का उत्पादन हो चुका है। शेखूपुर चीनी मिल प्रशासन के अनुसार गन्ने की पेराई अभी एक महीने तक निर्बाध गति से चलेगी। किसानों के खेतों में खड़ा गन्ना पूरा खरीद लिया जाएगा। शेखूपुर चीनी मिल पर करीब 45 प्रतिशत गन्ना जिले का आता है जबकि दूसरी चीनी मिल की पेराई क्षमता अधिक होने से वहां गन्ना अधिक जाता है। चीनी मिल के जनरल मैनेजर किशनलाल ने बताया कि किसानों से साफ कहा गया है कि खराब सूखा गन्ना नहीं लाएं। किसान अच्छा गन्ना ही ला रहे हैं जिससे चीनी का उत्पादन भी बेहतर हुआ है। अभी एक महीने तक मिले के चलने की उम्मीद है।

मिल प्रशासन द्वारा गन्ना किसानों को अभी तक 22 करोड़ 70 लाख का भुगतान कर दिया गया है। मिल लगातार किसानों को भुगतान कर रहा है जिससे मिल पर किसानों का बकाया भी नहीं रहेगा। अभी कुछ दिन बाद कुछ और भुगतान किया जाना है। यह पहला अवसर है जबकि किसानों को पेराई सत्र के दौरान ही भुगतान किया गया है। इससे एक ओर किसानों को फायदा हो रहा है। वहीं, मिल पर भी अधिक बोझ नहीं पड़ रहा है।

# रविवार को बंद रहा नशा उपचार केंद्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं




नशा उपचार केन्द्र पर ताला लटका हुआ।

▶▶ उपचार केंद्र पर पहुंचे दो मरीज लौटे, कहा- अवकाश से संबंधित कोई बोर्ड भी नहीं लगाई गई

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बनाया गया नशा उपचार केंद्र पर रविवार को ताले पड़े रहे जिससे कई लोग उसे बंद देख कर लौट गए। अस्पताल प्रशासन ने अभी तक रविवार के दिन अवकाश रहने की बात नहीं कही है।

जिला अस्पताल में पांच दिन पूर्व नशा उपचार केंद्र खोला गया है। नशा उपचार केंद्र भारत सरकार की ओर से खोले गए नशा उपचार केंद्र जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग में बनाया गया है। रविवार को नशा उपचार केंद्र पर ताला लटका देख दो मरीज लौट गए। मरीजों ने बताया कि उन्हें रविवार के दिन अवकाश होने की जानकारी नहीं थी। यहां पर कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है जिसे देख कर यह पता चल सके कि रविवार को केंद्र बंद रहेगा।

जिला अस्पताल में नशा मुक्ति उपचार केंद्र बन जाने का लोगों को पता लगा रहा है। वैसे वैसे नशा करने वाले लोग यहां पहुंच रहे हैं। नशे की लत से परेशान कुछ लोगों ने बताया कि यहां पर नशा छुड़ाने की क्या व्यवस्था है। इसके बारे में अभी जानकारी नहीं हुई है।

जिला अस्पताल के सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने बताया कि नशा उपचार केंद्र रविवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी स्टाफ को दे दी गयी है।

महंगाई

बारिश के बाद मंडी में आवक कम होने से बढ़े लहसुन के दाम, मार्च महीने में नया लहसुन आने के बाद मिलेगी लोगों को राहत

# लहसुन ने बिगाड़ा सब्जी का स्वाद, कीमत 400 रुपये के पार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सब्जी की बिक्री करता फुटकर विक्रेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सब्जियों पर पिछले दिनों हुई बारिश का असर देखने को मिल रहा है। इनके दामों में उतार चढ़ाव देखा जा रहा है। पहले टमाटर के दाम आसमान छू रहे थे लेकिन अब लहसुन का भाव बढ़ गया है। इसके दाम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। अब तक तीन सौ रुपये किलो बिक रहे लहसुन के दाम बढ़कर 400 रुपये प्रति किलो हो गया है। आढ़तियों और विक्रेताओं का कहना है कि आवक कम होने से दाम एकाएक बढ़ गए हैं। मार्च महीने में नया लहसुन आने के बाद ही लोगों को राहत मिल सकेंगी।

बाजार में फास्ट फूड में चटनी में लहसुन का प्रयोग ज्यादा होता है। सर्दी में आमलेट से लेकर मोमोज व विभिन्न खाद्य पदार्थ में लहसुन का खूब प्रयोग होता है। अतिरिक्त वैवाहिक कार्यक्रमों व घरों में भी लहसुन की काफी खपत है। जिले की मंडियों में अधिकतर लहसुन बाहर से ही आता है। लहसुन की मार्च में खुदाई शुरू होगी। वहीं, जिले के किसानों का लहसुन पूर्व में ही खत्म हो चुका है। मंडी में लहसुन की कमी के कारण पिछले 10 दिन में इसके रेट 300 से बढ़कर 400 रुपये के पार हो गए हैं।

### फुटकर में लहसुन 4 सौ 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

आढ़ती राकेश मौर्या और राजेंद्र साहू बताया कि क्षेत्र के किसानों का लहसुन खत्म होने से मंडी में आवक मांग की अपेक्षा कम हो गई है। 10 दिन पूर्व थोक में लहसुन 300 रुपये प्रति किलो था लेकिन, अब लहसुन के दाम थोक में 400 रुपये प्रति किलो हो गया हैं। मंडी सचिव प्रभात बताया कि जिले में लहसुन की पैदावार कम होती है। जिले में किसानों द्वारा उगाया गया लहसुन लगभग समाप्त हो गया है। जल्द ही मध्य प्रदेश से लहसुन आना शुरू हो जाएगा। इसके बाद लहसुन के दाम स्थिर हो जाएंगे।

### ये हैं अन्य सब्जियों के रेट

सब्जी विक्रेता धर्मवीर, चंद्रपाल, रामवीर, और सेवाराम ने बताया कि टमाटर की आवक कम होने के कारण पिछले कई दिन से फुटकर में 40 रुपये प्रति किलो पर दाम टिका हुआ है। अन्य सब्जियों के दामों में भी उतार-चढ़ाव जारी है। फुटकर में मटर 40, फूल गोभी 40, बंद गोभी 40, लौकी 50, बैगन 60, गाजर 30 से 40 रुपये, मेथी 80, पालक 30, बथुआ 40, शिमला मिर्च 100 रुपये, अदरक 140, हरी मिर्च 80 और हरा धनिया 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। शादी-विवाह में भी सब्जियों की मांग के कारण दामों में उतार-चढ़ाव जारी है। बताया कि लहसुन का दाम अधिक हैं। इसलिए उन्हें खरीद कर नहीं ला रहे हैं। दाम कम होने पर ही मंडी से खरीद कर बिक्री शुरू की जाएगी।




# अपहरण के बाद ई-रिक्शा चालक की हत्या

## निर्माणाधीन मकान में मिला शव, एक हफ्ते पूर्व ई-रिक्शा लेकर गया था सत्यवीर, परिजनों ने लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



चालक का शव मिलने के बाद घटनास्थल पर एसपी देहात राम मोहन सिंह।

**अमृत विचार :** चार फरवरी को लापता हुए ई-रिक्शा चालक का शव निर्माणाधीन मकान में मिला। उनके अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दिए बिना शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना मिलने पर परिजन रोते-बिलखते पहुंचे। पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। गला घोंटने से युवक की मौत होने की बात सामने आ रही है, जिससे युवक की हत्या की बात कही जा रही है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है।



मृतक सत्यवीर।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव सगराय निवासी सत्यवीर उर्फ बंटू पुत्र कुंवरपाल ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। चार फरवरी सुबह वह ई-रिक्शा लेकर सवारियां ढोने के लिए घर से निकले थे। जिसके बाद घर नहीं लौटे। परिजनों ने शाम तक तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। अगले दिन तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके सत्यवीर की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस शुरू से ही मामले को हल्के में ले रही थी। पुलिस ने मुजरिया चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इसमें वह ई-रिक्शा में एक व्यक्ति को बैठाकर सहसवान की ओर जाते नजर आए। जिसके बाद न तो पुलिस ने कॉल डिटेल खंगाली और न ही लोकेश ट्रेस की। परिजन और ग्रामीण सात फरवरी को थाना मुजरिया पहुंचे। पुलिस पर मामले की अनदेखी और लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने अनहोनी की आशंका व्यक्त की। पुलिस ने युवक को बरामद करने का आश्वासन देकर उन्हें टरका दिया।

शनिवार को सत्यवीर का ई-रिक्शा इस्लामनगर मार्ग पर खंती में पड़ा मिला था। पुलिस ने ई-रिक्शा थाने में खड़ा कराया। तब जाकर सही से जांच शुरू की।

रविवार को किसी ने पुलिस को थाने से कुछ ही दूरी पर बिजली घर के पास एक निर्माणाधीन मकान में युवक का शव पड़े होने की सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह मौके पर पहुंची। उन्होंने लापता सत्यवीर के फोटो से मिलान किया। शव सत्यवीर का ही निकला। उन्होंने उच्चाधिकारियों को सूचित किया। एसपी देहात राम मोहन सिंह, सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह और एसओजी मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया। परिजन विलाप करते हुए पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। मृतक के चाचा संजीव और परिजनों ने प्रभारी निरीक्षक और थाने के पुलिसकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। ई-रिक्शा और शव अलग-अलग स्थान पर मिलना हत्या की ओर इशारा कर रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की रस्सी से गला दबाकर हत्या की बात सामने आई है।

- गला घोंटकर की गई थी चालक की हत्या, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई पुष्टि
- आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, कुछ संदिग्धों को लिया हिरासत में

> ई-रिक्शा चालक चार फरवरी से लापता चल रहा था। रविवार को उसका शव निर्माणाधीन मकान में मिला है। गला घोंटकर हत्या की बात सामने आ रही है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। हालांकि कुछ संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
> – राम मोहन सिंह, एसपी देहात।

# गांव में घूम रहे सांड़ पर भाले से किए कई प्रहार, मौत

संवाददाता, बिसौली

- ग्रामीण की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, गांव से फरार हुआ आरोपी

**अमृत विचार :** पशुओं के प्रति क्रूरता करने के आरोपियों के खिलाफ लगातार रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद भी हिंसक कृत्य कम नहीं हो रहे हैं। इसी तरह कोतवाली बिसौली क्षेत्र का एक और मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने भाला घोंपकर सांड़ को मार दिया। ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उसकी तलाश में जुट गई है।

सांप, चूहे, कुत्ते, बंदर आदि को मारने पर पहले भी रिपोर्ट होती रही हैं। शनिवार को बिसौली क्षेत्र के गांव सिचौली निवासी महेश पुत्र राम सिंह ने तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके गांव में सांड़ घूमता था। शनिवार शाम लगभग सवा छह बजे गांव निवासी बंगाली पुत्र झंडू ने सांड़ पर भाला से प्रहार करते हुए दौड़ाया। ग्रामीण ने घटना देखी। कुछ समय के बाद सांड़ ने दम तोड़ दिया। पशु अस्पताल में सांड़ का पोसटमार्टम कराया गया। ग्रामीणों ने गड्ढा खुदवाकर सांड़ को दफन कर दिया। पुलिस ने आरोपी बंगाली के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम और जानवर की हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। जिसके बाद से आरोपी भाग गया है।

**स्कूल बस ने कुत्ते को कुचला:** थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव हतरा मार्ग पर पशु क्रूरता का वीडियो वायरल हुआ है। सड़क पर बैठी एक कुतिया को स्कूल बच ने कुचल दिया। कुतिया की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लोगों ने स्कूल प्रबंधन से बस के चालक की शिकायत की लेकिन उन्होंने धमकाकर भगा दिया। मामले की जानकारी होने पर पीपल्स फॉर एनिमल्स के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा ने सोशल साइट एक्स पर शिकायत की है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### सफाईकर्मी के नहीं आने से गांव में फैली गंदगी

**दबतरा।** आसफपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत परसिया में सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते गंदगी एवं कीचड़ से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। सफाई कर्मचारियों की हठधर्मिता के चलते दबतोरी बिसौली मुख्य मार्ग से सटे गांव परसिया में अंदर जाने वाले रास्ते पर नालियों में गंदगी भरी हुई है। गंदगी होने के कारण मच्छर एवं कीटाणु पनप रहे हैं। सफाई कर्मचारियों ने अपने स्थान पर अन्य युवकों को लगा रखा है, जो कभी सफाई करने नहीं आते हैं।

गांव की नालियां गंदगी के कारण बजबजा रही हैं। भारी गंदगी से बदबू आ रही है। छोटे बच्चे स्कूल जाते समय गंदगी में सन जाते हैं, जिससे उनके कपड़े खराब होते हैं। ग्राम प्रधान से सफाई कराने की मांग की गयी फिर भी गांव में कहीं भी सफाई नहीं कराई गई है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

### बस के चालक और परिचालक में मारपीट

**बदायूं।** दिल्ली जा रही अनुबंधित बस के चालक और परिचालक में थाना वजीरगंज क्षेत्र में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। बात बढ़ी तो दोनों में मारपीट शुरू हो गई। मामला सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के पास पहुंचा है। गांव बनकोटा के पास कुछ लोगों ने बस रुकवाकर मारपीट भी की। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने जांच कराकर कार्रवाई करने की बात कही है।

### प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 129 बच्चे

**बदायूं।** रविवार को शहर के लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल ने प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 129 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों के साथ आए अभिभावकों ने स्कूल का भ्रमण किया। स्कूल अध्यक्ष वेदव्रत त्रिवेदी ने बताया कि जो बच्चे परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे और बसंत पंचमी से पहले या उस दिन तक नामांकन करेंगे।

# फसल की रखवाली को गए किसान का खेत पर मिला शव

संवाददाता, बिल्सी



मृतक लाल बहादुर सक्सेना।

**अमृत विचार :** फसल की रखवाली को खेत पर गए किसान का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली बिल्सी के गांव बैरमई बुजुर्ग निवासी लाल बहादुर सक्सेना (55) खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। वह रोज शाम को फसल की रखवाली के लिए खेत पर जाते थे। शनिवार शाम भी वह खेत पर गए थे लेकिन सुबह तक घर नहीं लौटे।

रविवार को ग्रामीण खेत पर गए तो खेत किनारे उनका शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने उनके परिजनों को सूचना दी। उनकी बेटी निशा सक्सेना समेत अन्य परिजन रोते-बिलखते खेत पर पहुंचे। पुलिस भी आ गई। लाल बहादुर सक्सेना के शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिल्सी इंस्पेक्टर ब्रजेश सिंह ने बताया कि खेत पर एक किसान का शव मिला है। प्रथम दृष्टया तो आत्महत्या लग रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



किसान की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजन।

- शनिवार रात रखवाली करने खेत पर गए थे गांव बैरमई बुजुर्ग निवासी लाल बहादुर सक्सेना
- मृतक के शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान, पुलिस बता रही है आत्महत्या, फिलहाल जांच में जुटी

# पेड़ से टकराया टेंपो, छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** छत्तीसगढ़ के मजदूरों को ईंट-भट्ठे पर ले जा रहा टेंपो शनिवार देर रात बिल्सी मार्ग पर अनियंत्रित हो गया। सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत सही बताई जा रही है। रविवार को दोनों का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



मृतक रहसराम।

छत्तीसगढ़ राज्य के थाना बड़ौदा बाजार और कसडौल क्षेत्र के गांव में रहने वाले कुछ मजदूर अपने परिवार के साथ बिल्सी मार्ग स्थित गांव भरकुंइया स्थित वीरपाल के ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। कुछ दिनों पहले वह लोग घर गए थे। शनिवार देर रात बस से डिपो चौराहे पर उतरे। जहां ईंट भट्ठे तक जाने के लिए टेंपो बुक किया। टेंपो में चालक समेत 13 लोग और बच्चे बैठकर जा रहे थे। बदायूं-बिल्सी मार्ग पर गांव कुरऊ के आगे मोड़ के पास टेंपो अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। छत्तीसगढ़ के जिला बड़ौदा बाजार क्षेत्र के गांव खजुरिया निवासी रहसराम (40) पुत्र जागन सिंह पटेल, छत्तीसगढ़ के थाना कसडौल क्षेत्र के गांव चितपोल निवासी रामकिशन (40) पुत्र खेदीराम पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छत्तीसगढ़ निवासी गंगा, गंगोत्री, किशन व उनके पिता तेरस, सुशीला पत्नी रामकृष्ण, नीतेश, कामिनी, गणेश्वरी घायल हो गए। मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। सभी को जिला अस्पताल ले लाया गया, जहां चिकित्सक ने रहसराम और रामकिशन को मृत घोषित कर दिया। आठ घायलों को भर्ती किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर दोनों शव परिजनों को सौंप दिए।

सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई थी। हादसे के कारण की जानकारी की जा रही है। तहरीर प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- शनिवार रात कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में बिल्सी मार्ग गांव कुरऊ मोड़ पर हुआ हादसा, आठ घायल



घायल सुशीला के पास बैठे घायल नीतेश व कामिनी। ● अमृत विचार



शनिवार देर रात बिल्सी मार्ग पर पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त टेंपो।



घायल किशन।



हादसे में घायल तेरस।



घायल गंगोत्री।



घायल गणेश्वरी।

# गोवंश के शव को नोच रहे कुत्ते, आ रही दुर्गंध

**कादरचौक, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनियाई जैतपुर पुख्ता में कोई गोशाला नहीं हैं। यहां पर दर्जनों गोवंश इधर-उधर घूम रहे हैं। बीमार गोवंश दम तोड़ रहे हैं, जिनका उपचार नहीं कराया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां गोशाला के न होने से पशुओं की दुर्दशा हो रही है। दो दिन पहले एक बीमार गाय की मौत हो गयी। जिम्मेदारों को गाय के शव को दफवाने को कहा गया। मगर उसका शव खुले में फेंक दिया गया। इससे अब शव को कुत्ते नोच कर खा रहे हैं। शव से दुर्गंध आ रही है। गांव के लोगों ने सचिव व प्रधान की शिकायत जिला प्रशासन से की है। ग्राम पंचायत में गोशाला बनाए जाने की मांग की है।

# दिन में धूप तो रात में सर्दी कर रही परेशान

कार्याय संवाददाता, बदायूं

- पिछले तीन दिनों से बदला है हवा का रूख, खिल रही है चटक धूप
- सोमवार से मौसम बदलने के बनेंगे आसार, हो सकती है बारिश

**अमृत विचार:** पिछले दिनों हुई बारिश के बाद ठंडी हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया लेकिन तीन दिनों से आसमान एक दम साफ है। दिन में चटक धूप खिल रही है लेकिन सुबह और शाम को सर्दी अभी परेशान कर रही है। कृषि अधिकारी मौसम में परिवर्तन होने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनके अनुसार मंगलवार से बारिश का दौर शुरू हो सकता है। दो से तीन दिनों तक बरसात हो सकती है। वहीं, रविवार को सुबह से चटक धूप खिलने से तापमान में कोई अंतर नहीं आया है। अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 12 पर टिका हुआ है।

जनवरी माह के दौरान कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। स्थिति ऐसी बन गई थी कि दिन के समय सूर्य के दर्शन होने दुर्लभ हो गए थे। वातावरण में घना कोहरा छाया रहता था। फरवरी माह के शुरू होते ही लोगों को बारिश ने दिक्कतें पैदा कर दीं। तीन दिनों तक हल्की बारिश होती रही। इसके बाद मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। सुबह के समय घना कोहरा रहने के बाद दिन में धूप खिलने लगी लेकिन ठंडी हवाओं ने परेशान करके रख दिया। अब पिछले तीन दिनों से हवाओं का रूख बदला है। करीब एक से दो किलोमीटर की रफ्तार से ही हवाएं चल रही हैं। रविवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा। चटक धूप खिली। चूंकि छुट्टी का दिन होने की वजह से लोगों की दिनचर्या घर के कामकाज निपटाने में बीती। दिन के समय चटक धूप खिलने के बावजूद तापमान में कोई अंतर नहीं आया है। दिन गर्म होने के बाद रात में सर्दी अब भी बरकरार है। गलन लोगों को परेशान कर रही है। इधर, कृषि अधिकारी मंगलवार से बारिश होने का अंदेशा जता रहे हैं। दो से तीन दिनों तक बारिश का मौसम रह सकता है।

# एडिट करके फोटो बनाया, किया वायरल

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला शाहजहांपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाना उसावां पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग एक साल पहले वह अपनी मौसेरी बहन की शादी में उसावां क्षेत्र के एक गांव में आई थी। जहां नन्हे नाम के युवक ने उसके फोटो खींचे। किसी तरह उसका मोबाइल नंबर ले लिया। अलग-अलग नंबरों से फोन करता है। विरोध करने पर गाली देता है। आरोप लगाया कि नन्हे ने उसका फोटो एडिट करके आपत्तिजनक बनाया और सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। किसी ने युवती को फोन करके जानकारी दी तो युवती ने पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच हो रही है।

# बकाया मांगने पर कराई अपहरण की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- इस्लामनगर निवासी सुगड़पाल ने 1.60 लाख में बेचा ट्रैक्टर, 60 हजार रुपये मिले नगद व बाकी उधार
- कोर्ट की शरण में गया पीड़ित ट्रैक्टर खरीदने वालों पर लगाया झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** संभल निवासी दो भाइयों ने एक किसान का ट्रैक्टर 1.60 लाख रुपये में खरीदा। 60 हजार नगद दे दिए और एक लाख रुपये 10 दिन में देने की बात हुई, जिसके बाद दोनों भाई मुकर गए। आरोप है कि पुलिस से मिलकर ट्रैक्टर मालिक, उनके पिता और भाई के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर दो भाइयों समेत 4 पर रिपोर्ट कराई है।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी सुगड़पाल ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपना ट्रैक्टर 28 सितंबर 2023 को जिला संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव नंदपुर निवासी शिवराज उर्फ सौराज पुत्र कल्यान सिंह को एक लाख 60 हजार रुपये में बेचा था। शिवराज ने उन्हें 60 हजार रुपये दिए। बाकी के 10 लाख रुपये 10 दिन के भीतर देना तय हुआ। साथ ही यह भी कहा गया था कि ट्रैक्टर के लोन के रुपये शिवराज और उनके भाई ओमवीर जमा करेंगे। इसके बाद भी किस्त के रुपये जमा नहीं किए तो सुगड़पाल को किस्त जमा करनी पड़ी। दोनों भाइयों ने एक लाख रुपये भी नहीं दिए। 17 अक्टूबर को गांव सकतपुर में पंचायत हुई, जिसमें शिवराज, ओमवीर, डॉ. दिनेश और चंद्रभान आकर ट्रैक्टर देने को राजी हो गए। बाद में वह मुकर गए।

आरोप है कि ओमवीर ने पुलिस से सांठगांठ करके सुगड़पाल, उनके पिता सुंदर व भाई ओमपाल के खिलाफ शिवराज के अपहरण की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया। कोर्ट के आदेश पर इस्लामनगर पुलिस ने संभल निवासी शिवराज उर्फ सौराज, ओमवीर, चंद्रभान और डॉ. दिनेश के खिलाफ विश्वास के हनन के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

## अव्यवस्था

### यहां कॉलोनी में एक स्कूल के बाहर हमेशा रहता है जलभराव, मोहल्लेवासी भुगत रहे हैं खामियाजा

# मधुवन कॉलोनी में जलभराव से हालात हुए बदतर, नारकीय जीवन जी रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में गंदगी और जलभराव की समस्या से लोग हर समय परेशान रहते हैं। पालिका प्रशासन की अनदेखी का खामियाजा शहर के लोग भुगत रहे हैं। शहर की मधुवन कॉलोनी में इन दिनों नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों एवं अन्य लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने पालिका के जिम्मेदारों से बात भी की मगर स्थिति वही ढाक के तीन पात वाली रही।

शहर का मधुवन कालोनी मोहल्ला बारिश में तो तालाब के रूप में नजर आता है। इन दिनों भी स्थिति बद से बदतर है। मधुवन कॉलोनी से रेलवे स्टेशन को जाने वाली सड़क पर जलभराव रहता है। इस सड़क के दोनों ओर बने नाले बंद हैं। नालों के पानी का आगे कहीं निकास नही है इसलिए पानी सड़कों पर ही भरा रहता है। स्थिति यह है कि इस रोड पर सुबह को जलभराव रहता है। स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे किसी तरह निकले पाते हैं। वाहनों के निकलने से बच्चों की ड्रेस खराब हो जाती है। मोहल्ले के लोग भी नाले के गंदे पानी से होकर ही आते जाते हैं। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि सड़क पर जलभराव को लेकर नगर पालिका प्रशासन को कई बार शिकायत भी की गयी।



सड़क पर बह रहा नाले का गंदा पानी। ● अमृत विचार



सड़क के निकट लगा गंदगी का ढेर। ● अमृत विचार

### तालाब पर कब्जा, पानी निकासी को जगह नहीं

महिलाएं पालिका के जिम्मेदारों से मिली और नारकीय स्थिति के बारे में जानकारी भी दी मगर किसी ने ध्यान नही दिया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि एक स्कूल से आगे एक तालाब था। उस तालाब में नाले का पानी गिरता था। कुछ सत्ताधारी लोगों ने उस तालाब पर कब्जा कर निर्माण करा लिया जिससे तालाब बंद हो गया अब नाले का पानी भी उधर नहीं जा पा रहा है जिससे नाले नालियों का पानी सड़कों पर ही बहता रहता है। इससे लोगों को व अन्य को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



मधुवन कॉलोनी में मुख्य सड़क पर हर समय गंदा पानी जमा रहता है जिससे इधर से निकलने वालों एवं मोहल्ले के लोगों को भारी परेशानी होती है। कई बार शिकायत की गयी मगर किसी ने नहीं सुनी।
–मुनीश चंद्र एडवोकेट।



हमारे घरों के आगे पानी भरा रहता है। हम लोग परेशान रहते हैं। गाड़ियों के निकलने पर गंदे पानी के छींटे आते हैं। नाले सड़क पर बह रहा है। नाली की सफाई नहीं की जाती है। स्थायी समाधान हो।
–रामसुमन।



इस सड़क के आगे आखिरी छोर पर एक तालाब था, उस पर नेताओं ने अपने मकान बना लिए इसलिए नाले के पानी का निकास बंद हो गया। नगर पालिका प्रशासन कुछ करने को तैयार नही है।
–आशीष सक्सेना एडवोकेट।



सुबह को दुकान पर आने वा छोटे बच्चे सड़क पर भरे पानी में सन जाते हैं। महिलाओं के कपड़े गंदे पानी से खराब होते हैं। यहां पर हर समय जलभराव रहने से लोग परेशान हैं।
–रामसिंह।

# पिकअप व ट्रैक्टर-ट्राली में भिड़ंत, 21 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हादसे के बाद मची चीख-पुकार
- चार लोगों की हालत गंभीर

**अमृत विचार :** थाना वजीरगंज क्षेत्र में एक पिकअप गन्ने लदी ट्रैक्टर-ट्राली में टकरा गई। मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे में 21 लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिनका इलाज चल रहा है।

वजीरगंज क्षेत्र के गांव कर्र निवासी संतोष अपने परिवार में एक बालक का मुंडन कराने के लिए किराये पर पिकअप बुक कराने के लिए जा रहे थे। थाना वजीरगंज क्षेत्र में मुरादाबाद-फर्रूखाबाद राजमार्ग पर सामने से आई गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने वाहन में टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। इसके बाद आसपास के लोग जुट गए, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया। हादसे में पूजा, दीपांशु, विक्की, संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि भोजपाल, अरूण, बुद्धू, अवनीश, वीरो, निमिशा, सुनील, अंशू, राजकुमारी, बुद्धू, अंशू, गौरवी, अभियांश, राजू, केशव, शीशपाल, कर्मवीर, धर्मेंद्र, सरिता को मामूली रूप से चोटें आई। गंभीर रूप से घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें

1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।



5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720

निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली


# स्नेहा और सेजल ने बनाए सबसे अच्छे कार्ड

कार्यालय संवादाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में युवा महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कार्ड मेकिंग, गीत गायन एवं त्वरित भाषण प्रतियोगिता कराई गई। डॉ. शशि प्रभा और डॉ. ज्योति विश्नोई के निर्देशन में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें स्नेहा पांडेय व छाया को पहला, सत्यम दीक्षित व आमरीन को दूसरा स्थान मिला। गायन प्रतियोगिता में सेजल मिश्रा ने पहला और छाया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। डॉ. नीरज कुमार और डॉ. सचिन राघव के निर्देशन में त्वरित भाषण प्रतियोगिता हुई। अनूप सिंह व इशराक अहमद को पहला, विकास कुमार को दूसरा स्थान हासिल हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने की। डॉ. राकेश कुमार जायसवाल, डॉ. बबिता यादव, डॉ. सारिका शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, संजीव शाक्य, आर्यन गुप्ता, विपिन कुमार, अराध्या, शिवांगी सक्सेना आदि मौजूद रहे।



विद्यार्थियों द्वारा बनाए कार्ड का अवलोकन करते प्रवक्ता।

▸▸ आवास विकास स्थित डिग्री कॉलेज में मनाया जा रहा युवा महोत्सव

# दस गांवों में बनेंगे सामुदायिक भवन

## लगभग चार लाख की लागत से बनाए जाएंगे, मिलेगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक कार्यक्रम या शादी समारोह का आयोजन करने के लिए ग्रामीणों को अब दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। दस से अधिक गांवों में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। करीब चार लाख की लागत से एक भवन को बनाया जाना है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से सिडको (यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड) को कार्य कराने के लिए नामित किया है।

नागरिकों को सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक स्थान उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक भवनों का महत्व किसी से छिपा नहीं है। हर गांव और शहर के मोहल्ले में ऐसे कार्यक्रमों के लिए सुविधायुक्त स्थान की जरूरत पड़ती है। जहां लोग शादी-विवाह समारोह कर सकें। उनके घर आने वाली बरात को ठहरा सकें या फिर कुछ अन्य रचनात्मक कार्यक्रम कर सकें। गांवों के लोगों को यही सहूलियत प्रदान करने के लिए दस से अधिक गांवों में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। एक भवन को करीब चार लाख की लागत से बनाया जाना है। इसके लिए कार्यदायी संस्था के तौर पर शासन की ओर से सिडको फर्म को नामित किया गया है। जल्द ही गांवों में इनका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

### 40 लाख से अधिक का बजट जारी

शासन द्वारा सामुदायिक भवन के लिए करीब चालीस लाख से अधिक का बजट जारी किया गया है। सामुदायिक भवन समाज कल्याण विभाग की निगरानी में बनाए जाने हैं। शासन की ओर से समाज कल्याण विभाग को नोडल बनाया गया है। इन भवनों के बन जाने से ग्रामीणों को सहूलियत मिलेगी। शादी विवाह समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम करने लिए इन्हें स्थानों की तलाश करने लिए ग्रामीणों को यहां-वहां भटकना पड़ता था। इसके लिए उन्हें ज्यादा खर्चे करने पड़ते थे। मगर इन भवनों के बन जाने से ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। शादी समारोह के लिए वह आसानी से इन भवनों को बुक करा सकेंगे।

### इन ब्लॉकों के गांवों का किया गया चयन

ब्लॉक सालारपुर के ललेई, कुनार, जगत ब्लॉक के पस्ता, नरऊ बुजुर्ग, इस्लामनगर के अल्लीपुर चाचीपुर, वजीरगंज के दौलतपुर, उसावां के टिकरी पुख्ता, म्याऊं के अल्लापुर पट्टी चांदी फाजिल, आसफपुर के तखौरा और अहरौली गांवों में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा।

▸▸ सामुदायिक भवन में कराए जा सकेंगे शादी समारोह के आयोजन

"दस से अधिक गांवों में सामुदायिक भवन बनाए जाने हैं। बजट मिल चुका है। इनका निर्माण कार्य सिडको द्वारा किया जाएगा। जल्द ही कार्य शुरू होगा।
– **राम जनम**, समाज कल्याण अधिकारी।"

# गुलड़िया क्षेत्र में वन विभाग ने की नाकेबंदी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ विभाग की टीम भी सक्रिय पुलिस के साथ लगाई गश्त

▸▸ तेंदुआ दिखने के बाद भयभीत हैं चार गांव के ग्रामीण

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र में तेंदुआ मिलने के बाद ग्रामीणों ने रात को फसलों की रखवाली भी बंद कर दी है। वन विभाग की टीमें गश्त कर रही हैं।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया में तीन दिन पहले ईख के खेत में तेंदुआ देखा गया था। तेंदुए ने गुलड़िया गांव की तीन गायों को भी निवाला बना लिया था। खेतों में तेंदुआ होने की आशंका व्यक्त की गई थी। ग्रामीणों के साथ वन विभाग की टीमें गुलड़िया गांव की ईखों में करीब चार घंटे तक रहीं। रविवार को टीमों ने कई खेत खंगाले। ग्रामीणों के बताए स्थानों पर देखा गया। कहीं भी कुछ नहीं मिला। उधर, पुलिस ने गांव को जाने वाले मुख्य रोड पर गश्त बढ़ा दी है। ग्रामीणों को हिदायत दी है कि वह लोग रात के समय फसलों की रखवाली करने को न जाएं। तेंदुआ के भय से शाम होते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं। अपने पशुओं को भी अंदर बांध रहे हैं जिससे रात में तेंदुआ उन पर हमला न कर दे। करीब आठ हजार की आबादी वाले इस गांव में जूनियर से लेकर इंटर कॉलेज तक हैं। कई परिवारों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजना भी बंद कर दिया है।

### रात में जाग कर पशुओं की कर रहे देखभाल

उधर, पड़ोस के गांव लखनपुर में भी तेंदुआ का भय बना हुआ है। इस गांव के लोग भी रात को खेतों पर नहीं जा रहे हैं। गोवंशों से फसलों को बचाने के लिए लोग रात रात भी खेतों पर रहते हैं मगर तीन दिन से ग्रामीण खेतों पर नहीं पहुंच रहे हैं। किसरूआ, लखनपुर, करौलिया, सोवरनपुर, औरामई आदि गांवों में भी तेंदुआ का भय बना हुआ है। इन गांवों में ग्रामीण रात भर जाग कर अपने पशुओं की रखवाली कर रहे हैं।

### ईख के खेत में छिपा है तेंदुआ

वन विभाग की रेंजर आकांक्षा ने बताया कि वन विभाग की टीम दो दिन से गांव के खेतों में दौड़ रही है। ईख की खेतों को देखा गया है। यदि तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस हो जाती है तो पिंजरा लगा दिया जाएगा। वैसे ग्रामीणों के बताए अनुसार तेंदुआ ईख के खेतों में ही होगा। क्योंकि यहां पर ईख के खेत अधिक है इसलिए छिपने के लिए तेंदुआ ने इन्हीं ईखों को ठिकाना बनाया होगा। आकांक्षा ने बताया कि पुलिस की भी मदद ली गयी है। गांव के लोग भी सहयोग कर रहे हैं।

## 168 विद्यार्थियों को बांटे स्मार्टफोन



**बदायूं।** कस्बा ककराला स्थित मुस्लिम (पीजी) कॉलेज में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि रहे भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों में स्मार्टफोन वितरण किए। स्वामी विवेकानंद तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्नातक अंतिम वर्ष के 168 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिया गया। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि शासन की योजना से सभी विद्यार्थियों का तकनीकी सशक्तिकरण होगा। कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार का एक ही उद्देश्य है।बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं को सभी तक पहुंचाना। इस अवसर पर महाविद्यालय डॉ.भरतेंदु मोहन, मुहम्मद शोएव,आदित्य मिश्रा, मुहम्मद सलीम, हाज़िर खान, ज़ीशान खान आदि मौजूद रहे।

## 134 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**उझानी।** बदायूं के एपीएस इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को प्रवेश परीक्षा हुई। इसमें 134 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने स्कूल का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। पूर्व घोषणा के अनुसार विद्यालय में रविवार को प्रवेश के लिए बच्चों को बुलाया गया था। स्कूल प्रबंधन द्वारा उनकी प्रवेश परीक्षा कराई गई। इसमें 134 बच्चे अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा देने पहुंचे। प्रधानाचार्य रविंद्र भट्ट ने इसकी जानकारी दी।

# पाइपलाइन डालकर सड़क खोदी छोड़ी

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम यूसुफ नगर में प्रवास किया और ग्रामीणों के साथ बैठक कर केंद्र व यूपी सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास परक योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया।

यूसुफ नगर पहुंचे अनेक पाल सिंह द्वारा घरों में ग्रामीणों से मुलाकात की गयी और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मिलने वाले लाभ के संदर्भ में जानकारी हासिल की। गांव में ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को देखा। समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही। ग्रामीणों ने गांव की प्रमुख समस्या छुट्टा गोवंश से परेशानी बताई। गांव में जल जीवन के तहत पाइपलाइन डाली जा रही है। ठेकेदार ने गलियां खुदवा कर छोड़ दी हैं। कार्य बंद पड़ा है। ब्लॉक प्रमुख पति ने सड़क को जल्द ठीक कराने का आश्वासन दिया।

▸▸ रात्रि प्रवास के दौरान भाजपा नेता ने सुनीं समस्याएं, दिया आश्वासन

## माता पिता व गुरुजनों का किया सम्मान



**उसहैत।** शिवाजी स्कूल में मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। माता पिता को फूल माला पहना कर बच्चों ने उनसे आशीर्वाद लिया। नगर के शिवाजी शिक्षा निकेतन पब्लिक स्कूल संचालक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक प्रमोद कुमार, बृजेश यादव, भूपेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव, कमल चौधरी, अजरा, मुस्कान हारूनी, साक्षी, चक्र मुस्कान शाक्य, रोहित यादव आदि रहे।

## छात्राओं ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति



**उझानी ।** भदवार गर्ल्स इंटर कॉलेज में 11वीं की छात्राओं द्वारा 12वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में कॉलेज के अध्यक्ष राजन मेहंदी रत्ता ने कार्यक्रम का आरंभ कराया। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 11वीं की छात्राओं ने 12वीं की छात्राओं को उपहार तथा टाइटल भेंट किए और रैंप वॉक कराई। छात्राओं में से मिस फेयरवेल सुहाना खान, मिस सिंपल आरती, मिस बटरफ्लाई निधि यादव, मिस इंटेलिजेंट अंशिका साहू, मिस रेगुलर सुरभि साहू आदि को क्राउन तथा उपहार भेंट करके टाइटल पहनाए गए। दो छात्राओं जया अंसारी, हुदा खान को वेस्ट हेल्पिंग जोड़ी का अवार्ड दिया गया तथा 11वीं की छात्राओं द्वारा 12वीं की अध्यापिका नीरू कश्यप को और 12वीं की छात्राओं द्वारा 11वीं की अध्यापिका पूजा अदलखा को उपहार दिए गए। अन्य सभी स्टाफ को उपहार दिए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य सुजाता सक्सेना ने सभी की सराहना की।

## भक्तों ने चोला चढ़ाकर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**बिल्सी।** नगर के तहसील मोड़ स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर पर शनिवार को नगर की श्री बालाजी भक्त मंडली के पदाधिकारियों द्वारा बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार कर विशेष चोला चढ़ाया। इसके बाद यहां बाबा के भक्तों ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद बाबा का भोग लगाया गया। आरती के अलावा यहां हनुमान चालीसा का पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। उसके बाद यहां सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर उदयराज कोहली, सौरभ देवल, निशान्त देवल, जितेन्द्र शर्मा, रितिक आदि मौजूद रहे। इधर नगर के बंबा चौराहे के निकट स्थित शिव शक्ति भवन मंदिर, सिरासौल रोड स्थित श्री संकट मोचन दरबार एवं गुधनी खौसांरा स्थित श्री बालाजी मंदिर पर भी भक्तों द्वारा हनुमान बाबा पर चोला चढ़ाकर पूजा-अर्चना की।

## विवेक खुराना बने जिला अध्यक्ष, महामंत्री राहुल

**बदायूं।** नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट्स जिला कार्यकारिणी का रविवार को गठन गया। कार्यकारिणी का संगठन के प्रदेश मंत्री/सचिव सचिन भारद्वाज यशोधन की मौजूदगी में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी वरिष्ठ समाजसेवी रविन्द्र मोहन सक्सेना की निगरानी में समस्त निर्वाचन गतिविधियां संपन्न हुईं। इसमें विवेक खुराना को जिला अध्यक्ष और राहुल सक्सेना को संगठन का महामंत्री सर्वप्रथम सर्वसम्मति से चुना गया। इनके अलावा सुशील धींगड़ा, आशु बंसल को संरक्षक चुना गया। इस मौके पर राजकमल गुप्ता, अमित अग्रवाल, अनूप चौहान, विशाल साहू आदि मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव



डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


# लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने का करें प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के आह्वान पर युवा कांग्रेस कोऑर्डिनेटर शफी अहमद के नेतृत्व में ब्लॉक जगत के गांव लाही फरीदपुर में बैठक कर कार्यकारिणी का गठन किया गया।

रविवार को गांव लाही फरीदपुर में ब्लॉक अध्यक्ष मोरध्वज राजपूत की अध्यक्षता में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। मुख्यातिथि उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह राठौर एवं जिला सचिव प्रभारी अशोक कश्यप भी मौजूद रहे। शफी अहमद, प्रदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह राठौर ,जिला सचिव अशोक कश्यप ने कहा कि युवाओं को रोजगार देना हो, किसानों को एमएसपी देनी हो या छोटे व्यापारियों को लाभ देना हो, देखा जाए तो किसी भी वर्ग को बीजेपी ने सुविधा नहीं दी है। देश में आम आदमी के लिए सबसे बड़ी समस्या महंगाई की है। उन्होंने कहा कांग्रेस को लोकसभा में बहुमत कैसे मिले। इसके लिए हम सभी को सौ दिन देने होंगे। ब्लॉक अध्यक्ष मोरध्वज राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। जिला सचिव ब्लॉक प्रभारी अशोक कश्यप ने कमेटी को अनुमोदन हेतु प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह को संतुति को भेजा है।

## मोक्ष धाम पर कराई बेंच व इंवर्टर की व्यवस्था

**बिल्सी, अमृत विचार :** कछला गंगा घाट पर मोक्षधाम भागीरथी घाट के नाम से श्मशान घाट बनाया गया है। यहां तख्त, इन्वर्टर व अन्य साधन मुहैया कराए गए हैं।

मोक्षधाम में अंतिम संस्कार करने को साथ आने वाले लोगों की सुविधा के लिए दो बड़े हॉल एवं लेट्रिन बाथरूम की व्यवस्था है। कर्मचारियों के लिए ऑफिस बना हुआ है लेकिन अंतिम क्रियाकर्म के समय लोगों के खुले में बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से परेशानी होती थी। बिल्सी के प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम के महंत मटरुमल शर्मा ने मोक्षधाम पर पांच स्टील बेंच और 2 लकड़ी के तख्त और कार्यालय के लिए इंवर्टर की व्यवस्था कराई है।

# चुनाव जिताने को कार्यकर्ताओं के साथ बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लखनऊ में आयोजित होने वाले सहकारी महासम्मेलन को सफल बनाने एवं लोकसभा चुनाव को जिताने के लिए भाजपा कार्यालय पर बैठक कर रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्य अतिथि अध्यक्ष उ.प्र. को-ऑपरेटिव यूनियन सुरेश गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, डीसीबी चेयरमैन जे.के. सक्सेना ने संबोधित किया।



भाजपा कार्यालय पर बैठक करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

कोऑपरेटिव यूनियन सुरेश गंगवार ने कहा फरवरी माह के अंत में सहकारी महासम्मेलन लखनऊ में आयोजित होगा, जिसमें जनपद के सहकारिता से जुड़े चेयरमैन, सभापति, उपसभापति, सदस्य व हजारों कार्यकर्ता जाएंगे। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में कमजोर बूथों को जिताने की जिम्मेदारी केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व ने सहकारिता को सौंपी है। कमजोर बूथों पर कमल खिलाने के लिए डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना को जिला प्रभारी बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता , सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना ने कहा कि सहकारिता ही मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी।

▸▸ लखनऊ में होने वाले महासम्मेलन को लेकर की चर्चा

## शहर में आज

- जिले में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पखवाड़े के तहत गांव-गांव जन पंचायत कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 10
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराहपरिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- बौद्ध कथा का वाचन सहावर के गांव नगला वन में दोपहर 12 बजे से।

## एक नजर

### गंजडुंडवारा पुलिस ने वारंटी किया गिरफ्तार

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर न्यायालय से फरार से चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी नेमपाल उर्फ बटकन निवासी ग्राम बहोटा थाना गंजडुंडवारा मारपीट के मामले में न्यायालय से फरार से चल रहा था। जिसे पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से जेल अग्रिम कार्रवाई की गई है।

### पेंशनर अपने प्रपत्र शीघ्र कोषागार में जमा कर दें

**कासगंज।** वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि जो पेंशनर अपनी पेंशन जिला कोषागार कासगंज से प्राप्त कर रहे हैं। आयकर की परिधि के अन्तर्गत आते हैं, वे अपने बचत विनियोग संबंधी प्रपत्र पेन कार्ड एवं बैंक पासबुक की सत्यापित छायाप्रति कोषागार में शीघ्र जमा करा दें। जिससे उनके आयकर की गणना कर फरवरी माह की पेंशन का भुगतान समय से किया जा सके।

### पटियाली थाना पुलिस ने वारंटी दबोचा

**कासगंज।** पटियाली कोतवाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि वारंटी अनिल निवासी ग्राम घौसगंज थाना पटियाली को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ न्यायालय से वारंटी जारी था।

### वार्षिकोत्सव 16 को

**सोरोंजी।** तीर्थनगरी के चंदन चौक स्थित एसजीएम जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव 16 फरवरी को मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव दोपहर दो बजे से हरि की पौड़ी स्थित पर्यटक आवास गृह में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्रबंधक श्रीभगवान उपाध्याय ने अभिभावकों से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

# आज कासगंज-एटा हाईवे और बरेली मथुरा रेलवे यातायात रहेगा बाधित

## कासगंज-मथुरा रेल लाइन के नदरई में सोमवार से शुरू होगा दूसरे अंडरपास का निर्माण

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**



कासगंज-एटा हाईवे स्थित नदरई के पास बना पुराना अंडरपास।

**अमृत विचार :** कासगंज-एटा हाईवे पर नदरई का अंडरपास मुसीबत बन हुआ है। यहां जरा सी बारिश होने पर जलभराव हो जाता है। दूसरे इसमें ऊंचाई वाले वाहन फंस जाते हैं। अंडरपास में जलभराव होने या किसी वाहन के फंसने पर लंबा जाम लग जाता है। लंबे इंतजार के बाद यहां दूसरा अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। अंडरपास निर्माण कार्य सोमवार से शुरू होगा। निर्माण कार्य के चलते सोमवार को कासगंज-एटा सड़क मार्ग और कासगंज-मथुरा रेलवे यातायात बाधित रहेगा।

कासगंज- मथुरा रेलवे मार्ग पर नदरई गांव के समीप अंडरपास बना हुआ है। वर्ष 2018 में फोरलेन सड़क का निर्माण हुआ तब यहां अंडरपास के चौड़ीकरण के लिए रेलवे से सहयोग मांगा गया था। लोक निर्माण विभाग ने रेलवे को पांच करोड़ रुपये भी दिए थे,

**▸▸ निर्माण कार्य के चलते दो ट्रेनें रहेंगी रद्द, एक देरी से चलेगी, रूट डायवर्जन कर निकाले जाएंगे वाहन**

लेकिन रेलवे मनमानी करता रहा। कभी ओवरब्रिज का प्रस्ताव तैयार करने का दावा किया गया तो कभी अंडरपास प्रस्ताव में बदलाव की कोशिश की गई। बदलाव होने पर दो अंडरपास बनाए जाने का संशोधन हो गया। संशोधन के बाद भी रेलवे ने काम शुरू नहीं किया। काफी प्रयासों के बाद अब रेलवे ने इसकी सुध ली है। कार्यदाई संस्था नामित करने के साथ इसका काम शुरू कर दिया है। संस्था ने सोमवार से काम करने का निर्णय लिया है। काम के चलते कासगंज-मथुरा रेलवे ट्रैक पर दो ट्रेनें रद्द रहेंगी। एक ट्रेन 10 मिनट देरी से चलाई जाएगी। जबकि कासगंज से एटा को जाने वाला सड़क मार्ग बंद रहेगा।

### यह रहेगा विकल्प

कासगंज से सड़क मार्ग बंद रहने से एटा जाने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। मारहरा के लिए जाने वाले सड़क मार्ग से ट्रैफिक निकल सकता है। इसके अलावा अमरपुर घाट से बाईपास होते हुए एटा के लिए वाहनों को निकल जाने के लिए रेलवे ने पुलिस को पत्र लिखा है।

### कई लोगों की जा चुकी है जान

अंडरपास जानलेवा साबित हुआ है। कुछ महीने पहले यहां एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। सावन में अंडरपास में जलभराव होने से कावड़िया रेलवे लाइन पर होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान एक कांवरिया की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी।

### पूर्वाह्न 11 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगा यातायात

नदरई में दूसरे अंडरपास निर्माण के चलते सोमवार को पूर्वाह्न 11 से शाम 6 बजे तक कासगंज-एटा के बीच सड़क मार्ग पर यातायात बाधित रहेगा।

"काम सोमवार से शुरू हो जाएगा। दो ट्रेनें रद्द की गई हैं। सड़क यातायात भी बाधित रहेगगा। हमने रेलवे की ओर से पुलिस से सहयोग मांगा है। **- राजेंद्र सिंह**, पीआरओ

रेलवे ने अब अंडरपास का काम शुरू किया है। उसमें पीडब्ल्यूडी का कोई हस्तक्षेप नहीं है। रेलवे को ही है काम पूरा करना है।
**- गुलवीर सिंह**, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग"

# घर के बाहर खेलते बालक को वाहन ने कुचला, मौत

**कासगंज, अमृत विचार:** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मपुरी में दुग्ध वाहन से कुचलकर एक बालक को कुचल दिया, जिससे मौत हो गई। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

यह हादसा शनिवार देर शाम गांव ब्रह्मपुरी में हुआ। यहां निवासी मनोज कुमार का दो वर्षीय बेटा लव कुमार घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वहां पहुंचे दुग्ध वाहन चालक ने बच्चे की ओर ध्यान नहीं दिया। इससे दुग्ध वाहन का पहिया बालक के ऊपर से उतर गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर परिवार वाले और ग्रामीण जमा हो गए। मगर मगर इससे पहले चालक दुग्ध वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इसके बाद मनोज की ओर से थाना पुलिस को तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। ग्रामीणों का कहना है कि घटना चालक की लापरवाही से हुई है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। थाना प्रभारी सुनगढ़ी शांति देवी ने बताया कि परिवार की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वाहन और चालक की तलाश की जारी है।

# सुलभ और सस्ता है यूनानी चिकित्सा पद्धति से इलाज



विश्व यूनानी दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में जमा मरीज। ● अमृत विचार

**संवाददाता, भरगैन**

**▸▸ विश्व यूनानी दिवस पर भरगैन और बिलराम में लगा स्वास्थ्य शिविर**

**अमृत विचार :** विश्व यूनानी दिवस पर कस्बा भरगैन और बिलराम के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 365 लोगों की यूनानी पद्धति से जांच की गई।

शिविर का उद्घाटन समाजसेवी कमरान खान ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि यूनानी तरीके से इलाज को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने अलग से आयुष मंत्रालय बनाया है। इसके जरिए देशी इलाज को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। शिविर में यूनानी चिकित्साधिकारी डॉ. गाजिया कफील ने कहा कि यूनानी शिक्षा पद्धति के विद्वान हकीम अजमल खान के योगदान को याद करने के लिए हर साल 11 फरवरी को विश्व यूनानी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यूनानी इलाज हर जगह आसानी से उपलब्ध है। भरगैन में एएमयू के छात्र रहे रिहान खान ने कहा कि यूनानी इलाज सुलभ एवं सस्ता है। मरहूम हकीम अजमल खान एक बेहतरीन चिकित्सक और राजनेता थे।

भरगैन के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे स्वास्थ्य शिविर में 365 लोगों का यूनानी पद्धति से जांच कर औषधि वितरित की गईं। बिलराम में डॉ. सल्लल्लाह ने भी हकीम अजमल खान के जीवन पर रोशनी डाली। इस अवसर पर डॉ. बृजेश कुमार, शाहिद अली, सुरजीत कुमार, फार्मासिस्ट मुहम्मद रियाज, अमन आदि रहे।

# आधी आबादी के हित में पूरा काम कर रही सरकार




विकास भवन सभागार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करतीं जिले की प्रभारी पूनम बजाज एवं मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार



भाजपा के शक्ति वंदन अभियान में मौजूद स्वयं समूह सहायाता की महिलाएं।

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**▸▸ नारी शक्ति वंदन अभियान में भाजपाइयों ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां**

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में रविवार को शक्ति वंदन अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष, सचिव व सखियों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम हुआ। इसमें भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी पूनम बजाज ने कहा कि महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। उन्हें अग्रिम पंक्ति में रखा जाएगा।

भाजपा की प्रदेश मंत्री व जिले की प्रभारी पूनम बजाज एवं भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, सीडीओ सचिन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। इस मौके पर जिला प्रभारी पूनम बजाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के हित में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। एक ओर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर नियंत्रण किया है, वहीं आधी आबादी को 33 फीसदी आरक्षण देकर उनकी दशकों पुरानी मांग को पूरा किया है।

जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगी है। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, महिला समृद्धि योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूहों में स्वरोजगार, उज्ज्वला योजना आदि की जानकारी दी।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, ज्ञानप्रकाश गुप्ता, कौशल साहू, कुमकुम वार्ष्णेय,सीमा शाक्य, कृष्णकांत वशिष्ठ, उत्तम चन्द्र पाथरे, अनिल तिवारी, भूदेव राजपूत, अनीता उपाध्याय, प्रीती यादव, हिना सिंह, शरद गुप्ता, प्रियंका सोलंकी, नीलम सोलंकी, आशा शर्मा मौजूद रहे। संचालन जिला मंत्री कृष्णकांत वशिष्ठ ने किया।

# आयकर अधिनियम में संशोधन पर व्यापारियों ने जताया विरोध

**कर्यालय संवाददाता, कासगंज**



शहर में सांसद राजवीर सिंह को ज्ञापन देते उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** आयकर अधिनियम में किए गए संशोधन को लेकर व्यापारियों में नाराजगी है। व्यापारी संशोधन वापस लेने की मांग कर रहे हैं। रविवार को कासगंज पहुंचे एटा लोकसभा सांसद राजवीर सिंह को उद्योग व्यापार मंडल की जनपदीय शाखा के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया है।

प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन में व्यापारियों ने लिखा है कि सूक्ष्म इकाइयों को अपने माल का विक्रय करने के लिए बड़ी-बड़ी इकाइयों से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। एमएसएमई के अंतर्गत समय अवधि 15 दिन एवं अनुबंध होने की स्थिति में 45 दिनों में भुगतान न होने पर वर्ष के अंत में जो राशि देय रह जाएगी उसे वित्तीय वर्ष की आय

**▸▸ व्यापारी नेताओं ने सांसद को सौंपा ज्ञापन, संशोधन वापस करने की मांग**

में जोड़कर आयकर की गणना की जाएगी। इससे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। कुछ अन्य संशोधन की मांग भी की गई।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र वार्ष्णेय, जिला प्रभारी दीपक गुप्ता सर्राफ, जिला महामंत्री प्रदीप गुप्ता, महिला मोर्चा जिला प्रभारी अनीता उपाध्याय, ढोलना अध्यक्ष डाक्टर बीडी राना, जिला युवा अध्यक्ष डॉ. विकास गुप्ता, शहर अध्यक्ष जितेंद्र वार्ष्णेय, जिला महामंत्री डॉ. फारुख अहमद, सौरभ गुप्ता,किशोर अग्रवाल, अजय डाँगरा, राहुल बिड़ला मौजूद रहे।

# अप्रिय घटनाओं को छिपाएं नहीं परिजनों और पुलिस से साझा करें

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**




महिलाओं को सुरक्षा व कानून की जानकारी देते मिशन जागृति टीम के सदस्य।

**अमृत विचार :** महिलाओं को सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति सजग करने के उद्देश्य से पुलिस और यूनीसेफ की टीम द्वारा ऑपरेशन जागृति अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिला सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

जन चौपाल महिलाओं को डायल 112, 1076, 1090, 1930, 1098, 102, 108 के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के

**▸▸ ऑपरेशन जागृति के तहत महिलाओं व छात्राओं को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी**

बारे में बताया गया। महिलाओं के अधिकारों व सुरक्षा के बारे में बताया। बालिकाओं के साथ हो रहे साइबर हिंसा के बारे में जागरूक किया। जन समुदाय को झूठे मुकदमों से होने वाली क्षति के बारे में समझाया गया। ऐसे मामलों में विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के दुरुपयोग एवं यौन शोषण को पहचानने तथा बिना डरे रिपोर्ट करने के लिए जागृत किया गया।

# सभी दिव्यांगजन अपना यूडीआईडी कार्ड अवश्य बनवा लें

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया कि जिले के सभी दिव्यांगजन जिनका यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है तो अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एक फोटो लेकर लोकवाणी केंद्र के माध्यम से वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर बनवा लें और हार्डकापी सीएमओ कार्यालय तथा विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगता सशक्तिकरण कार्यालय में जमा कर दें। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के मोबाइल नंबर 8267805668 से संपर्क किया जा सकता है। यूआईडी जमा करने वाले पेंशनरों की पेंशन रोकी जा सकती है। इसके लिए पूर्व में भी आदेश जारी किया जा चुका है।

# कबड्डी में भागीरथी इंटर कॉलेज बना विजेता



स्टेडियम में विजेता खिलाडियों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंगी व अन्य।

### प्रदेश स्तरीय टीम में शामिल होंगे विजेता खिलाड़ी

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिताओं से जिले की प्रतिभाएं निखर कर सामने आएंगी। विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष सोरों रामेश्वर दयाल महेरे ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ी मानसिक व शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनते हैं। इस दौरान सीडीओ सचिन , बीजेपी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डा. सांत्वना पाराशर, संजय दुबे, नगरिया मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, एसटीडीएम कॉलेज प्रधानाचार्य रामकरन राज, भागीरथी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पवन उपाध्याय, शिव प्रसाद अशोक कुमार शर्मा, योगेश चौधरी, पंकज तिवारी मौजूद रहे।

**संवाददाता, सोरोंजी**

**▸▸ विजयी खिलाड़ियों को पालिकाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष ने दिए मेडल और प्रशस्ति पत्र**

**▸▸ स्पोटर्स स्टेडियम में आयोजित सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं का दूसरा दिन**

**अमृत विचार :** जिले में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोरों के फरीदनगर स्थित स्पोर्टस स्टेडियम जारी हे। बालिका सीनियर वर्ग कबड्डी में सोरों का भागीरथी इंटर कॉलेज और खोखो में सहावर के मुलायम सिंह इंटर कॉलेज ने खिताब जीता। विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

दूसरे दिन सांसद खेल कूद प्रतियोगिता मुख्य अतिथि रहे भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप जलाकर आरंभ कराई।

कबड्डी बालिका वर्ग में शेरवानी इंटर कॉलेज की टीम ने एसटीडीएम कॉलेज सोरोंजी की टीम को पराजित किया। वहीं, खो-खो प्रतियोगिता में मुलायम सिंह इंटर कॉलेज भिदौनी की टीम ने एसटीडीएम कॉलेज सोरोंजी पराजित कर मैच जीता। कबड्डी बालिका सीनियर वर्ग में भागीरथी इंटर कॉलेज की टीम को कोई प्रतिद्वंदी न होने के कारण वॉकओवर देकर विजेता घोषित कर दिया गया।

**दिक्कत** कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, ग्रामीणों में बढ़ता जा रहा आक्रोश

# जलभराव और गंदगी से जूझ रहे ततारपुर गांव वाले

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**



ततारपुर गांव के मुख्य मार्ग पर भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के गांव ततारपुर में जलभराव और गंदगी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। यहां जब भी बारिश होती तो मुख्य मार्ग पर पानी भर जाता है। पानी निकासी के उचित रास्ते नहीं है। पानी जमा रहने से दुर्गंध फैलती है, जिसकी वजह से लोगों का रहना मुश्किल हो जाता है।

पिछले दिनों हुई बारिश से गांव ततारपुर के मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया। इसकी वजह से कीचड़ और गंदगी फैली है। ग्राम पंचायत इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रही।

इससे ग्रामीणों व कांशराम कॉलोनी के वाशिंदों में आक्रोश है। यहां के वाशिंदों का कहना है कि जलभराव होने से मार्ग

**▸▸ कीचड़ व गंदगी की वजह से संक्रामक रोग फैलने का खतरा**

पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गया है। लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

जलभराव की वजह से हुई कीचड़ और गंदगी से संक्रामक रोगों का खतरा है। कई लोग बीमार हो चुके हैं।

"ततारपुर गांव में मुख्य मार्ग पर जलभराव की कोई जानकारी नहीं थी। आज ही संज्ञान में आया है। संबंधित सचिव से जानकारी कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।
**-देवेंद्र सिंह**, डीपीआरओ"



आवासीय कॉलोनी में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया है। आने जाने में परेशानी होती है। कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है। समस्या का समाधान नहीं हुआ।
**-शिवकुमार**



मुख्य मार्ग पर नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। जल निकासी का साधन नहीं है। पिछले दिनों हुई बारिश और घरों का पानी सड़क पर जमा हो रहा है। ग्राम पंचायत को इस ओर ध्यान देना चाहिए।
**-प्रेमपाल**



जलनिकासी का साधन न होने से मुख्य मार्ग पर पिछले दिनों हुई बारिश के कारण अधिक पानी भर गया है। घरों का पानी भी मार्ग पर आ रहा है। नालियों का निर्माण ठीक ढंग से होना चाहिए।
**-बलवंत**



मार्ग पर जलभराव होने से आवागम में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हमने कई बार ग्राम प्रधान एवं सचिव को अवगत कराया है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।
**-अफजल**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक व संगठनकर्ता थे पंडित दीनदयाल



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह।



सोरों में दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर मल्यार्पण करते पालिकाध्यक्ष।

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**▸▸ समर्पण दिवस के रूप में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, डॉ. केत सिंह वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। देशभर में पार्टी के कार्यकर्ता समर्पण दिवस के रूप में उन्हें याद कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गांव, गरीबी के विकास एवं मुख्यधारा में लाने के लिए अन्त्योदय के विचार की प्रेरणा दी।

इस दौरान कृष्णकांत वशिष्ठ, मनोज चौहान, हिमांशु उपाध्याय, बॉबी गुप्ता, अमृत दीक्षित, दिनेश भास्कर, वीरेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना समेत अन्य मौजूद रहे। इसके अलावा तीर्थ नगरी सोरों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर सोरों पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे, संपूर्णानंद भारद्वाज, संजय दुबे आदि रहे।

# मुख्यमंत्री दरबार पहुंचा थाने में युवक के आत्महत्या के प्रयास का मामला

## विधायक ने मुख्यमंत्री को दी घटना की पूरी जानकारी, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** अमांपुर थाने में आरोपी युवक के आत्महत्या की कोशिश करने का मामला मुख्यमंत्री दरबार पहुंच गया है। अमांपुर के विधायक ने हरिओम वर्मा ने लखनऊ जाकर घटना की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।अमापुर इलाके के सुलहपुर निवासी गौरव कुमार गांव की एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया था। इस मामले में अमांपुर पुलिस ने गौरव को हिरासत में लिया था। पूछताछ के नाम पर उसे कई दिन तक थाने में बैठाए रखा। शुक्रवार शुक्रवार सुबह गौरव ने अमापुर थाने के शौचालय में जाकर अपने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसका एटा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। आरोपी गौरव के आत्महत्या का प्रयास करने का पता लगने पर उसके परिजनों व ग्रामीणों ने अमांपुर थाने में जमकर बवाल किया था। उनका कहना था कि किशोरी के परिजनों के इशारे पर पुलिस ने गौरव को प्रताड़ित किया, जिससे परेशान होकर उसने अपनी जान देने की कोशिश की। घटना वाले दिन सपा और बसपा के नेता अमांपुर थाने पहुंचे थे।

अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा ने लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया है। मामला मुख्यमंत्री के दरबार पहुंचने से पुलिस विभाग में खलबली मची है।

### सोशल मीडिया पर वायरल की वीडियो


हरिओम वर्मा।

अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा ने एक वीडियो फेसबुक पर वायरल किया है। वायरल वीडियो विधायक बता रहे हैं कि उन्होंने पूरे प्रकरण की जानकारी मुख्यमंत्री को दे दी है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया है कि इसमें जो भी दोषी होंगे उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक का कहना है कि वह इस मामले में पूरी निगरानी कर रहे हैं।

### टेंशन में पुलिस कर्मी

इस मामले में विपक्षी नेताओं के बाद अब सत्ताधारी दल के विधायक ने हस्तक्षेप किया है तो कई पुलिस कर्मी टेंशन में आ गए है। गौरव के पिता की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में पुलिस कर्मियों को भी शामिल किया गया है। इस मामले में इंस्पेक्टर व विवेचक को निलंबित किया जा चुका है। अब किस पर गाज गिरेगी इसको लेकर पुलिस कर्मियों में संशय है।

> आत्महत्या का प्रयास करने वाला युवक अलीगढ़ मेडिकल में भर्ती है। अमांपुर थाने में जो घटना हुई उसकी जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट दर्ज देने को कहा गया है। - **अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

### आईजी कर रहे मामले की मॉनिटरिंग

अलीगढ़ परिक्षेत्र के आईजी शलभ माथुर इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले में एसपी अपर्णा रजत कौशिक से कई बार बात की। दो दिन तक वे कासगंज में डेरा जमाए रहे। रविवार को उन्होंने अलीगढ़ जाने के बाद फोन पर पूरा अपडेट लिया।

### एएसपी ने युवक और किशोरी के परिवार वालों से की पूछताछ

**कासगंज।** आरोपी गौरव के थाने में आत्महत्या करने के मामले की जांच एएसपी जितेंद्र कुमार दुबे को दी गई है। जांच के दौरान एएसपी ने आरोपी युवक व किशोरी दोनों पक्षों के लोगों ने पूछताछ की है। कुछ पुलिस कर्मियों से भी घटना के बारे में जानकारी ली गई। हालांकि जांच अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। थाने में हंगामे और पथराव की जांच भी की जा रही है। इसके लिए थाने में लगे सीसी टीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। इस घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो और फोटो भी देखे जा रहे हैं। अब तक की छानबीन में एएसपी ने काफी सबूत जुटाए हैं, लेकिन जांच अभी निर्णायक स्थिति में नहीं पहुंची है।

## जिला जेल में बच्चों को वितरित किए स्वेटर और बिस्कुट

**कासगंज, अमृत विचार :** रविवार को भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन एवं लॉयंस क्लब इंटरनेशनल के पदाधिकारियों द्वारा पचलाना स्थित जिला कारागार में महिलाओं बंदियों की बच्चों को स्वेटर, बिस्किट व चॉकलेट वितरित की गई। जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह, जेलर सुरेश कुमार सिद्धार्थ, डिप्टी जेलर सरोज वर्मा ने संगठन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला प्रभारी किशन शक्वी, विजय राजपूत, मोहित अग्रवाल, लक्ष्मीकांत चोला, राम रक्षपाल सिंह, राजेंद्र बिडला, पवन बिड़ला, सीपी द्विवेदी मौजूद रहे।

## सुलहपुर में तनाव, पुलिस ने किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, कासंगंज

**अमृत विचार :** अमांपुर क्षेत्र के गांव रासलुआ सुलहपुर में रविवार को भी तनाव बरकरार रहा। इससे पुलिस व पीएसी तैनात है। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने पैदल मार्च किया।

कांग्रेस कमेटी की महिला जिलाध्यक्ष दिव्या शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रविवार को गौरव के परिजनों से मुलाकात की। दिव्या शर्मा ने बताया कि मामला बेहद संगीन और गंभीर है। युवक को छह दिन तक थाने में रखने का क्या औचित्य है? कानूनी तौर पर पुलिस किसी भी सूरत में 24 घंटे से ज्यादा नहीं रख सकती। 24 घंटे के बाद हर हाल में उसे न्यायालय के सुपुर्द करना होता है, पर ऐसा नही हुआ। यहां पुलिस की भूमिका पूरी तरह से संदेह में है। उन्होंने कहा है कि वह पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ है। प्रमुख सचिव गृह से मांग करती हैं कि पूरे मामले में पुलिस की भूमिका को देखत हुए घटना की सीबीआई जांच कराई जाए। इधर गांव में तनाव बना हुआ है। पुलिस पीएसी बल तैनात है।

**हालत में हो रहा आंशिक सुधार :** अलीगढ़ में भर्ती गौरव की हालत में आंशिक सुधार हो रहा है। परिजन अभी चिंतित हैं। अभी तक पूरी तरह गौरव खतरे से बाहर नहीं है। पुलिस भी उसकी सेहत की जानकारी ले रही है।


युवक के परिवार से मुलाकात करने पहुंचीं महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष दिव्या शर्मा।

- कांग्रेस कमेटी की महिला जिलाध्यक्ष ने युवक के परिवार से की मुलाकात

## ब्रह्माकुमारी आध्यात्मिक संग्रहालय का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- दिव्य अलौकिक समर्पण समारोह का आयोजन
- मुख्य अतिथि संघ के विभाग संघ चालक उमाशंकर शर्मा रहे

**अमृत विचारः** दिव्य अलौकिक समर्पण समारोह के दौरान रविवार को ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र के आध्यात्मिक संग्रहालय का लोकार्पण केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा व सांसद राजू सिंह और संघ के उमाशंकर शर्मा ने किया।

संघ के विभाग संघ चालक उमाशंकर शर्मा ने कहा कि आध्यात्मिक संग्रहालय का लोकार्पण समाज सुधार का सूत्रपात करेगा। इस संग्रहालय का संदेश जनकल्याणकारी तथा आम जन के जीवन स्तर को सुधारने वाला है। इसका संदेश है कि वर्तमान में भौतिकतावादी सोच के चलते मनुष्य के दो रूप हो गये हैं। बाहरी दिखावे का रूप ही उसकी झूठी पहचान बन गया है। वास्तव में सभी आत्मा एक ज्योति है, एक महाज्योति की संतान है। ऐसी भावना के साथ कार्य करने से समाज में समरसता, सद्भावना एवं सदाचार जैसे मूल्य स्थापित होगा।

ब्रह्माकुमारी की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका जयन्ती दीदी ने कहा कि संस्था में त्याग तपस्या सेवा तथा राजयोग का बहुत महत्व है। इससे समाज में व्याप्त दुःख और अशान्ति के मूल कारण काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि दूर होते हैं और मनुष्य के कर्मों में दिव्यता एवं कुशलता आती है।

मुख्य अतिथि बीएल वर्मा ने कहा ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा सादगी सेवा स्वच्छता और समर्पण का भाव अनुकरणीय है इनके द्वारा की जाने वाली समाज सेवायें एक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि वास्तव में ये कन्याएं देवियां हैं, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। इलाहाबाद से आईं मनोरमा दीदी ने इस समर्पण का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि जीवन को ईश्वरीय सेवा में लगाना ही सच्चा समर्पण है। मुख्यालय से आई ऊषा दीदी ने बताया कि यह समर्पण कार्यक्रम जनता में एक संदेश दे रहा है कि सत्य के मार्ग पर जीवन को लगा देने से ही मनुष्य देव तुल्य बन जाता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सबजोन इन्चार्ज सरोज दीदी ने कहा कि परमात्मा पर समर्पण करके ही हम सब समस्याओं से मुक्त हो सकते है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, सांसद राजवीर सिंह एवं डीएम सुधा वर्मा ने किया।



दिव्य अलौकिक समर्पण समारोह में कन्याएं, अतिथि व आयोजक। ● अमृत विचार

## पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न मिलने पर जताया हर्ष

**सोरोंजी।** पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को मोदी सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर तीर्थ नगरी के कांग्रेसियों ने हर्ष जताया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश चंद्र पटियात ने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव सिद्धांतवादी और राजनीति में परिवारवाद के प्रबल विरोधी रहे। उन्होंने कहा कि 1992 में प्रधानमंत्री होने के साथ नरसिम्हा राव कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी थे। उनके दोनों पदों पर रहने के खिलाफ उन्होंने 9 फरवरी को दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय पर अनशन किया था। उनका अनशन रंग लाया और कुछ दिन बाद नरसिम्हा राव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद छोड़ दिया। हर्ष व्यक्त करने वालों में सत्यनारायण उपाध्याय, बाल किशन दुबे एडवोकेट, अनिल मित्तल, राधेश्याम भारद्वाज प्रमुख हैं।

## दहेज एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना ढोलना पुलिस ने दहेज अधिनियम के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को सूचना के आधार पर गांव से गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि वांछित आरोपी दीपक यादव निवासी ग्राम घिनौना थाना ढ़ोलना को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध थाने में दहेज अधिनियम का मुकदमा दर्ज था। जिसे पूछताद के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा ।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा. शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)


धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## एक नजर

### धोखाधड़ी कर 99 हजार रुपये निकाले

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के अलीगंज रोड मण्डी समिति के पास रहने वाले भंवरपाल सिंह ने बताया कि 29 जनवरी को किसी व्यक्ति ने उनके खाते से 98999 रुपये निकाल लिए। उन्हें इसकी जानकारी तब हुई जब उनके मोबाइल पर मैसेज पहुंचा। उन्होंने कोतवाली जाकर तहरीर दे दी। अपराध निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया है कि भंवरपाल सिंह की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### आज शिविर में दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

जलेसर। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का एक छत के नीचे लाभ दिलाने हेतुबृहद कैंप का आयोजन एमजीएम इंटर कॉलेज में सोमवार को 10 बजे से आयोजित होगा। भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री जितेंद्र सिंह दिवाकर ने बताया कि शिविर केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल करेंगे। शिविर में केंद्र व राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए 50 काउंटर लगाए जाएंगे, जिन पर जनपद स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

एटा। एससी की जमीन की परमिशन कराने के नाम पर लेखपाल पर पांच हजार रिश्वत लेने का आरोप है। रिश्वत लेने के दौरान किसी लेखपाल का वीडियो बना लिया। बताया गया है कि आरोपी लेखपाल सदर तहसील के गांव गढ़वाला पर तैनात है। एक तरफ एसडीएम सदर भावना विमल तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार रोकने में लगीं हैं, दूसरी ओर लेखपाल खुलेआम रिश्वत लेकर उनके आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं। वायरल वीडियो कितने दिन पुराना है यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है।

### एसडीएम ने सरकारी भूमि खाली कराने के दिए निर्देश

जलेसर। गांव मकसूदपुर में सरकारी बीज गोदाम की खाली पड़ी भूमि पर गांव के लोगों ने कब्जा कर रखा है। प्रधान पति की शिकायत पर एसडीएम नितिन तेवतिया ने जांच कर कब्जा हटाए जाने के निर्देश दिए। इस संबंध में प्रधान पति ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव में बीज गोदाम की खाली पड़ी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसका विरोध करने पर आरोपी तरह-तरह की धमकी देते हैं। इसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है। मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

# चॉकलेट का लालच देकर बच्ची को साथ ले गया था युवक

## डॉग स्क्वायड ने खोला राज, आरोपी को खुद सजा देना चाहते थे ग्रामीण, पुलिस ने थाने ले जाकर की पूछताछ

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के गाजीपुर पहोर में सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना से पूरा गांव आक्रोश में है। घटना का खुलासा होने के बाद ग्रामीण आरोपी को खुद सजा देना चाहते हैं। मगर पुलिस उसे पकड़ने के बाद अपने साथ थाने ले गई। पुलिस के अनुसार आरोपी चॉकलेट का लालच देकर बच्ची को अपने साथ सरसों के खेत में ले गया था। बच्ची को बहकाने के लिए उसने दुकान से चॉकलेट भी खरीदी थी। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से पूरी घटना का खुलासा कर दिया।



प्रेसवार्ता के दौरान घटना की जानकारी देते एसएसपी राजेश कुमार सिंह व पुलिस गिरफ्त में आरोपी जवाहर शर्मा। ● अमृत विचार

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि बच्ची शनिवार की दोपहर हम उम्र बच्चों के साथ गांव में खेल रही थी। पड़ोस में रहने की वजह से बच्ची आरोपी को अच्छी तरह जानती थी। बच्ची को खेलते देख आरोपी चॉकलेट दिलाने के बहाने अपने साथ गांव की एक दुकान पर ले गया। वहां से उसने चॉकलेट खरीदी। फिर चॉकलेट खिलाने के बहाने बच्ची को गांव के बाहर सरसों के खेत में ले गया। जहां बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। उसके चिल्लाने पर पहले आरोपी मुंह बंद करके चुप कराता रहा। बच्ची चुप नहीं हुई तो हाथ से गला हत्या कर दी और शव वहीं छोड़कर चला गया।

एसएसपी ने बताया कि परिवार वाले और पुलिस बच्ची को तलाश रहे थे, लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा था। इसी बीच रात में करीब 10 बजे डॉग स्क्वायड दौड़कर सरसों के खेत में गया। इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों ने सरसों के खेत में घुसकर देखा तो फसल के बीच बच्ची की लाश पड़ी मिल गई, जिसके बाद उसके हत्या किए जाने का पता चला।

▸▸ कोतवाली देहात क्षेत्र में सात साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला

### शराबी और आवारा किस्म का है आरोपी

पुलिस के अनुसार आरोपी जवाहर शर्मा अविवाहित होने के साथ शराबी और आवारा है। काम कुछ नहीं करता है। उसकी इस करतूत से परिवार वाले भी गुस्से में हैं।

उन्होंने बताया कि लाश बरामद होने के बाद से ही पुलिस हत्यारोपी की तलाश में जुट गई थी। इसी दौरान डॉग स्क्वायड को शव के साथ मिले बच्ची के कपड़े सुंघाए। इसके बाद वह खोजबीन करते हुए आरोपी जवाहर शर्मा के घर तक पहुंच गया। शक होने पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। रविवार को वह गांव से भागने की फिराक में था, लेकिन इससे पहले पुलिस ने आरोपी जवाहर शर्मा को दबोच लिया। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये व डॉग स्क्वायड टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने का ऐलान किया है।

उधर, आरोपी के पकड़े जाने का पता लगने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस आरोपी को खुद सजा देने को थे, लेकिन पुलिस ने किसी को नजदीक नहीं जाने दिया। पुलिस आरोपी को अपने साथ थाने ले गई। जहां उससे पूछताछ की गई।

# नाटक के जरिए पानी बचाने का दिया संदेश



नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरुक करते टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

**अवागढ़, अमृत विचार :** जिला स्वच्छता समिति जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड की ग्राम पंचायत नीमखेड़ा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता के बारे में लखनऊ से आई टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। टीम के सदस्यों ने लोगों को समझाया कि जल ही जीवन है। पानी से होने वाली जल जनित बीमारियों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। मौके पर प्रधान नीमखेड़ा राजवती देवी, मधुसुदन सिंह रिंकू, ग्राम विकास अधिकारी अतुल यादव, कोऑर्डिनेटर रजत गौड़, दीपू चैरसिया, निधि चैरसिया, एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# भरत मिस्टर व वृद्धि मिस फेयरवेल घोषित किए गए



स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक।

संवाददाता, अवागढ़

**अमृत विचार :** जलेसर रोड स्थित अवागढ़ पब्लिक स्कूल में 11वीं के बच्चों ने 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। समारोह में 12वीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत की और चॉकलेट दी।

मंच संचालन गौर्वी सिंह और तनवी सिंह ने किया। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। सीनियर विद्यार्थियों ने अपने प्रति अध्यापकों के प्रेम व स्नेह के लिए सभी को धन्यवाद दिया। सीनियर्स के लिए विभिन्न प्रकार की फन गेम्स भी कराए गये। सुंदर व रंग-बिरंगे

▸▸ जूनियर्स ने सीनियर विद्यार्थियों को दी फेयरवेल पार्टी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

परिधानों से सजे छात्रों की चहल पहल से सारा स्कूल परिसर गूंज उठा। मिस्टर फेयरलवेल भरत प्रताप सिंह और मिस फेयरवेल वृद्धि शर्मा को दिया गया। छात्रों को पुरुष्कार भी भेंट किए गए। निदेशक सजल वाष्र्णेय ने सभी को शुभकामनाएं दीं। सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य एलके रावत ने कहा कि परिवार, स्कूल का नाम रोशन करने को कहा।

# डॉ. राजकुमार सिंह को मिला अंतरराष्ट्रीय जलवायु स्वर्ण पदक



अंतरराष्ट्रीय जलवायु स्वर्ण पदक लेते डॉ. राजकुमार सिंह।

**जलेसर, अमृत विचार :** विश्व में जलवायु आधारित कृषि प्राकृतिक संसाधन को संरक्षण देने हेतु संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में जलेसर के डॉ. राजकुमार सिंह को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

डॉ राजकुमार सिंह जलेसर निवासी पूर्व अवर अभियंता ठाकुर मानपाल सिंह के बेटे हैं। केंद्र सरकार में जलवायु आधारित प्राकृतिक संसाधन संरक्षण पर अंतरराष्ट्रीय फसल अनुसंधान विभाग में पिछले 30 वर्ष से दिल्ली में कार्यरत हैं। दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में वह देश का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। जहां उनके संबोधन एवं कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। यह पुरस्कार पांच साल के अंतराल पर तीन विशिष्ट वैज्ञानिकों को दिया जाता है।

# बच्चे का मुंडन कराने जा रहे श्रद्धालुओं की कार साइन बोर्ड से टकराई, पांच घायल



सीएचसी अलीगंज में घायलों का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार:** मुंडन संस्कार कराने जा रहे श्रद्धालुओं की कार नगर पालिका के साइन बोर्ड से टकरा गई। इससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे पांच लोग घायल हो गए। राहगीरों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इस बीच पहुंची पुलिस ने घायलों को अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया। चार घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

यह हादसा रविवार सुबह करीब सात बजे हुआ। फर्रुखाबाद जिले के शमशाबाद क्षेत्र के सैदबाड़ा निवासी रघुवीर परिवार सहित अपने नाती ओम नारायण का मुंडन कराने फिरोजाबाद स्थित जखईया

▸▸ फर्रुखाबाद के गांव सैदबाड़ा के रहने वाले हैं सभी, फिरोजाबाद के जखईया में जात करने जा रहे थे

माता मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। जहां उन्हें पांच वर्षीय ओम नारायण मुंडन संस्कार भी कराना था। एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र में उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर नगर पालिका के साइन बोर्ड से टकरा गई। हादसे के बाद कार में चीत्कार मच गई। इससे उधर से गुजर रहे लोग मदद को दौड़े गए और कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया।

स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती करा दिया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायल चार लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में रघुवीर पुत्र टीकाराम, उनकी पत्नी उर्मिला, बालक ओम नारायण, आरती पत्नी कमल प्रताप, सनोज व उसकी पत्नी शिल्पी रामशंकर हैं। घायल सनोज ने बताया की सभी लोग जखैया की जात करने जा रहे थे।



सड़क हादसे में घायल गिरीश का मेडिकल कॉलेज में उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।

### सड़क हादसों में महिला समेत नौ लोग घायल

एटा। कोतवाली देहात क्षेत्र के अलीगंज रोड स्थित दीनबन्धु दीनानाथ इंटर कॉलेज के पास एक ऑटो में पीछे से ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में बागवाला थाना क्षेत्र के ग्राम कंसुरी निवासी गिरीश चन्द्र और अनौखेलाल घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। रविवार को कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एटा-कासगंज मार्ग स्थित फ्लाई ओवर के नीचे ऑटो व विक्की की भिड़ंत में हरपाल सिंह निवासी जिन्हैरा थाना मिरहची घायल हो गये। उन्हें बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। कोतवाली देहात के अलीगंज रोड स्थित कुसाड़ी गांव के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कुसाड़ी निवासी राकेश कुमार, रामवीर सिंह मोहरश्री पत्नी रामवीर सिंह और हिमांशू घायल हो गये। सभी को प्राइवेट एम्बुलेंस ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया है। आगरा रोड स्थित बावसा गांव के पास एक बाइक नीलगाय से टकरा गई। हादसे में गौरव, सोनू, नीलम पत्नी दलवीर सिंह घायल हो गई।

### हर दुःख सुख के साझीदार हैं हमः राजू भैया

एटा। निधौलीकलां के निकटवर्ती ग्राम नगला फकीर में विक्रम यादव नेअपने पिता की स्मृति में भव्य आयोजन किया। इस दौरान एटा-कासगंज के सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने स्व. महीपाल सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। सांसद ने कहा कि जनता जनार्दन का हर दु:ख सुख हमारा दु:ख सुख है। बिना किसी भेदभाव के हम जनता की सेवा करते रहेंगे। सांसद ने बड़ी तादाद में उपस्थित आम-ओ खास से, कन्धे से कन्धा मिलाकर सहयोग करने की अपील की। इससे पहले चेयरमैन प्रतिनिधि मोनी गुप्ता, सुधाकर वर्मा, नरेश गुप्ता, करन गुप्ता, जितेंद्र वर्मा आदि उनका स्वागत किया।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.वी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# जैन मंदिर में चार दिवसीय कलशारोहण महोत्सव का समापन

संवाददाता, अवागढ़

**अमृत विचार :** जैन आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ससंघ एवं बाल ब्रह्मचारी राकेश भैय्या के प्रतिष्ठाचार्य में श्री मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के चार दिवसीय भव्य कलशारोहण महोत्सव का समापनमंदिर के 41 फुट उत्तंग शिखर पर कलशारोहण के साथ हो गया। अखिरी दिन कार्यक्रम का आरंभ पावनी जैन ने मंगलाचरण से जैन तांडव के रूप में किया।

आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज ने मुनि सुव्रतनाथ जैन मन्दिर कोठी के शिखर के कलशारोहण महोत्सव पर कहा कि रिश्ता बाजार में नहीं मिलता



कलशारोहण के समापन के दौरान मौजूद जैन मुनि। ● अमृत विचार

ना किसी दुकान पर मिलता है। परिवार चलाने के लिए रिश्ता जरूरी है सद व्यवहार और प्रेम से बना रिश्ता जीवन भर चलता है, देव शास्त्र गुरु से बना परमार्थ का रिश्ता भव भवान्तर तक चलता है। जब रिश्ता बन जाता है तब पराये भी अपने लगने लग जाते है। अच्छी पत्नी लाने की जिम्मेदारी माता पिता की होती है लेकिन पत्नी से अच्छा रिश्ता निभाने की जिम्मेदारी पति की होती है। चौखट पूजन का सौभाग्य अंकुर, तनु जैन, संजय,

▸▸ कार्यक्रम मंगलाचरण से जैन तांडव के रूप में आरंभ किया

अल्का जैन, दिल्ली को प्राप्त हुआ। तरुण सुमन जैन, विपिन मधु जैन, यतींद्र आशा जैन, चैतन्य सुनीता जैन, अश्वनी पूनम जैन, राहुल ज्योति जैन, अपूर्व पायल जैन, संजय अलका जैन, सौरभ प्रियंका जैन, प्रिंस अपेक्षा जैन, मेजर प्रियांशी जैन को इस महोत्सव के मुख्य पात्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कलश के अंग अविनाश चन्द्र, तरुण, विपिन, अरुण जैन परिवार, विपनेश जैन प्रिंस जैन परिवार, सतेन्द्र जैन राहुल अपूर्व जैन परिवार, अरुण, तरुण, प्रशान्त, विवेक परिवार, राजीव जैन परमिल अकलंक, वरुण, गौरव परिवार, अमरचंद विशाल प्रशान्त डैनी, पवन जैन, सुमेर जैन, विकास, आदि समस्त समाज को प्राप्त हुआ।

फिरोजाबाद, टूण्डला, एत्मादपुर, एटा, निधौली, बम्बई, सागर, दिल्ली, बिहार आदि नगरो से पधारे भक्तों ने आचार्यश्री को श्रीफल समर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अश्वनी कुमार जैन, विपिन जैन, आगम जैन, टीटू जैन, विप्लव जैन, मुकेश जैन, सुमन जैन, आदि थे।

# धूमधाम से मनाई रमाबाई आम्बेडकर की जयंती

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** रमाबाई आम्बेडकर प्रबुद्ध महिला जाग्रति संघ के तत्वाधान में रविवार को आम्बेडकर नगर स्थित पार्क जयन्ती समारोह आयोजित किया गया। इसमें संगठन की अध्यक्ष डॉ. मालती सिंह ने रमाबाई आम्बेडकर के जीवन के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि भारत के इतिहासकार अपनी कृतियों में अभिलिखित करते हैं। विषम परिस्थितियों में बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों एवं विदुषी महिलाओं ने अपने समाज के प्रति निष्ठा एवं कर्तव्य परायणता की मिशाल पेश की। इन महापुरुषों में जहां महामानव तथागत, सम्राट अशोक, संत कबीर दास, रविदास, नारायण



रमाबाई आम्बेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाएं एवं पुरुष।

गुरु, महात्मा ज्योतियाराव फूले, संत गाडगे, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं महान महिलाओं में महामाया, यशोधरा सावित्री बाई फूले, भीमाबाई, झलकारी बाई नागेली, ऊदा देवी आदि के साथ-साथ धैर्यता, रमाबाई अम्बेडकर आदि हैं।

रमाबाई के असीम त्याग के चलते बाबा साहेब डा. आम्बेडकर देश को सौंपा, जिसके बल पर अब देश का कोई नागरिक महिला पुरुष भारत का शासक बन सकता है। कार्यक्रम को प्रेमलता, प्रीति जयंत, शिवि गौतम, अनीता दुरानी, सपना सिंह रजनी दिनकर, रेखा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतक कार्यक्रम पेश किए।

उल्फतराय इंटर कॉलेज के बच्चों ने कविता व गीतों की प्रस्तुत किए। मुझे चढ़ गया नीला रंग.. और भीम मेरा नंबर वन है... गाने पर उपस्थित सैकड़ों महिलाओं ने खूब सरहाया।

▸▸ विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोहा

कार्यक्रम में विमला देवी, रूबी देवी, कमला बौद्ध, पुष्पा गौतम, शशि सिंह, कामिनी माथुर, रजनी चैधरी, आरती सिंह, सपना सिंह, अनीता राव, ज्ञान किशोरी, रेखा जाटव अनीता, दुर्रानी, प्रभा गौतम, मीरा सिंह, सुनीता बौद्ध, सर्वेश गौतम, प्रीति जयंत, नीलम मौर्या, अन्नू सुमन, कमलेश बौद्ध, सरोज सिंह, रुबिराज, सुमन लता, बबिता भारती, रेखा रानी, सुनीता बौद्ध रेखा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ममता सिंह व आरती सिंह आदि ने किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र आशिक पुत्र स्व. राजू व पुत्रवधु रेनू पत्नी आशिक को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **उर्मिला पत्नी स्व. राजू निवासी शान्ति विहार, सिठौरा, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.02.2024 को अपने निवास से कचहरी की तरफ जाते समय सिविल लाइन्स में मेरा एक बैग जिसमें मेरे मकान 83, सिविल लाइन्स, बरेली का मूल बैनामा था, कहीं गिर गया है। जो काफी ढूंढने के बाद भी नहीं मिला। **बलजिन्दर सिंह बक्शी पुत्र स्व. पोपिन्दर सिंह बक्शी निवासी 83-ए, सिविल लाइन्स, बरेली। मो. 9557277009**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### एमए विषम सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 16 से

**बरेली।** बरेली कॉलेज में एमए विषम सेमेस्टर प्रथम और तृतीय की मौखिकी परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है। प्रथम सेमेस्टर की 16 फरवरी को हिंदी, 19 को अंग्रेजी, 21 को समाजशास्त्र, इतिहास, उर्दू, 22 को संस्कृति, 27 को दर्शनशास्त्र और 29 फरवरी को अर्थशास्त्र की परीक्षा होगी। वहीं तृतीय सेमेस्टर की 16 फरवी को हिंदी, 19 को अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, 20 को इतिहास, 22 को समाजशास्त्र, उर्दू, संस्कृत, 27 को दर्शनशास्त्र और 29 को राजनीति शास्त्र की परीक्षा होगी।

### भाड़ा मांगने पर ठेकेदार ने दी जान से मारने की धमकी

**बरेली।** भाड़ा मांगने पर ट्रक मालिक को ठेकेदार ने जान से मारने की धमकी दी। बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिशारतगंज के गांव नौहारा हसनपुर निवासी चंद्रपाल ने पुलिस को बताया कि मेगा सिटी संजयनगर निवासी ठेकेदार वीरेन्द्र यादव ने परसाखेड़ा खाद गोदाम से सरकारी गोदामों में खाद पहुंचाने के लिए उनका ट्रक बुक किया था। जिसका भाड़ा 90 हजार रुपये हुआ। मांगने पर वीरेन्द्र ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### महिला की चेन लूट, विरोध पर पति का गला दबाया

**बरेली।** बिहारीपुर निवासी तसनीम फात्मा ने बताया कि वह पति आसिम इम्तियाज के साथ शनिवार को अपने मायके कांकर टोला आईं थीं। मोहल्ले के सैंकिल, उसका भाई और रोनित ने गले में पड़ी सोने की चेन तोड़ ली। आरोपियों ने पति के गले में गमछा डालकर हत्या करने की कोशिश की। बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सवालों से भरी है मौलाना तौकीर पर प्रशासन की नरमी की कहानी

## पहले भीड़ इकट्ठी कर प्रदर्शन करने से नहीं रोका, अब तीखे बयानों और निषेधाज्ञा तोड़ने के मामले में भी कार्रवाई नहीं

बरेली कार्यालय

- जोगीनवादा कांवड़यात्रा प्रकरण से की जा रही है प्रशासन की भूमिका की तुलना
- अफसरों की सफाई- मौलाना के खिलाफ हमारी तैयारी पूरी अनुमति का इंतजार

**अमृत विचार :** तीखे बयानों और प्रशासन की मनाही के बावजूद जेल भरो आंदोलन के लिए हजारों की भीड़ इकट्ठी कर तनाव का माहौल पैदा करने के बावजूद मौलाना तौकीर रजा खां पर प्रशासन इतनी नरमी क्यों दिखाई और क्यों अब तक दिखा रहा है, इस पर सवाल उठ रहे हैं। तौकीर के इस प्रदर्शन की तुलना कुछ ही महीने पहले जोगीनवादा में विवादित रास्ते पर कांवड़यात्रा निकालने की कोशिश से भी की जा रही है, जब प्रशासन ने आरएसएस और भाजपा के कई बड़े नेताओं की पैरवी को भी नजरंदाज कर सख्त कार्रवाई की थी।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा शुक्रवार को अपने प्रदर्शन के बाद एक बार फिर एक समुदाय के लिए नायक और दूसरे समुदाय के लिए खलनायक बनकर उभरे हैं। गैरसियासी बताए गए उनके प्रदर्शन के चुनावी माहौल में यही सियासी मायने बताए जा रहे हैं। मौलाना का यह प्रदर्शन अपने पीछे कई और ऐसे सवाल छोड़ गया है, फिलहाल जिनका जवाब प्रशासन और पुलिस के अफसरों के पास भी नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जोगीनवादा मामले की तुलना में मौलाना तौकीर के प्रदर्शन पर इतनी नरमी क्यों दिखाई गई, वह भी तब जब शहर में निषेधाज्ञा लगी हुई है।



जुलाई 2023 में जोगीनवादा में जबरन कांवड़यात्रा निकालने की कोशिश पर प्रशासन ने लाठीचार्ज किया था। इसके बाद तमाम कांवड़ियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी। कांवड़यात्रा समिति के लोग इसके बाद कई सोमवार तक कांवड़यात्रा निकालने की कोशिश करते रहे। भाजपा के राजेश अग्रवाल और केशव प्रसाद मौर्य जैसे बड़े नेताओं ने भी कांवड़यात्रा न निकलने देने पर नाराजगी जताई लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की सख्ती बरकरार रही। यही नहीं, कांवड़यात्रा में गोली चलाकर दंगा भड़काने की कोशिश करने वाले को कई दिनों पीछा करने के बाद पुलिस ने उत्तराखंड के एक सरकारी गेस्ट हाउस से गिरफ्तार किया था।

इसके उलट मौलाना तौकीर के प्रदर्शन पर प्रशासन की सख्ती शुरू से आखिर तक नहीं दिखाई दी। प्रदर्शन से पहले प्रशासन की ओर से कई बार चेतावनी जरूर जारी की गईं। शहर में धारा 144 लागू होने का हवाला देने के साथ 31 प्वाइंट पर बैरिकेडिंग कर 14 सौ पुलिसकर्मियों की फौज तैनात करने का दावा किया, लेकिन इसके बाद भी प्रदर्शन के लिए हजारों की भीड़ भी जुटी और प्रदर्शन भी हुआ। मौलाना ने एसपी देहात से तू-तड़ाक की भाषा में बात कर गैरभाजपा शासन के अपने पुराने तेवर दिखाए, उसे भी नजरंदाज कर दिया गया। पुलिस-प्रशासन के अफसर अब सिर्फ इतना कह रहे हैं कि उनकी तैयारी पूरी है। सिर्फ शासन से निर्देश मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

**नजरबंद करने और हिरासत में लेने जैसे विकल्प भी इस बार नहीं किए इस्तेमाल :** इससे पहले मौलाना तौकीर पर भी प्रशासन हाल ही में कई बार सख्ती दिखा चुका है। मौलाना की किसी बड़े प्रदर्शन या दिल्ली कूच जैसी घोषणाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने कभी उन्हें नजरबंद किया और कभी घर से ही नहीं निकलने दिया। इस बार इनमें से कोई विकल्प इस्तेमाल नहीं किया गया। मौलाना प्रदर्शन से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को दिल्ली में थे और देर रात बरेली लौटे थे। कहा जा रहा है कि पुलिस चाहती तो उन्हें आसानी से कहीं भी रास्ते में हिरासत में ले सकती थी लेकिन ऐसा भी नहीं किया गया।

**मोदी-योगी के लिए अपशब्द भी नजरंदाज शहजिल के खिलाफ चला था बुलडोजर :** मौलाना तौकीर ने प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया लेकिन उन्हें भी नजरंदाज कर दिया गया। लोगों को सपा विधायक शहजिल इस्लाम याद आ रहे हैं जिन्होंने मुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था तो बुलडोजर से पीछा छुड़ाना मुश्किल हो गया था। इस कार्रवाई से शहजिल इस्लाम इस कदर दहशत में आ गए थे कि काफी समय तक उन्होंने सपा से ही दूरी बनाए रखी थी। इस बार मौलाना के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ तीखे बयान टीवी मीडिया के जरिए देश भर में प्रसारित हुए लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

**सुब्हानी मियां से मुलाकात का रहस्य:** प्रदर्शन से पहले दरगाह आला हजरत के प्रमुख सुब्हानी मियां का मौलाना तौकीर से मिलने उनके घर पहुंचना भी रहस्यमय माना जा रहा है। पहले तो बताया गया था कि सुब्हानी मियां अपना समर्थन व्यक्त करने मौलाना तौकीर के आवास पर पहुंचे थे लेकिन अब अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि समर्थन व्यक्त करने का काम तो वह एक बयान जारी करके भी कर सकते थे।

### एसएसपी से तौकीर पर केस दर्ज करने की मांग करेंगे व्यापारी

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने भी आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के तीखे बयानों पर कड़ा एतराज जताया है। सोमवार को उसका एक प्रतिनिधिमंडल इस मामले में एसएसपी से मिलकर एफआईआर दर्ज करने की मांग करेगा। सिविल लाइंस में हुई बैठक में महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना ने कहा कि तौकीर रजा के बयान की जितनी निंदा की जाए, वह कम है। प्रधानमंत्री को अपशब्द बर्दाशत करने लायक नहीं हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत ने कहा कि मौलाना ने पहले भी बरेली में दंगा कराया था। प्रदेश मंत्री हरीश अरोरा ने कहा मौलाना के भड़काऊ भाषण से व्यापारियों में भय है। अगर मुकदमा दर्ज नहीं किया हुआ तो व्यापार मंडल धरना देगा। बैठक में कपिल, मनीष, संदीप, राहुल, कमल, दीपक आदि मौजूद रहे।

### शहामतगंज कांड : दांव पर लगाया शहर का अमन-चैन

मौलाना के प्रदर्शन के ऐन बाद शहामतगंज में हुए उपद्रव ने साफ इशारा किया कि पुलिस-प्रशासन ने कितना बड़ा जोखिम मोल लिया। शहामतगंज में पथराव-मारपीट और तोड़फोड़ के बाद दोनों समुदायों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने का दावा कर रही पुलिस दो दिन बाद भी पता नहीं लगा पाई है कि उपद्रव कैसे शुरू हुआ। यह उपद्रव दंगे में बदल सकता था और शहर का अमन-चैन भी खतरे में पड़ सकता था। इससे एक दिन पहले ही हल्द्वानी में भारी उपद्रव होकर चुका था और उसका असर साफ तौर तक बरेली में भी महसूस किया जा रहा था लेकिन इसके बावजूद पुलिस उतनी अलर्ट नहीं थी जितनी होनी चाहिए थी। उपद्रव के बाद थाना बारादरी में दोनों समुदायों की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है लेकिन अब तक इस मामले में भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### भड़काऊ पर्चे छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस की तलाश

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी की ओर से मौलाना तौकीर के प्रदर्शन से पहले जो भड़काऊ पर्चे बांटे गए थे, पुलिस उन्हें छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस की तलाश कर रही है। पर्चे बांटने वाले छह लोगों को भी चिह्नित कर लिए जाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि अब तक एफआईआर में न किसी का नाम शामिल किया गया है, न किसी की गिरफ्तारी की गई है। ौलाना तौकीर की ओर से पिछले रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति देने के खिलाफ जेल भरो का एलान किया गया था। इसमें भीड़ जुटाने के लिए बरेली से उत्तराखंड तक पर्चे भी बांटे गए थे। इन पर्चों में भड़काऊ सामग्री होने के कारण पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज मौलाना तौकीर समेत 30 लोगों को नोटिस जारी किए थे। अब पुलिस पर्चे छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस को तलाश करने की बात कह रही है। पुलिस के मुताबिक प्रिंटिंग प्रेस का पता लगने के बाद यह भी पता लग जाएगा कि पर्चे किसने छपवाए थे। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश शर्मा ने बताया कि पर्चे बांटने वाले छह लोगों को चिह्नित कर लिया गया है। जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मुसलमानों पर हो रहा अत्याचार, एकजुट हों खानकाहें

**बरेली।** अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के खादिमों ने देश में मुसलमानों पर अत्याचार की बात कहते हुए सभी खानकाहों से एकजुट होने की अपील जारी की है। खादिमों की अगुवाई कर रहे सय्यद सरवर चिश्ती ने कहा है कि जिस तरह की आवाज मौलाना तौकीर ने उठाई है, वैसी ही बाकी सभी खानकाहों से भी उठनी चाहिए। अजमेर शरीफ के खादिमों ने एक वीडियो वायरल कर खानकाहों से बुलडोजर की कार्रवाई के खिलाफ आगे आने की अपील की है। इस वीडियो में सय्यद सरवर चिश्ती ने हल्द्वानी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि बाकी खानकाहें भी संविधान के दायरे में रहकर विरोध दर्ज कराएं। यूसीसी को शरीयत के खिलाफ बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

# भाजपा ने विधानसभा क्षेत्रों में बनाए प्रभारी

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ गई हैं। रविवार को भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर जिला और महानगर के विधानसभा क्षेत्र वार प्रभारियों के नाम की घोषणा की। चारों जिलों के 26 विधानसभा वार प्रभारी बनाए गए हैं।

बरेली महानगर की विधानसभा शहर में गुरभाग सिंह, कैंट में स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता, बहेड़ी में राजेश्वर पटेल, मीरगंज में विनय शर्मा, भोजीपुरा में विवेक राठी, नवाबगंज में पुरुषोत्तम लाल टाटा, आंवला जिले की विधानसभा फरीदपुर में मनोज कृष्ण गुप्ता, बिथरी चैनपुर में आलोक सिंह राठौर, आंवला में पंकज सिंह को प्रभारी बनाया गया है। बदायूं जिले की विधानसभा बिसौली में धीरेंद्र वीर सिंह धीरू, सहसवान में पुंष्पेंद्र शर्मा, बिल्सी में उमेश कठेरिया, बदायूं में रवि रस्तोगी, शेखूपुर में संजीव सक्सेना, दातागंज में संतोष दीक्षित, पीलीभीत जिले में पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र में अनिल वाजपेई, बरखेड़ा में आशुतोष शर्मा, पूरनपुर में यतिन भाटिया, बीसलपुर में मुनीश मिश्रा, शाहजहांपुर जिले की कटरा में आरएस पाल, जलालाबाद में प्रशांत पटेल, तिलहर में राजेंद्र प्रसाद कश्यप, पुवायां में रजनीश पांडेय, शाहजहांपुर महानगर की नगर विधानसभा क्षेत्र में रविंद्र सिंह राठौर, ददरौल में रविंद्र सिंह को प्रभारी बनाया गया है।

# पहले समाधान फिर करेंगे पुराने टैक्स का भुगतान

**बरेली।** जीएसटी विभाग से वर्ष 2017-18 और 2018-19 के नोटिस मिलने से व्यापारी परेशान हैं। अधिकारी व्यापारियों की समस्या का निदान करने के बजाए भुगतान करने का दबाव बना रहे हैं। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का कहना है कि समस्या के समाधान पर ही टैक्स का भुगतान किया जाएगा। जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि देशभर में 1 जुलाई 2017 से जीएसटी व्यवस्था शुरू की गई। शुरू के दो साल जीएसटी में कई विसंगतियां रही। पूरे देश में उत्तर प्रदेश ही एक मात्र ऐसा राज्य है। जिसमें इतने बड़े पैमाने पर नोटिस जारी किए गए हैं। महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा शीघ्र ही इनका समाधान आवश्यक है।

# एल्फा मॉवरिक्स ने जीती आईडीएपीएल की ट्राफी

बरेली कार्यालय

- आईडीए बरेली शाखा की ओर से एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** भारतीय दंत चिकित्सा संघ की बरेली शाखा की ओर से एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित आईडीए प्रीमियर लीग का रविवार को समापन किया गया। फाइनल मैच में एल्फा मॉवरिक्स ने टीडीसी टाइगर्स को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया।

आईडीए के सचिव डॉ. अनूप आर्य ने बताया कि पहले सेमीफाइनल में टीडीसी टाइगर्स ने माधावा हॉक्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में एल्फा मॉवरिक्स ने हिमांशु वारियर्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अध्यक्ष डॉ. दिनेश राय ने बताया कि फाइनल मैच एल्फा मॉवरिक्स और टीडीसी टाइगर्स के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीडीसी टाइगर्स की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 117 रन बनाए। जवाब में उतरी एल्फा मॉवरिक्स की टीम ने आसानी से लक्ष्य को पूरा कर लिया। महिलाओं के मुकाबले में डायमंड दिवाज ने राघव रॉयल्स को हराकर मैच जीता। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम, विशिष्ट अतिथि एसके रॉय, डॉ. गिरीश अग्रवाल, डॉ. रवीश अग्रवाल और डॉ. अमित खन्ना मौजूद रहे।

# स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्टों को ठेके पर देने की प्रक्रिया शुरू

बरेली कार्यालय

- डीडीपुरम के फूडकोर्ट और पार्किंग को 15 साल के ठेके पर देने के टेंडर निकाले
- जल्द ही गांधी उद्यान, भूल भुलैया और म्युजिकल फाउंटेन भी दिए जाएंगे ठेके पर

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट का संचालन नहीं होने से अब इन्हें ठेके पर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीडीपुरम में फूडकोर्ट और पार्किंग को 15 साल के लिए ठेके पर देने के लिए टेंडर निकाले गए हैं। जल्द ही गांधी उद्यान में भूलभुलैया और म्युजिकल फाउंटेन का भी टेंडर निकाला जाएगा। पूरे देश से स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्टों को चलाने के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं।

स्मार्ट सिटी परियोजना में बनवाए गए गांधी उद्यान में भूलभुलैया, म्युजिक फाउंटेन काफी समय से बनकर तैयार हैं लेकिन उनका अधिकृत तौर पर संचालन नहीं हो रहा है। भूलभुलैया में घूमने वालों के लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया लेकिन आए दिन कोई न कोई दिक्कत आई। डीडीपुरम में फूडकोर्ट और मल्टीलेबल कार पार्किंग भी तैयार है लेकिन उसका भी संचालन नहीं हो पा रहा है। इन प्रोजेक्टों की जिम्मेदारी अभी स्मार्ट सिटी कंपनी के पास ही है। स्मार्ट सिटी ही प्रोजेक्टों के रखरखाव और मरम्मत का खर्च उठा रही है।

इन प्रोजेक्टों को चलाने के लिए अब स्मार्ट सिटी के अफसरों ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (प्रस्ताव के लिए अनुरोध) मांगा है। अखिल भारतीय स्तर पर मांगे गए प्रस्ताव के बाद कई बड़ी एजेंसियों के प्रस्ताव आने की उम्मीद जताई जा रही है। जो कंपनी प्रोजेक्टों को चलाने का ठेका लेगी उसे 15 साल के लिए संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। इस दौरान वह रखरखाव भी करेगा। स्मार्ट सिटी से सभी शर्तें तय होने के बाद प्रोजेक्टों से होने वाली आय एजेंसी अपने पास रखेगी। इसी माह यह तय हो जाएगा प्रोजेक्टों का संचालन कौन एजेंसी करेगी।

# होमगार्ड विभाग 1.99 करोड़ से खरीदेगा इंसास राइफल-कारतूस

मुरादाबाद कार्यालय

- पश्चिम बंगाल की राइफल फैक्ट्री ईशापोर से होगी शस्त्रों की खरीदारी
- सीतापुर के सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी एवं केंद्रीय आयुध भंडार करेंगे खरीद

**अमृत विचार :** होमगार्ड अब जल्द ही इंसास राइफल से लैस नजर आएंगे। इनके लिए होमगार्ड विभाग जल्द ही इंसास राइफल और कारतूस की खरीदारी करेगा। इसके लिए शासन ने भी हरी झंडी दे दी है। यह खरीदारी 1.99 करोड़ रुपये से होगी। यह धनराशि भी शासन ने जारी कर दी है। इस मामले में संयुक्त सचिव उप्र शासन पद्माकर शुक्ल ने महासमादेष्टा होमगार्ड को आठ फरवरी को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। इंसास राइफल और कारतूस की खरीद के लिए धनराशि सीतापुर में सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी एवं केंद्रीय आयुध भंडार को उपलब्ध कराई गई है।

सहमति के मुताबिक, होमगार्ड विभाग 5.56 एमएम इंसास राइफल और 5.56 एमएम इंसास राइफल (फोल्ड बट) की खरीदारी होगी। इसकी खरीद में कुल 1,93,57,976 रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इंसास राइफलों की खरीद के लिए शासन की सहमति पश्चिम बंगाल से बनी है। वहां राइफल फैक्ट्री ईशापोर से राइफलों की खरीदारी करने के निर्देश अधिकारियों को दे दिए गए हैं। कहा गया है कि 5.56 एमएम के बाल राउंड कारतूस की खरीद के लिए 6.21 लाख रुपये भी सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर को अवमुक्त कर दिए गए हैं।

# मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता और समारोह 12 से

**बरेली।** 37वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं समारोह 12 और 13 फरवरी को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगा। मीडिया प्रभारी सत्येंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बरेली की टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिला व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि पहले दिन स्टेडियम में स्वागत, एकांकी प्रस्तुतिकरण, फ्लैग मार्च, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस खेलों में बच्चे प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# बरेली कॉलेज के पूर्व प्राचार्य शिक्षाविद प्रो. एनएल शर्मा का हुआ निधन

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद प्रो. एनएल शर्मा का रविवार को अचानक स्वास्थ्य खराब होने से 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि सोमवार सुबह 10 बजे मॉडल टाउन श्मशान भूमि पर होगी।

उनका जन्म 1 जनवरी 1946 को बदायूं में हुआ था। वर्तमान में वह कीर्ति नगर में रहते थे। उनकी पत्नी डॉ. आदर्श शर्मा हैं। उनके पुत्र विवेक शर्मा बिहार में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में डीन हैं और पुत्री प्रज्ञा शर्मा हैदराबाद में निवास कर रही हैं। वह बरेली कॉलेज में वाणिज्य विभागाध्यक्ष और प्राचार्य रहे। सेवानिवृत्त होने के बाद वह केसीएमटी उप महानिदेशक, प्रेम प्रकाश गुप्ता इंस्टीट्यूट के महानिदेशक रहे। वर्तमान में वह गंगाशील महाविद्यालय नवाबगंज के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे। उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और कई विद्यार्थी उनके संरक्षण में पीएचडी कर चुके हैं। उनके निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार, पूर्व प्राचार्य डॉ. शशि वाला राठी, साहित्यकार इंद्रदेव त्रिवेदी, केके माहेश्वरी, केसीएमटी के निदेशक विनय खंडेलवाल, सीए राजन विद्यार्थी, प्रो. राजकुमार, इतिहासकार रंजीत पांचाले, मानव सेवा क्लब के एपी गुप्ता और निर्भय सक्सेना, बैंककर्मी भुवनेश शर्मा- प्रमोद अग्रवाल, राज नरायन गुप्ता, विशाल शर्मा, बीके कोचर, बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है।

# कर्मचारियों ने शिक्षकों को गुल्ली डंडा और कंचे के खेल में हराया

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 49वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार से खेलकूद प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। परंपरागत खेलों गुल्ली डंडा, कंचे और सतोलिया प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों ने शिक्षकों को हराया। गुल्ली डंडा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, द्वितीय शिक्षक और तृतीय पर तृतीय श्रेणी कर्मचारी रहे। कांच गोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तृतीय श्रेणी कर्मचारी, द्वितीय शिक्षक और तृतीय स्थान पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहे।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार, 8 बाइक बरामद

बरेली कार्यालय

- पीलीभीत, बरेली समेत अन्य जिलों की बाइकें बरामद

**अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके दो साथी फरार हो गए। वाहन चोरों की निशानदेही पर चोरी की आठ बाइक बरामद हुई हैं। सभी बरातघरों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से बाइक चोरी कर अय्याशी और शराब की लत पूरी करते थे।

इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह गश्त के दौरान विलयधाम पुल के भट्टे के सामने से दो लोगों को गिरफ्तार किया और दो फरार हो गए। गिरफ्त में आया आरोपी विमल बडेपुरा निकट खोह थाना हाफिजगंज का निवासी है और सरगना है। वहीं दूसरा आरोपी करन हाफिजगंज के रिठौरा का रहने वाला है। फरार आरोपी विशाल और संजू भी रिठौरा के ही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई संजीव कुमार, मुकेश चौहान, मुख्य आरक्षी आशीष कुमार आदि रहे।

**पांच से दस हजार में बेच देते थे चोरी की बाइक :** पूछताछ में विमल और करन ने बताया कि चारों बेरोजगार हैं। सभी उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, आदि प्रदेशों से बाइक चोरी करते हैं। सभी तेज बाइक चलाते हैं और स्टंट भी करते हैं। चोरी की बाइक को पांच से दस हजार रुपये में बेचकर शराब और अय्याशी की लत को पूरी करते हैं। विमल के खिलाफ इज्जतनगर, नवाबगंज, भुता, बदायूं के थानों में आठ केस पंजीकृत हैं, जबकि करन, विशाल और संजू के खिलाफ दो-दो मुकदमे दर्ज हैं।

# धान खरीद में पिछड़े, इसलिए 15 दिन पहले शुरू होगी गेहूं खरीद

बरेली कार्यालय

- पिछले साल लक्ष्य के सापेक्ष 1.36 फीसदी हुई थी गेहूं खरीद

**अमृत विचार :** धान खरीद में पिछड़े अफसरों के सामने अब गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा करना किसी से चुनौती से कम नहीं होगा। पिछले सीजन में में भी लक्ष्य के सापेक्ष महज 1.36 फीसदी गेहूं की खरीद हुई थी। खरीद के दौरान बिचौलियों पर रोक के लिए तैयारी की जा रही है। एजेंसी प्रबंधकों के साथ बैठकें कर जिम्मेदारी तय की जा रही है।

इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 150 रुपये से बढ़ाकर 2275 रुपये निर्धारित किया है। हर साल एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होती है, लेकिन इस बार 15 मार्च से जिले के पांच एजेंसियों के 116 केंद्रों पर खरीद कराने का निर्णय लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले के 135 केंद्रों पर 1.80 लाख एमटी खरीद का लक्ष्य था लेकिन सिर्फ 1.36 प्रतिशत खरीद हुई थी। इस बार धान खरीद ढाई लाख एमटी के सापेक्ष महज 75.76 प्रतिशत ही रही। डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने बताया कि अभी गेहूं खरीद का कोई लक्ष्य तय नहीं किया गया है। जब तक किसान गेहूं लाएंगे तब तक निर्धारित मानकों के आधार पर खरीद होगी। करीब 1250 किसानों का पंजीकरण कराया जा चुका है।

> तीन साल से गेहूं का खरीद प्रतिशत काफी कम रहा है। इसकी मुख्य वजह बाजार में गेहूं का मूल्य ज्यादा मिलना था। हर साल एक अप्रैल से खरीद शुरू होती है। इस पर 15 मार्च से खरीद शुरू करने का शासन से निर्देश मिला है।
>
> -सचिन कुमार, आरएमओ

**किसानों के लिए केंद्रों पर लगाए जाएंगे दो कांटे:** सभी क्रय केंद्रों पर दो कांटे लगाए जाएंगे। एक कांटे पर लघु सीमांत और दूसरे पर बड़े किसान का गेहूं खरीदा जाएगा। दो हेक्टेयर तक जमीन वाले लघु सीमांत किसान की श्रेणी में रखे जाएंगे। किसी भी समस्या के लिए किसान टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 या जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय (05814002279) या तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या मंडियों में तैनात विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं। किसी तरह की सहायता के लिए 7839565063 पर मैसेज कर सकते है।

**पिछले साल उत्तराखंड की फैक्ट्रियों में खूब बेचा था गेहूं :** पिछले तीन साल से लगातार गेहूं खरीद में जिला पिछड़ रहा है। पिछले साल उत्तराखंड में बहेड़ी और मीरगंज के ज्यादातर किसानों ने समर्थन मूल्य से दो सौ रुपये ज्यादा रेट पर गेहूं उत्तराखंड में बिस्कुट बनाने वाली फैक्टरियों को बेचा था।

# महंगाई के इतिहास में एक और अध्याय

**बरेली, अमृत विचार :** टमाटर और प्याज की तरह लहसुन ने भी इतिहास रच दिया है। पिछले साल 50 रुपये किलो में मारा-मारा फिरने वाला लहसुन इस बार साढ़े छह सौ से सात सौ तक पहुंच गया है।

बताया जा रहा है कि देश की प्रमुख लहसुन मंडी मध्यप्रदेश के नीमच, मंदसौर और राजस्थान के कोटा में इस बार बारिश से लहसुन खराब होने से आपूर्ति घटी है और दाम बढ़ गए हैं।

मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष शुजाउर रहमान के मुताबिक करीब दस दिन पहले थोक मंडी में लहसुन साढ़े तीन सौ से चार सौ तक के रेट में बिक रहा था जो अब करीब पांच सौ रुपये तक पहुंच गया है।

फुटकर बाजार में रेट साढ़े छह से सात सौ तक है। इन दिनों लहसुन की दो-तीन गाड़ी ही मंडी में आ रही हैं। पहले सात से आठ गाड़ी पहुंचती थी।

# परीक्षा में कठिन सवालों ने अभ्यर्थियों को उलझाया

बरेली कार्यालय

- 57 केंद्रों पर 15692 अभ्यर्थियों ने दी आरओ और एआरओ की परीक्षा
- दोनों पालियों से 9958 परीक्षार्थी अनुपस्थित, अफसरों ने केंद्रों का किया दौरा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से रविवार को जिले के 57 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच आरओ, एआरओ (समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी) की प्रारंभिक परीक्षा कराई गई। 25650 में से 15692 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 9958 अनुपस्थित रहे। कई कठिन और लंबे सवाल आने से अभ्यर्थी परेशान रहे। उनका माथा चकरा गया। सवालों को हल करने में वह काफी देर तक उलझे रहे। कुछ ने सवाल अच्छे तरीके से हल हो जाने पर खुशी भी जाहिर की।

पहली पाली सुबह 9.30 से 11.30 बजे संपन्न हुई। इसमें 15834 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी, जबकि, 9816 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में 15692 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 9958 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 15692 ने परीक्षा दी, जबकि 9958 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा के दौरान स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट सजग रहे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराई गई। परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम सिटी सौरभ दुबे लगातार केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है। किसी भी केंद्र पर अभ्यर्थियों को कोई दिक्कत नहीं हुई है। 57 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 19 सेक्टर प्रभारियों की ड्यूटी लगाई थी।

# अनूठा रहा विधानमंडल का बजट सत्र, सदन से लेकर अयोध्या तक केंद्र में रहे श्रीराम



गोलेश स्वामी
राजनीतिक विश्लेषक

> मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने आज भी अयोध्या दर्शन से स्वयं को दूर रखा। शायद नेता विपक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव के ऐनवक्त पर अपने मुस्लिम वोट बैंक को कोई विपरीत संदेश देकर कोई जोखिम लेना नहीं चाहते हैं। वे शायद जानते हैं कि भाजपा के साथ अयोध्या जाने से उनके मुस्लिम वोट बैंक में ठीक संदेश नहीं जाएगा।

यूपी विधानमंडल (विधानसभा-विधान परिषद) का वर्ष-2024 का पहला और योगी सरकार का आठवां बजट सत्र समाप्त हो गया। यूं तो यह बजट सत्र अन्य सत्रों के मुकाबले कई मायनों में अनूठा रहा। लेकिन इसका सबसे खास पहलू रहा सदन से लेकर अयोध्या तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का मुख्य केंद्र में रहना। श्रीराम के जयघोष के साथ ही सत्र की शुरूआत हुई और श्रीराम के जयघोष के साथ ही समापन। यहां तक कि योगी सरकार ने अब तक का सबसे बड़ा वर्ष-2024 का बजट भी भगवान श्रीराम को समर्पित कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ही नहीं बल्कि सत्ता पक्ष के क्या मंत्री और क्या विधायक सभी भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से खासे उत्साहित नजर आए। यही वजह रही कि चाहे सदन रहा हो या अयोध्या, उन्होंने खुलकर श्रीराम का जयकारा लगाने से भी कोई संकोच नहीं किया। दोनों सदनों के कामकाज पर भी श्रीराम का खासा प्रभाव दिखा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण और बजट की बहस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जवाब में श्रीराम को उन्होंने अपने से जुदा नहीं होने दिया।

अभिभाषण और बजट पर चर्चा के जवाब में मुख्यमंत्री अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से इतने खुश नजर आए कि उन्होंने काशी और मथुरा के एजेंडा को भी आगे बढ़ा दिया। विधानसभा के अंदर योगीजी का यह कहना देश-प्रदेश की जनता में संदेश देने के लिए काफी है कि काशी में नंदी महाराज कब तक इंतजार करते, उन्होंने रात को ही बेरीकेड तोड़ दिए। इसके साथ ही उनका यह कहना कि हमारे कृष्ण कन्हैया अब कहां पीछे रहने वाले हैं। योगी जी का यह कहना भी देश के अल्पसंख्यकों को खास संदेश देने के लिए काफी है कि पांडवों ने तो पांच गांव मांगे थे, हम तो यानी हिन्दू तो सिर्फ अपने तीन ही धर्मस्थल मांग रहे हैं। उनके इस संदेश का सीधा तात्पर्य है कि मुस्लिमों की समझदारी इसी में है कि वे सौहार्दपूर्वक मथुरा और काशी का मंदिर भी दे दें अन्यथा अयोध्या की तरह ये दोनों स्थान भी कोर्ट से लड़कर लिए जाएंगे। क्योंकि इतिहास गवाह है कि ये पहले मंदिर ही थे।

आक्रांताओं ने तोड़कर इनके हिस्से को मस्जिदों में बदला। एएसआई की रिपोर्ट इस सचाई से सारा पर्दा उठाती है। विधानसभा और विधान परिषद के अंदर मंत्रियों के वक्तव्य रहे हों या विधायकों की बात, रह-रहकर बीच-बीच में भगवान श्रीराम और उनके मंदिर की बात होती रही। हालांकि विपक्षी सदस्य यह कहकर अपनी सफाई देते रहे कि भगवान श्रीराम उनके भी आराध्य हैं, लेकिन भाजपा की तरह उन्होंने राम का राजनीतिकरण नहीं किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विचार-विमर्श के बाद विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने जब सदन के अंदर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को सत्र की समाप्ति पर अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन-पूजन का न्योता दिया। विधानसभा अध्यक्ष के प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष तो इसके लिए खुशी-खुशी तैयार हो गया, लेकिन नेता विपक्ष अखिलेश यादव ने उनका यह न्योता यह कहते हुए ठुकरा दिया कि भगवान श्रीराम जब बुलाएंगे, तब वे वहां जाएंगे, आपके बुलावे पर नहीं जाएंगे। हुआ भी यही परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा की गई दस लक्जरी बसों की व्यवस्था से मंत्री, विधायक अयोध्या पहुंचे और वहां राम लला के भव्य मंदिर में दर्शन, पूजन के साथ भजन-कीर्तन भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना राम मंदिर दर्शन के बाद भजन-कीर्तन करके श्रद्धा से सराबोर नजर आए। मुख्यमंत्री योगी तो बिल्कुल राम के सामने नतमस्तक हो गए। अन्य मंत्री व विधायक भी उनका अनुसरण करते नजर आए। ऐसा करके योगी जी अपने बहुसंख्यक समाज में सकारात्मक संदेश देते नजर आए।

अयोध्या के 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष ने भले ही ठुकरा दिया था, लेकिन आज कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और बसपा विधानमंडल के नेता उमाशंकर सिंह ने अयोध्या पहुंचकर भगवान श्रीराम के भक्त होने का संदेश दिया। लेकिन मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने आज भी अयोध्या दर्शन से स्वयं को दूर रखा। शायद नेता विपक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव के ऐनवक्त पर अपने मुस्लिम वोट बैंक को कोई विपरीत संदेश देकर कोई जोखिम लेना नहीं चाहते हैं। वे शायद जानते हैं कि भाजपा के साथ अयोध्या जाने से उनके मुस्लिम वोट बैंक में ठीक संदेश नहीं जाएगा। यह बात दीगर है कि यह मौका अखिलेश यादव के लिए बहुसंख्यकों का दिल जीतने का भी था। लेकिन वे यह मौका चूक गए। हालांकि स्थति संभालने के लिए इतना जरूर बोले कि हम कृष्ण के वंशज हैं और भगवान विष्णु के सभी अवतारों की पूजा-अर्चना करते हैं।

बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई विकास और कानून व्यवस्था के मद्दे पर नोंक-झोंक और आरोप-प्रत्यारोप के लिए भी जाना जाएगा। दोनों पक्षों के बीच व्यंग्य बाण खूब चले। मुख्यमंत्री योगी ने जहां समाजवादी पार्टी को खास निशाने पर रखा, वहीं हास परिहास के लिए चाचा शिवपाल सिंह को मोहरा बनाकर पेश किया। सभी जानते हैं कि चाचा शिवपाल सिंह को भतीजे अखिलेश यादव द्वारा मुख्यधारा में न रखना, यही कमजोर नस योगी जी बार- बार दबाने में माहिर हैं। वे चुटकी लेने से भी नहीं चूकते कि चाचा के साथ धोखा हुआ है। चाचा का मुद्दा चाहे जैसे उठे, इस मुद्दे पर जहां ठहाके लगे, वहीं इस हास परिहास के बहाने मकसद साफ सपा मुखिया के परिवार की अंदरुनी राजनीति पर निशाना लगाना है। सभी जानते हैं कि सपा की लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की गई है, उनमें शिवपाल सिंह यादव का नाम नहीं हैं। तीन अन्य परिवारीजनों का नाम है। इस बजट सत्र में यूपी की वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया गया, वहीं मुख्यमंत्री ने यह कहकर सपा के पूर्व शासन को कठघरे में खड़ा किया कि विपक्ष ने फेल्योर स्टेट बनाया, जबकि भाजपा ने सेक्योर स्टेट।

बहरहाल, यह रही सत्ता और विपक्ष की बात. लेकिन इस सत्र की एक अहम बात यह भी रही कि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा और विधानभवन को एक खूबसूरत रूप दिया है। अब देस-विदेश से आने वाले पीठासीन अधिकारी भी यूपी विधानभवन को देखकर सराहना किए बिना नहीं रहते। विधानभवन की डिजिटल सुंदरीकरण, सेल्फी प्वाइंट और महिला विधायकों के लिए अलग से सुविधाओं युक्त हाल की व्यवस्था उनके विजन को दर्शाता है।

महाना जी नए नए प्रयोग करते रहते हैं। साथ ही सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधायकों के लिए वर्कशाप आयोजित करना अपने आप में अनूठा है। इस तरह हम कह सकते हैं कि यह बजट सत्र कई मायनों में अनूठा और ऐतिहासिक रहा। कामकाज की दृष्टि से भी इस बार के सत्र को सफल कह सकते हैं क्योंकि जहां देर तक सदन में कामकाज हुआ, वहीं बिना किसी स्थगन के आठ दिन चला। कुल 55 घंटे और नौ मिनट सदन की कार्यवाही चली। 2404 यानी 88.14 फीसदी सवाल आनलाइन मिले। पांच विधेयक पास हुए। बजट सत्र बिना स्थगन के चलने का श्रेय भी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की सौम्यता और व्यवहार कुशलता से सदन में अनुशासन को बनाए रखने को जाता है। कई मौकों पर हुए वाद-विवाद को भी उन्होंने अपनी समझबूझ से सुलझाया और सदन की कार्यवाही निरंतर चलने का रास्ता आसान किया।

## आगरा

### कक्षा आठ की छात्रा की शिक्षक ने बनाई अश्लील वीडियो

**आगरा, अमृत विचार :** जिले के थाना पिढोरा इलाके में एक निजी स्कूल के शिक्षक ने कक्षा 8 की छात्रा की अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक गंजनपुरा के एक निजी विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक सतीश त्यागी निवासी गोपालपुर द्वारा स्कूल में में पढ़ने वाली 12 वर्षीया नाबालिग छात्रा की अश्लील वीडियो बना ली और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शिक्षक छात्रा की और वीडियो बनाने के लिए दबाव बनाने लगा और वीडियो न बनने पर उसके पिता और भाई को गोली मारने की धमकी देने लगा। डरी छात्रा ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने आरोपी शिक्षक सतीश त्यागी के विरुद्ध थाना पिढ़ौरा में तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर आरोपी शिक्षक के विरुद्ध छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# किशोरी को यमुना में फेंकने वाला आरोपी पिता गिरफ्तार

## फरार फूफा की तलाश में जुटी पुलिस, समगोरा घाट पर हुई घटना

संवाददाता, आगरा

- एक युवक से बात करती थी किशोरी, पिता को नहीं था पसंद
- मौजूद ग्रामीणों ने किशोरी को नदी से बाहर निकाला, बची जान

**अमृत विचार:** आगरा के बमरौली कटारा थाना क्षेत्र के समगोरा घाट पर सात फरवरी को एक किशोरी को उसके पिता और फूफा ने पुल से यमुना नदी में फेंक दिया था। इसके बाद उसे मृत समझकर दोनों लोग चले गए, लेकिन वहां मौजूद ग्रामीणों ने किशोरी को नदी से बाहर निकाला और पुलिस को जानकारी दी। वह होश में आई तो उसने अपनी आपबीती सुनाई, कि उसको जान से मारने की कोशिश करने वाले उसके पिता और फूफा ही थे। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने थाना बमरौली कटारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

डीसीपी ईस्ट रवि कुमार ने बताया कि सात फरवरी को बमरौली कटारा थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस घटना के खुलासे के लिए एसओजी और थाना पुलिस की टीम लगाई गई थीं। किशोरी को पुल से फेंकने और उसे जान से मारने के मामले में उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन अभी किशोरी का फूफा पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा है। उसको पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा जगह-जगह दबिश दी जा रही है।

**किशोरी की आपबीती सुन पुलिस भी हैरान रह गई**

डीसीपी ईस्ट रवि कुमार ने बताया की किशोरी की आपबीती सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई कि आखिर एक पिता अपनी बेटी के साथ ऐसा कैसे कर सकता है। पुलिस द्वारा पूछताछ में किशोरी ने बताया कि उसके पिता और फूफा उसे बाइक पर बैठाकर अलीगढ़ से लाए थे। पहले उन्होंने अंगौछे से उसका गला दबाया फिर उसे यमुना में फेंक दिया। डीसीपी रवि कुमार ने बताया कि पिता और फूफा ने परिवार की इज्जत के लिए यह सब किया। बताया कि किशोरी एक लड़के से बात करती थी, उन्हें यह पसंद नहीं था। उन्होंने किशोरी को उस लड़के से बात नहीं करने के लिए काफी समझाया लेकिन वह नहीं मान रही थी। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और फूफा की तलाश की जा रही है।

### महिला ने पति पर लगाए गंभीर आरोप

**आगरा, अमृत विचार:** फतेहाबाद थाना क्षेत्र की युवती एमबीए है। दो साल पहले उसकी शादी ताजगंज निवासी युवक के साथ हुई थी। पति दिल्ली एक निजी कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर है। पीड़िता का आरोप है कि पति ज्यादातर नौकरी पर ही रहता है। घर बुलाने पर भी नहीं आता। दिल्ली साथ रहने के लिए बोलो तो मना कर देता है। मायके जाने के बाद अपने घर पर आ जाता है। पत्नी के आने से पहले वापस नौकरी पर चला जाता है। पीड़िता ने बताया कि कभी सामने आ भी जाए तो पास नहीं आता। महिला का आरोप है कि पति शारीरिक संबंध बनाने में अक्षम है। ससुराल वालों से शिकायत की तो वह दहेज की मांग को लेकर परेशान करने लगे। पति के साथ रहने की जिद की तो पिटाई की। उसने महिला थाने में शिकायत की। अब मामला परिवार परामर्श केंद्र में चल रहा है।

# व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय राज्यमंत्री से मिला

संवाददाता, आगरा

- आयकर की धारा 43-बी (एच) में संशोधन वापसी को लेकर कारोबारियों ने दिया ज्ञापन

**अमृत विचार:** प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने आयकर की धारा 43-बी (एच) में संशोधन के खिलाफ पुरजोर मांग उठाई है। इसे लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल को ज्ञापन दिया गया।

व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल के नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल से मिला और उन्हें ज्ञापन दिया। एमएसएमई की सुविधाओं के मद्देनजर आयकर अधिनियम की धारा 43 बी के द्वारा एमएसएमई से जुड़ी इकाइयों को 15 दिन के अंदर भुगतान करने की व्यवस्था लागू की गई है। व्यापारी से अनुबंध होने पर भुगतान की देयता 45 दिन कर दी गई है जो की व्यापारियों के लिए व्यावहारिक नहीं है। 45 दिन में भुगतान न होने पर वर्ष के अंत में जो राशि रह जाएगी वह उसे वर्ष के आय में जोड़कर आयकर की गणना की जाएगी। व्यापारियों का कहना है कि इस प्रवाधान से व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ जाएगा। आयकर अधिनियम धारा 45बी(एच) के प्रावधानों के निर्णय को अविलंब वापस लिया जाय ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके।

ज्ञापन में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से गिर्राज प्रसाद अग्रवाल, दीपक खरे, राजकुमार गुरुनानी, निर्मल जैन, दीपक शर्मा, सुनील जैन, किशोर बुधरानी, मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी, शैलेश खंडेलवाल, राजेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, सुलेमान, अनुराग गोयल, बॉबी बेदी आदि शामिल थे।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक, हालत गंभीर

**आगरा, अमृत विचार:** खेरागढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने झुलस गया। युवक खानपुर मोड़ स्थित एक सीमेंट की दुकान पर काम आया था। गंभीर हालत में युवक को सीएचसी खेरागढ़ से आगरा रेफर कर दिया गया। खेरागढ़ थाना क्षेत्र के गांव ऊंटगिर निवासी रवि (28) पुत्र विशंभर रविवार सुबह करीब 11 बजे सीएचसी खेरागढ़ में खानपुर मोड़ पर स्थित सीमेंट की दुकान पर गया था। युवक धूप सेंकने के लिए छत पर गया, जहां छत पर जा रही 11 हजार वोल्टेज की हाई टेंशन लाइन से छू गया। उसकी चपेट में आने से युवक झुलस गया। गंभीर अवस्था में युवक को सीएचसी खेरागढ़ से आगरा रेफर कर दिया गया है, युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मझौआ हेतराम, विकास खंड भुता, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मझौआा हेतराम में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में मेन रोड पंचायत घर से अकबर वेग के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य होना है, जिसकी प्राक्कलन धनराशि 3.99 लाख है। सामग्री आपूर्ति सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, प्रथम ईंट, रोड़ी आदि हेतु निविदा दिनांक 12.02.2023 आमन्त्रण की जाती है जिस फर्म का टेन्डर सबसे कम दर का होगा ग्राम पंचायत द्वारा उसी को स्वीकार किया जायेगा। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन शाम 4 बजे खोला जायेगा।

प्रधान-श्रीमती रुकसाना | सचिव-ब्रजेश कुमार

**कार्यालय ग्राम पंचायत नगीरामपुर, विकास खंड भुता, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नगीरामपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में कार्य मेन रोड से कब्रिस्तान तक खड़ंजा निर्माण कार्य होना है, जिसकी प्राक्कलन धनराशि 3.99 लाख है। चटका ईंट आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है, जिन्हें कार्यालय ग्राम पंचायत में दिनांक 12.02.2024 तक जमा कर सकते हैं। जिस फर्म का टेन्डर सबसे कम दर का होगा ग्राम पंचायत द्वारा उसी को स्वीकार किया जायेगा। समस्त निविदाओं को उसी दिन शाम 4 बजे खोला जायेगा।

प्रधान-अहमद रजा अन्सारी | सचिव-अजय वर्मा

**कार्यालय ग्राम पंचायत नौसना वि.खं. कटरा, खुदागंज, शाहजहाँपुर**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययाजनानुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूरियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीबंद निविदायें दिनांक 14.2.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 3:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

राजेन्द्र प्रसाद, ग्राम प्रधान | विनोद यादव, ग्राम विकास अधिकारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोठा खेतल वि.खं. कटरा, खुदागंज, शाहजहाँपुर**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययाजनानुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूरियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीबंद निविदायें दिनांक 14.2.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 3:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

माला देवी, ग्राम प्रधान | विनोद यादव, ग्राम विकास अधिकारी

### मां ने डांटा तो बेटी ने पी लिया कीटनाशक

**आगरा, अमृत विचार:** आगरा के थाना जैतपुर इलाके में मोबाइल चलाने को लेकर एक मां ने बेटी को डांट दिया तो 23 वर्षीय युवती ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर कीटनाशक दवा पी ली। दवा पीने के बाद युवती की तबीयत बिगड़ गई और उसे बाह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक युवती को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था जहां उसका उपचार चल रहा है फिलहाल युवती को हालत में सुधार सुधार हो रहा है और वह खतरे से बाहर है।

# नवीन जैन राज्यसभा प्रत्याशी घोषित

संवाददाता, आगरा



नवीन जैन के घर खुशी मनाते कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** प्रदेश से राज्यसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से जो नाम घोषित किए गए हैं, उनमें से एक नाम आगरा के मेयर रहे नवीन जैन का भी है। नवीन जैन ने भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य के तौर पर 40 साल पहले पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी।


1980 में नवीन जैन ने बीजेपी के वार्ड अध्यक्ष बने और 1989 में पहली बार वे भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़े। 1989 में पहली बार पार्षद चुनकर आगरा नगर निगम पहुंचे फिर 1995 में दूसरी दफा उन्होंने पार्षद का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 1997 में नवीन जैन को आगरा का डिप्टी मेयर चुना गया। 2010 में उन्हें ब्रज क्षेत्र का कोषाध्यक्ष बनाया गया। 2010 से लेकर 2019 तक ब्रज प्रदेश के कोषाध्यक्ष रहे। 2017 में भाजपा ने आगरा महापौर की सामान्य सीट पर उन्हें भाजपा पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया तो नवीन जैन जीत हासिल करते हुए महापौर बने। 2019 में नवीन जैन को प्रदेश भाजपा के सह कोषाध्यक्ष भी बनाया गया। 14 अक्टूबर 1962 को आगरा में जन्मे नवीन जैन बताते हैं कि उनके पिता एलआईसी बिल्डिंग के पास चाय की दुकान चलाते थे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से राज्यसभा भेजे जाने वाले सदस्यों की सूची जारी होने के बाद से ही नवीन जैन के कमला नगर स्थित घर पर प्रशंसकों का तांता लगा रहा।

# मां कामाख्या सहस्त्र चंडी महायज्ञ शुरू

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार:** महामायी कामाख्या देवी के जयकारों और 108 यज्ञ कुंडों में प्रज्ज्वलित पावन अग्नि ने वातावरण को पवित्र बना दिया। हर तरफ दैवीय प्रभाव के साथ महामायी कामाख्या व भैरव बाबा की ध्वजाएं लहरा रही थीं। आसाम व मिथिलानगरी से आए आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारम के साथ सर्वप्रथम गो पूजन के बाद 108 यज्ञ कुंडों में अग्नि प्रज्ज्वलित कर मां कामाख्या सहस्त्र चंडी 108 कुंडीय महायज्ञ का आरंभ किया गया।

यज्ञ से पूर्व परिसर में 56 देवी-देवताओं की मूर्तियों का विधि-विधान के साथ पूजन किया गया। संत स्वामी श्री कीर्तिनाथ जी महाराज के नेतृत्व में प्रातः यज्ञ के बाद दोपहर दो बजे पुनः यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चारम के साथ महामायी के नाम की आहुतियां दी गईं। एक साथ 108 कुंडों में यज्ञ की पवित्र अग्नि के साथ वैदिक मंत्रों के उच्चारण ने मानों भक्ति के ऐसे सरोवर का निर्माण कर दिया जहां परमानन्द की अनुभूति के अलावा और कुछ नहीं था। भक्ति के इस आनन्द का अनुभव हर श्रद्धालु ने महसूस किया।



यज्ञकुंडों में आहुति देते यजमान। ● अमृत विचार

- महामायी कामाख्या के जयकारों से गूंजा यज्ञ स्थल

दोपहर को कथा वाचक संजय शात्री द्वारा श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भक्तिमय व संगीतमय वर्णन किया गया। माखनचोरी, कालिया नाग का मंथन जैसी सचित्र कथा सुनकर हर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठा। कथा के साथ कीर्तन का भी आयोजन हुआ। संध्या काल में रासलीला के मंचन देखने के लिए श्रद्धालु उमड़े। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के मुरारीप्रसाद अग्रवाल, वंदना मेड़तवाल, अजय गोयल, राहुल अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, अवि गोयल, पवन भदौरिया, सुनील पाराशर, डॉ. सुभाष भारती, प्रीतम सिंह लोधी, जयशिव छोकर, वीरेन्द्र मेड़तवाल, सीमा गोयल, रीया आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत धीरपुर, वि.खं. मझगवां (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धीरपुर, विकास खण्ड मझगवां (बरेली) में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा मनरेगा, पंचम वित्त व केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निम्न विवरण अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु निर्माण सामग्री जैसे: ईंट, ईंट रोड़ी, सीमेन्ट, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, मिटटी, बोर्ड व अन्य सामग्री की आवश्यकता है। गुणवत्ता पूर्ण उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 14.02.24 को दोपहर 2:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। निविदा उसी दिन में दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित माप | अनुमानित लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रामनाथ के घर से शेर सिंह के घर तक सी.सी. निर्माण | - | 3,99,000/- | मनरेगा |
| 2. | भोलेराम के घर से छोटे लाल श्रीवास्तव की पशुशाला तक सी.सी. निर्माण | - | 3,10,000/- | मनरेगा |
| 3. | बन्धन सिंह के घर से रामचन्द्र के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण | - | 2,51,000/- | 5th/15th |
| 4. | मुन्ना लाल के घर से पंचायत घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | - | 3,99,000/- | मनरेगा |
| 5. | हैण्डपम्प रिबोर कार्य | 6 | 2,80,000/- | 5th/15th |
| 6. | सोहन लाल के घर से नाले तक सी.सी. निर्माण | - | 2,20,000/- | मनरेगा |
| 7. | बलवीर के घर से नाले तक सी.सी. निर्माण | - | 2,25,000/- | 5th/15th |

नेत्रपाल सिंह, ग्राम प्रधान | राजदीप कुमार, सचिव

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्, मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्च : सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥

भाई अपने भाई से कभी द्वेष नहीं करें, बहन अपनी बहन से द्वेष नहीं करें, समान गति से एक दूसरे का आदर-सम्मान करते हुए परस्पर मिल-जुलकर कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें।

## संपादकीय

# चुनाव परिणाम के मायने

पाकिस्तान में अंततः रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए। अंतिम परिणामों ने लोगों को चौंका दिया है। किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलने से सरकार बनाने की स्थिति साफ नहीं हो पाई है। फिलहाल जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीट मिलीं, जबकि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिलीं हैं। पाकिस्तान की असल कमान हमेशा सेना के हाथ में रही है। पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां की सत्ता पर आधे से अधिक समय सेना का कब्जा रहा है। सत्ता में जो भी रहा वह सेना का मोहरा बनकर ही रहा। सेना समय-समय पर अपने फायदे के लिहाज से राजनीतिक मोहरे चुनती आई है। पिछले चुनाव में वह इमरान खान के पीछे खड़ी थी और तब इमरान पहली बार प्रधानमंत्री बनने में सफल भी हुए। फिर इमरान के साथ अनबन हुई तो विरोधी दलों को एक मंच पर लाकर सेना ने उनकी गठबंधन सरकार गठित करा दी। चुनाव नतीजे संकेत कर रहे हैं कि देश पर सेना की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है। इस बार भी चुनाव में सेना ने खेल खेला फिर भी अपने इरादों मे सफल नहीं हो सकी। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि सेना को नवाज शरीफ का समर्थन करते हुए देखा गया था। परंतु अब जनता सेना के राजनीतिक हस्तक्षेप और पारंपरिक राजनीतिक दलों के रवैये से निराश हो चुकी है। जनता में सेना का डर कम हो गया है। वह अपने पड़ोस में भारत को तरक्की करते हुए और विश्व की एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होते देख रही है। कई विश्लेषक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा में यह कहते हैं कि वह अपने देश को सही दिशा में ले जा रहे हैं।

इस समय पाकिस्तान कई समस्याओं से जूझ रहा है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसका असर अन्य मोर्चों पर भी पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि तालिबान भी उसे आंखें दिखा रहा है। ईरान ने तो कुछ दिन पहले एक प्रकार का हवाई हमला कर दिया। ऐसे में सरकार किसी की भी बने परंतु उसके सामने चुनौतियां कम नहीं होंगी। भारत चाहेगा कि वहां स्थायी सरकार बने। पाकिस्तान को यदि मौजूदा चुनौतियों से निपटना है तो उन सुधारों का सूत्रपात करना होगा, जो उसे आवश्यक स्थायित्व एवं संतुलन प्रदान करने की ओर ले जाएं।

# पानी की समस्या से जूझता बुंदेलखंड



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है।

बुंदेलखंड में एक कहावत है कि 'एक टक सूप -सवा टक मटकी, आग लगे रुखमा ददरी, भौरा तेरा पानी ग़ज़ब करी जाए, गगरी न फूटै, चाहै खसम मर जाय"। अर्थात इस क्षेत्र में पानी इतना दुर्लभ या महत्वपूर्ण है कि महिलाएं बड़ी मुश्किल से मीलों पैदल चलकर पानी भरी गगरी सिर पर रखकर लाती है। ऐसे में महिलाएं आपस में कहती हैं कि कुछ भी हो जाए लेकिन पानी भरी गगरी ना फूटे, भले ही उसका पति मर जाए परंतु पानी बचा रहे। जाहिर है इस क्षेत्र में महिलाएं पानी को अपने खसम यानि पति से भी ज्यादा मूल्यवान समझती हैं, जो उनके परिवार का आधार है। यह बुंदेलखंड में जल संकट के संबंध में बड़ी गंभीरता से सोचने को विवश करता है। यहां गर्मियों में कुएं, तालाब, हैण्डपंप इत्यादि सभी पेयजल स्रोतों का जलस्तर नीचे चला जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन में 55 लीटर पानी उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार यहां प्रति व्यक्ति प्रति दिन केवल 29 लीटर पानी ही उपलब्ध हो पाता है, जो अनुशंसित न्यूनतम मात्रा का लगभग आधा है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के ज्यादातर पुरुष दैनिक मजदूरी या खेतिहर मजदूरी के लिए बाहर चले जाते हैं या काम की तलाश में दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों की ओर चले जाते हैं। शेष परिवार महिलाओं के भरोसे रह जाता है जिन्हें इस पानी की भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है। खाना पकाना, पानी पीना, सफाई करना और कपड़े धोना और यहां तक भैंसों या जानवरों को नहलाने के लिए भी पानी उन्हें ही लाना पड़ता है। अनुमान है कि चित्रकूट जनपद के मानिकपुर क्षेत्र में, जिसे पाठा क्षेत्र भी कहते हैं, लगभग सत्तर प्रतिशत महिलाएं पानी की किल्लत से प्रभावित हैं। पाठा क्षेत्र में लगभग साठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिन गांवों में कोई अपनी बेटियों की शादी नहीं करना चाहता है। कोई भला कैसे चाहेगा कि उनकी बेटियां ऐसे दुष्कर जगहों में जाए।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था।

घुमंतू पशुपालकों का ही था। केवल बरसात के महीनों में ही यहां की भूमि संतृप्त हो पाती थी। चन्देल राजाओं ने राज्य की पहाड़ी, पठारी, जंगली, पथरीली, ढालू, रांकड़ भूमि के विकास की योजना सुनिश्चित कर बरसाती धरातलीय जल नीची ढालू भूमि पर, पहाड़ों, टौरियों की पटारों में, खंदकों, खंदियों, दर्रों में, पत्थर मिट्टी के लंबे, चौड़े, ऊंचे सुदृढ़ बांध बनवाकर तालाबों में वर्षा जल को संचित करना शुरू किया। चंदेलों के बाद बुंदेलों ,गौंड़ों ,मराठों और अंग्रेजों ने इस जल अभाव ग्रस्त बुन्देलखंड क्षेत्र में कुल मिलाकर 4000 से अधिक तालाबों का निर्माण कराया था। धीरे-धीरे लोग यहां स्थायी बसने लगे थे। चंदेल राजाओं ने तो गुफा मंदिरों में भी जल कुंड कटवा दिए थे। ऐसे गुफा मंदिरों में पहाड़ों का जल धीरे-धीरे निरंतर झिरता हुआ गुफा कुंडों को भरता रहता रहा है, जिसका उपयोग लोग आदिकाल से करते रहे हैं। इस कारण से यहां मवेशियों, वन्य प्राणियों एवं मनुष्यों को गर्मी की ऋतु में भी जलाभाव नहीं होता था। परन्तु स्वतंत्रता पश्चात अनियंत्रित विकास,निरंतर जनसंख्या वृद्धि पश्चात पानी का खर्च तो बढ़ गया परंतु संरक्षण, संचयन और वर्षा घटती चली गई। भूवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो बुन्देलखंड में भूमि के अन्दर ग्रेनाइट पत्थर की चट्टानें चादर की तरह अथवा आड़ी-तिरछी खड़ी-बिछी पड़ी हुई हैं, जिनमें भूगर्भीय जलस्रोत होते ही नहीं हैं। जल भराव के दबाव में पानी बाहर निकल जाता है और तालाब पानी से खाली हो जाते हैं। असल में पथरीली, पहाड़ी, ढालू भूमि, जल प्रबंधन के लिए कुओं एवं तालाबों के निर्माण तक ही उपयुक्त है, न कि बोरवेल खनन के लिए। बोरवेल 100 से 500 फुट गहराई तक खोदे जा रहे हैं, जिससे धरती के ऊपरी तल का पानी गहरे बोरवेलों में जा पहुंचता है। पठारी नदियों में हर साल बारिश के मौसम में इलाके की छोटी बड़ी नदियां उफान पर आ जाती है। इसका जल संचयन बेहतर विकल्प हो सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के चलते बुंदेलखंड में वर्षा की मात्रा में कमी आ रही है। सन् 2013 से 2018 के बीच, इस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा में 60 प्रतिशत की कमी आई है। अनियंत्रित एवं अवैध खनन के चलते वर्षा जल को भूमि के अंदर पहुंचाने वाले रास्ते बाधित हो जाते हैं। पथरीली भूमि के कारण बारिश का पानी बह जाता है और भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता है। वर्ष 2008 की सामरा कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 'क्षेत्र में अर्ध-शुष्क जलवायु की स्थिति के कारण कम वर्षा सतही जल उपलब्धता को प्रभावित करती है और कठोर चट्टानी भू-भाग भूजल उपलब्धता को सीमित करता है। बुंदेलखंड क्षेत्र को 18वीं-19वीं शताब्दी मे प्रत्येक 16 वर्ष में बार-बार सूखे का सामना करना पड़ा था, जो 1968 से 1992 की अवधि के दौरान लगभग तीन गुना बढ़ गया है। हालांकि चित्रकूट जनपद के पाठा इलाके में वर्ष 1973 में पाठा पेयजल परियोजना शुरू की गई थी जिसके तहत यहां पानी की टंकियां बनवाई गईं और लोगों को पाइपलाइन से घर-घर पानी पहुंचाने का वादा किया गया था लेकिन जल संकट बरकरार रहा। योजना आयोग की रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2009-10 से भारत सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज को लागू करना शुरू किया था। इस पैकेज का उद्देश्य सिंचाई, पेयजल, कृषि, पशुपालन, वन, आजीविका के साधन समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधार कर पूरे क्षेत्र का समग्र विकास करना था। जल-संबंधी योजनाओं के तहत बड़ी एवं छोटी सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, नए कुओं का निर्माण, पुराने कुओं, टैंक एवं तालाबों का गहरीकरण, कुओं से पानी निकालने के लिए एडीपीई पाइप का वितरण, ट्यूबवैल, चेकडैम का निर्माण तथा मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य किए गए हैं। बुंदेलखंड पैकेज के तहत उत्तर प्रदेश को साल 2009 से 2019 के बीच तीन चरणों में 3107.87 करोड़ रुपये दिए गए। इसके लगभग 66 प्रतिशत का उपयोग पानी के संकट के समाधान के लिए किया गया। पहले चरण में उत्तर प्रदेश में करीब 92 करोड़ रुपये खर्च कर 2725 हैंडपंप लगाए गए और 12 पाइप योजनाओं के माध्यम से घरों में पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट को लागू किया गया था। भूजल का स्तर बेहतर करने के उद्देश्य से यहां स्पेशल बुंदेलखंड पैकेज और अन्य सरकारी योजनाओं के जरिए चेकडैम और खेतों में तालाब बनाए गए लेकिन तालाब निर्माण से पूर्व भूजल स्तर, मृदा परीक्षण आदि नहीं किए जाने और वर्षा कम होने के कारण तालाब सूखे रह गए। चेकडैम जल्द टूट जाने से नदियों में गाद भर गया और पानी रुक नहीं पाता है। जून 2020 में 'हर घर जल' योजना प्रारंभ कर बुंदेलखंड के हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया। यह योजना केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का हिस्सा है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की "हर घर नल और हर नल में जल" योजनासे बुंदेलखंड क्षेत्र में एक नई कहानी लिखी जा रही है। बुंदेलखंड के अधिकतर जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दी जानी है। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल संचयन की वृहद कार्ययोजना को तैयार की गई है। प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र के जल संकट को हल करने के लिए इज़राइल सरकार के साथ समझौता किया है।

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है। बुंदेलखंड में कृषि सिंचाई का लगभग 65 प्रतिशत भूजल से किया जा रहा है। अल्प पानी वाले इन क्षेत्रों में दलहन- तिलहन, ज्वार बाजरा जैसे मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। हाल के वर्षों में यहां ज्यादा पानी की खपत वाले फसल धान और गेंहू की बुवाई बढ़ गई है। तालाबों में जल संचयन के साथ साथ भूजल रिचार्ज करना ही बेहतर उपाय है। खेती में जल संरक्षण के लिए ड्रिप इरिगेशन तथा स्प्रिंकलर सिंचाई बेहतर विकल्प है।

## व्यंग्य

# बाबू होता है चुंबक

बाबू वो सम्मान जनक पद है जिस पर प्रायः लड़कियां ही विराजती हैं। बाबू होता है चुंबक। और लड़कों में लौह तत्व की प्रधानता पाई जाती है। ऐसे में किसी कन्या को बाबू मान लेने भर से लड़के ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन जैसी मनोदशा को प्राप्त होते है। दिमाग़ वन वे ट्रैफ़िक हो जाता है। बाबू ने क्या खाया? क्या पहना? कहां है? किससे मिला? क्यों मिला? मुझसे कब मिलेगा? जैसे विचारों से ही संचालित होता है वो। वो बस बाबू के बारे मे सोचता है, और कुछ सोच ही नहीं सकता। सोचता है तो बाबू को पता चल जाता है। बाबू बुरा मान जाता है ऐसे में और फिर बाबू को राजी करना बहुत महंगा सौदा होता है।

भक्त को हमेशा घुटनों पर होना होता है अपने। बाबू क्या करता है ऐसे में? बाबू मजे लेता है उसके। वीआईपी जैसा बर्ताव करता है। चार लोगों के बीच पहचानता ही नहीं उसे। और पहचानता भी है तो औपचारिक हो जाता है। बाबू होना मंत्री पद की शपथ ले लेना है। वो बस वायदे करता है, लंबी-लंबी छोड़ता है और मुद्दे को टालता है। लड़के उससे निरीह जनता की तरह पेश आते है और उम्मीदों पर टिके रहते है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बाबू भगवान होता है और ऐसे में सामने वाली पार्टी को भक्त होना पड़ता है। भक्त से बस श्रद्धा और सब्र की अपेक्षा की जाती है। भगवान के दरवाज़े पर जाते वक्त दिमाग़ दरवाज़े पर छोड़कर जाना पड़ता है भक्त को। भीड़ के बीच भक्त की आंखें मिल भी जाएं भगवान से, तब भी वो तटस्थ भाव से देखता है उसे। आप को बस अंदाज़ा लगाना पड़ता है कि वो आपसे राजी है और आप पर कृपा करने की सोच रहा है।

भगवान कब दर्शन देगें? इस जन्म में देगें कि नहीं ये भगवान की मर्ज़ी है? पर भक्त को पूरी निष्ठा से मंदिर की घंटी बजाना ही होता है। प्रसाद ले जाना भी ज़रूरी है वरना भगवान बुरा मान सकता है। बाबू के रिश्तेदार उसकी अम्मा, उसके बिगडेल भाई सब पुजारी की भूमिका में होते हैं। ये ध्यान रखते हैं कि भक्त उन्हें अनदेखा तक सीधे भगवान तक पहुंच ना बना ले। बाबू राज़ी ही तभी होता है जब आप उसके इन रिश्तेदारों को साध लें। उनसे व्यवहार बनाए बिना बाबू तक पहुंचना मुश्किल ही होता है ऐसे में भक्त का निरीह पर्स उधड़ जाता है। कुपोषण का शिकार होता है वो और बहुत बार मर ही जाता है। गरीब भक्तों से भगवान अनमने होते हैं और अमीर भक्तों को वीआईपी दर्शन दे बैठने में संकोच नहीं करते।

बाबू तमाम सवालों से परे होता है। तानाशाह टाईप की चीज। आप चाहें तो उससे सवाल पूछ लें पर जवाब देना या ना देना उसकी मर्ज़ी पर निर्भर है। पर यदि बाबू आपसे कुछ जानना चाहें तो उसे फ़ौरन जवाब चाहिए होता है। बाबू, बाबू होते ही अफ़सर हो जाता है। एक विशिष्ट बोध है बाबू होना। उसका रथ ज़मीन से एक हाथ ऊपर चलता है। बाबू होना अंग्रेज हो जाना है जिसे सामने वाला काला गुलाम लगता है। बाबू हमेशा शासक की भूमिका में होता है जो ना सुनना ही नहीं चाहता। वो बस मन की बात करता है। यदि आप अपने बाबू को खोना नहीं चाहते तो आपको हमेशा सुनना और हां कहना सीखना ही होता है।

बाबू की एक ख़ासियत यह भी कि वो अहसान नहीं मानता। आप जो भी करते हैं वो आपका कर्तव्य और उसका अधिकार होता है। वो आपके हर काम में नुक्ता चीनी कर सकता है। और आप चूं भी नहीं कर सकते। उसे खुश कर पाना आमतौर पर नामुमकिन होता है। मिसाल के लिए आप अपनी गरदन भी काट कर उसे पेश करें तो वो इस बात पर अनमना हो सकता है कि गरदन सलीके से नहीं काटी गई है और दो इंच नीचे से काटी जाती तो बेहतर होता।

लड़कों को आमतौर पर बाबू होने का मौक़ा मिलता नहीं। लड़कों का बाबू होना हैली पुच्छल तारे के निकलने जैसी अनहोनी है। पर बहुत से लड़के इस मामले में स्पेशल क़िस्मत लिखवा कर पैदा होते हैं। एक बार बाबू का पद हासिल करते ही वो भी वही सब करते हैं जो बाबू को शोभा देता है। हालांकि बाबू हुए लड़के ज्यादा उदार होते हैं। उन्हें राज़ी करना अपेक्षाकृत सरल होता है। कैसे राज़ी किया जा सकता है उन्हें इस बाबत यहां लिखना मुनासिब नहीं।

बाबू इंतज़ार नहीं करता। जो इंतज़ार करता है वो बाबू नहीं होता। बाबू भाव खाता है वो आपका वक्त और दिमाग़ी सुकून खा सकता है। बाबू बात नहीं मानता, वह बात मनवाता है अपनी। आप केवल इसी सूत्र से अपने संबंधों की जांच पड़ताल कर सकते हैं कि आप बाबू है या भक्तों की गिनती में हैं। पता कर लें तो मुझे भी बताइएगा।

# कोचिंग संस्थान लील रहे युवाओं का जीवन



असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है।

भारत युवाओं का देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को सबसे युवा देश माना है। देश की कुल आबादी में से तकरीबन 50 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष आयु और 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष आयु तक के नागरिकों की है। देश के इन भावी कर्णाधारों को कुशल नागरिक बनाने की गरज से शिक्षा, कौशल और तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। बढ़ते वैश्वीकरण और निजीकरण के दौर में कॅरियर और 'सैलेरी पैकेज' जैसे शब्द भी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं में जुड़ गए हैं।

एक शिक्षित युवा अपने कॅरियर के माध्यम से स्वयं एवं परिवार की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति तथा परिवार, समाज और देश के विकास में अपने योगदान की उत्कृष्ट भूमिका देखना चाहता है। इस लक्ष्य के साथ ही उसके जीवन में परिश्रम और संघर्ष का दौर शुरू हो जाता है। लक्ष्य पाने के लिए युवाओं के अंदर समर्पण, परिश्रम और संघर्ष संतुलित रूप में तो वांछनीय हैं, लेकिन महत्वाकांक्षाओं का अतिरेक अगर जीवन को ही लीलने लगे तो वह अभिशाप बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से युवाओं के बीच कॅरियर, पारिवारिक महत्वाकांक्षाओं, अकेलेपन एवं कोचिंग इंस्टीट्यूट्स की बेतहाशा फीस एवं घरेलू आर्थिक दबाव के कारण हो रही आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं इसी कटु यथार्थ को उजागर करती हैं। वैसे तो युवा कॅरियर आकांक्षियों द्वारा आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं देश के तकरीबन सभी स्थानों पर देखी जा रही हैं, लेकिन राजस्थान के कोटा के साथ ये ख़ास तौर अधिक जुड़ी हुई हैं। बीते वर्ष इस कोचिंग के गढ़ में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 26 मामले प्रकाश में आए थे, जोकि एक साल में सबसे अधिक मामले हैं। कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है। वहां कुकुरमुत्ते की तरह उग आए तकरीबन सभी कोचिंग इंस्टीट्यूट्स प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लंबे-चौड़े दावे करते हैं। कहा जाए तो कोटा में कोचिंग व्यवसाय के कारखाने खुल गए हैं। देश के तकरीबन हर प्रांत, खास तौर पर उत्तरी भारत के हज़ारों युवा अपनी और परिवार की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की आस में इन इंस्टीट्यूट्स के जाल में फंस कर कोचिंग की पढ़ायी करने के लिए प्रवेश लेते हैं।

एडमिशन लेते समय तो उनके अंदर काफी उत्साह होता है, लेकिन जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धात्मक पढ़ाई एवं मोटी फीस आदि खर्चों का बोझ बढ़ता है, उन्हें हताशा और कई तरह के दबाव घेरने लगते हैं। होता यह है कि अधिकांश कोचिंग इंस्टीट्यूट्स विद्यार्थियों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं, जिसकी पूर्ति के लिए कई विद्यार्थियों के निर्धन या मध्यम परिवारों को न केवल कर्ज़ लेना पड़ता है, बल्कि कई स्थितियों में जमीन जायदाद भी बेचनी पड़ती है। यह दोहरा बोझ विद्यार्थियों के मन को लगातार कांटे की तरह चुभता रहता है। वे कड़ी मेहनत करते हुए किसी भी हाल में स्वयं और परिवार के अरमानों को पूरा करने के संघर्ष में जूझते रहते हैं और बार-बार परीक्षाओं में बैठने के प्रयास करते हैं। यह बहुआयमी दबाव उन्हें तनाव से भर देता है, और सफलता नहीं मिल पाने पर इस तनाव की परिणति कई बार आत्महत्या के रूप में होती है।

माता-पिता इस तथ्य को समझ नहीं पाते कि हर विद्यार्थी बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। अगर वे स्वयं उच्च पदों पर नहीं रहे हों तो इस अधूरी महत्वाकांक्षा की पूर्ति की अपेक्षा बच्चों से करने लगते हैं। कई परिवार कोचिंग में अधिक व्यय और सफल नहीं हो पाने के लिए बच्चों को ताने देने से भी गुरेज नहीं करते। उन्हें समझना होगा कि घर से दूर रात दिन सफलता के लिए जूझ रहे बच्चों में से सभी को सफलता मिल ही जाए, यह ज़रूरी नहीं है।

इधर केंद्र सरकार ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के लिए जो नयी गाइडलाइन जारी की है, उसमें बेतहाशा फीस वसूलने पर पंजीकरण निरस्त किए जाने की चेतावनी दी है। विद्यार्थियों को भी समझना होगा कि जीवन अमूल्य है, महत्वकांक्षाएं और कॅरियर उसके बाद है। एक रास्ता बंद हो जाने का यह अर्थ नहीं कि आगे बढ़ने के लिए दूसरे दरवाज़े नहीं हैं। अपनी बौद्धिक एवं पारिवारिक क्षमता को परखते हुए महत्वाकांक्षाओं को समायोजित करना होगा। याद रहे, जिंदगी है तो संसार है, और संसार है तो कॅरियर के रास्तों की भी कमी नहीं।

## सोशल फोरम

# प्राण प्रतिष्ठा

सनातन धर्म की मान्यता अनुसार 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आइए देंखे की सिख धर्म, जिसे अक्सर सनातन की ही शाखा कहा जाता है, इस संबंध में क्या कहता है। सिखों के पहले गुरु नानक जी द्वारा लिखित जपुजी साहिब के मूल मंतर में बहुत स्पष्ट रूप से ईश्वर के बारे में बताया गया है। गुरु नानक के बाद आये नौ अन्य गुरुओं ने भी ईश्वर की इसी कल्पना के आधार पर अपने विचारों को आगे रखा है। ईश्वर की ये कल्पना पूरे सिख धर्म की आधारशिला है। मेरा यहां किसी धर्म की किसी मान्यता से कोई विरोध नहीं। मेरा मकसद सिर्फ सिख धर्म के अनुसार ईश्वर की कल्पना को सामने रखना है। सिख धर्म के मूल मंत्र का हिंदी अनुवाद। मूलमंतर-'इक ओंकार, सतनाम, करता पुरुख, निरभौ, निरवैर, अकाल मूरत, अजुनी सैभंग, गुरु प्रशाद, जप आदि सच, जुगादि सच, नानक होसी भी सच।'



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

अनुवाद- 'ईश्वर एक है, वही सत्य है, वही इस सृष्टि का रचयिता यानी सब कुछ करने वाला है। ईश्वर भय से रहित है, किसी से बैर रखने वाला नहीं, ईश्वर राग द्वेष से दूर है। ईश्वर काल से परे है यानी ईश्वर अविनाशी है। उसका अस्तित्व सदैव बना रहता है। ईश्वर किसी योनि को धारण नहीं करता यानी ईश्वर जन्म मरण के चक्र से परे है। ईश्वर स्वयंभू है यानी वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। ये बात आदि काल में भी सही थी, आज भी सही है और भविष्य में भी सही होंगी।' 'थापिया न जाई कीता न होई। आपे आप निरंजन सोई।।' ईश्वर की इसी कल्पना को आगे थोड़ा और स्पष्ट करते हुए गुरु जी कहते हैं कि ईश्वर को मूर्त रूप में स्थापित नहीं किया जा सकता है और न ही उसे बनाया जा सकता है। वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। इस पाउडी के अंत में गुरु की महिमा बखान करते हुए कहते हैं कि गुरु के शब्द ही वेद हैं, गुरु ही शिव है, गुरु ही ब्रह्मा है और गुरु ही पारबती माई है। इस गुरु ने ही एक बात समझाई है कि इस संसार में समस्त प्राणी जगत का एक ही परमात्मा है। सबके भीतर एक, सबका मालिक एक, सबका साहिब एक। बस इसका विस्मरण न हो।

-फेसबुक वॉल से

# ना जाने कहां खो गया हमारा वो सुकून

सिनेमा हॉल में देखिए, फिल्म का आखिरी सीन चल रहा है लगता है कि अब दो-चार मिनट में फिल्म खत्म हो जाएगी, लोग एग्जिट के पास जाकर खड़े हो जाते हैं, फिल्म ख़त्म होते ही ऐसे भागते हैं जैसे अब तक जेल में थे। ट्रेन अगर अपने गंतव्य पर पहुंचने वाली हो तो लोग पंद्रह मिनट पहले सामान लेकर खानदान सहित दरवाजे पर ऐसे लद जाते हैं कि ट्रेन क्या पता रुके न रुके, धीमी होते ही बीवी बच्चों समेत कूद जाना है।

अभी कुछ दिन पहले मैंने देखा, ओपन एयर थिएटर में क्लासिकल म्यूजिक का प्रोग्राम था। लोगों को पता चल गया था कि ये आखिरी परफोर्मेंस है तो दस मिनट पहले कुछ कद्रदान ये कहते हुए निकल गए कि बाद में पार्किंग में भीड़ हो गई तो गाडी फंस जायेगी, निकल लेते हैं। हमारे जीवन से धैर्य, तसल्ली, पेशेंस कहां चला गया? रील्स का जो ये ज्वालामुखी फटा है ये यही तो बता रहा है कि हम तीन मिनट का वीडियो भी शांति से नहीं देख सकते। हमें जानने की जल्दी तो है, सब कुछ जानना है लेकिन उसे समझने का धैर्य नहीं है।



शाश्वत तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

आप माने ना माने आज हमने अपनी जिंदगी से ठहराव खो दिया है। अब हम रुक कर नहीं सोचते, थम कर उस गाने को पूरा नहीं सुनते जो हमारी आत्मा तक पहुंचने की कुव्वत रखता है। 'साहिब बीवी और गुलाम' जैसी क्लासिक फिल्म हमें स्लो लगती है। हम एक पांच सौ पेज की किताब नहीं पढ़ना चाहते इसलिए फेसबुक पर मैगी लेखकों का उदय हो रहा है जो आपको मोटी-मोटी किताबों में से कुछ उत्तेजक हिस्से निकाल कर पेश कर देते हैं और आपको लगता है हमने सब कुछ जान लिया। कहते हैं भगवान डिटेल्स में है लेकिन भगवान को भी कहां पता था कि डिटेल्स जानने की फुर्सत लोगों के पास रहेगी नहीं। किताबें तो बहुत दूर की बात रही लोगों के पास इतना धैर्य नहीं बचेगा कि सोशल मीडिया पर वो एक तीन पेज की फेसबुक पोस्ट पढ़ पाएं। वैसे तो ढाई पेज की चेखव की 'वांका' पढ़ना ही काफी है अगर हम वांका के दर्द को महसूस कर पाएं तो।

तसल्ली से एक बार थम कर, रुक कर, ठहर कर सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप समय बचा रहे हैं इसका आप क्या उपयोग करने वाले हैं? ज़रा सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप खो रहे हैं उसकी कीमत क्या है? सूचनाओं का ये अंबार जो हमारे दिमाग में सतत खलल मचाए हुए है वो हमें कहीं रुकने नहीं दे रहा है। एक तीन पेज की कविता पढ़कर उसको अपनी आत्मा तक पहुंचने देना और फिर उससे एक बेहतर संवेदनशील इंसान बनकर निकलने का वक्त नहीं है हमारे पास।

आपको और मुझे रुकने की ज़रूरत है। सब कुछ जानना हमारे लिए ज़रूरी नहीं है। हमारे पास वक्त की कोई कमी नहीं है। हमने जो ये शिगूफा छेड़ रखा है ना कि टाइम नहीं है। ये बकवास बात है। बहुत वक्त है हमारे पास, इसलिए रुकिए, ठहरिए और बैठ जाइए। सिनेमा हॉल से भागने की ज़रूरत नहीं है, ट्रेन से कूद कर कहीं नहीं जाना है, रिमोट को एक तरफ रखकर फिल्म को देखना है और किसी अच्छी किताब के दो पेज पढ़कर रूककर सोचना है कि क्या पढ़ा। क्षणों को अपने अन्दर आत्मसात नहीं किया तो रोबोट बन जाएंगे। बन क्या जाएंगे बन ही रहे हैं, आज आप का अपने ऊपर से कंट्रोल खत्म हो गया है। कोई और ही है जो आप को कंट्रोल कर रहा है है। आप पूरी तरह टीवी, मोबाइल, लैपटॉप के कहने पर ही काम कर रहे है। एक मिनट भी मोबाइल के बिना जीना मुश्किल है।

# पुलिस सुधार

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार एवं अन्य मामले में, 22 सितंबर 2006 को पुलिस सुधार के संबंध में ऐतिहासिक महत्व का फैसला दिया था। इस आदेश के कार्यकारी बिंदू निम्नलिखित हैं: राज्य सुरक्षा आयोग का गठन।, पुलिस महानिदेशक का चयन एवं न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल। आईजी जोन, डीआईजी. रेंज, जिला पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल सुनिश्चित करना।, शांति व्यवस्था एवं अपराध विवेचना को अलग-अलग करना। पुलिस स्थापना बोर्डों का गठन।, पुलिस शिकायत प्राधिकरण का गठन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग का गठन।



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

फैसले को आए हुए 17 साल से अधिक समय बीत चुका है। अभी तक सिर्फ पुलिस महानिदेशक के कार्यकाल एवं नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में कुछ राज्य कार्यवाही कर रहे हैं और वह भी आधी अधूरी। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का केस भी चल रहा है परंतु राज्य और केंद्र सरकार कोई परवाह नहीं कर रहे।

दरअसल सरकारों और नौकरशाही को नाजायज काम करवाने के लिए पुलिस पर पूरा शिकंजा चाहिए। पुलिस सुधर गई तो सरकार और नौकरशाही की गुंडागर्दी कैसे चलेगी? विरोधियों को ग़लत आरोप लगाकर जेल भेजना और सत्ताधारी पार्टी के नेताओं की दबंगई एवं गुंडागर्दी को संरक्षण कैसे होगा? नौकरशाही अपनी सनक में डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाधिकारियो, पत्रकारों और अन्य किसी को पुलिस से कैसे पकड़वाएंगे? याद रहे कि नौकरशाही थानाध्यक्षों को सीधे जुबानी हुक्म देती है और थानाध्यक्ष अपने स्तर से फर्जी मामला बनाता है। जनता अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से पुलिस सुधार के लिए नहीं कहती। नेता वोट के अलावा किसी और बात से चिंतित नहीं होते हैं।

### अप्रैल में खत्म हो रहा है उत्तर प्रदेश के कोटे के दस राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल

# भाजपा ने सुधांशु त्रिवेदी को दिया दूसरा मौका, 8 का टिकट काटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की जिन 10 सीटों पर राज्यसभा चुनाव होना है, उनमें से अभी भाजपा के कोटे की 9 सीटें हैं। जबकि, एक सीट सपा की है। सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन का कार्यकाल अप्रैल में खत्म होगा।

वहीं, भाजपा से अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, अनिल अग्रवाल, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव और विजय पाल तोमर का भी कार्यकाल पूरा होगा। भाजपा ने इस बार उप्र. से आरपीएन सिंह, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, डॉ. संगीता बलवंत और नवीन जैन हैं को प्रत्याशी बनाया है। इनमें से सुधांशु त्रिवेदी लगातार दूसरी बार राज्यसभा सदस्य बनेंगे। पार्टी ने लोस. चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने को उप्र. के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका दिया गया है।


सुधांशु त्रिवेदी।

**सभी 7 सीटों पर भाजपा की जीत पक्की**

विधायकों की संख्या के मद्देनजर राज्यसभा के लिए उप्र. की जिन 10 सीटों पर विधायकों के वोट से उम्मीदवारों की जीत पक्की होगी उनमें 7 उम्मीदवार भाजपा के होने की पूरी संभावना है। वहीं, एक सीट के भाजपा को संघर्ष करना पड़ सकता है।

**डॉ. सुधांशु त्रिवेदी :** लखनऊ में ही जन्मे डॉ. सुधांशु त्रिवेदी साल 2014 के आम चुनाव में खास भूमिका बताई जाती है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें राजस्थान की जिम्मेदारी भी दी गई थी। वर्तमान में भी वह भाजपा के प्रवक्ता हैं। उन्हें पार्टी दूसरी बार राज्यसभा भेज रही है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री रहे अरुण जेटली के निधन के बाद खाली हुई सीट से उन्हें राज्यसभा सदस्य भेजा गया था।

**आरनपीएन सिंह:** पडरौना में जन्मे आरपीएन सिंह केन्द्र की मनमोहन सरकार में केन्द्रीय राज्य मंत्री रह चुके हैं। वह जनवरी, 2022 में भाजपा में शामिल होने हुए थे। आरपीएन सिंह कुशीनगर पडरौना से तीन बार विधायक रहे हैं। वह 2009 में कुशीनगर से लोकसभा सांसद बने। हालांकि, 2014 और 2019 के चुनाव में हार गए थे।

**डॉ. संगीता बलवंत:** गाजीपुर की रहने वाली डॉ. संगीता को 2022 चुनाव से पहले योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में जगह मिली थी। उन्हें सहकारिता राज्य मंत्री बनाया गया था।

**अमरपाल मौर्य:** मूलरूप से रायबरेली ऊंचाहार के रहने वाले अमरपाल मौर्य उप्र. भाजपा संगठन में महामंत्री हैं। अमरपाल मौर्य आरएसएस के प्रचारक रहे हैं।

**तेजवीर सिंह:** मथुरा से लगातार तीन बार चौ. तेजवीर सिंह सांसद रहे हैं। साल 1996 से 97 तक पहला कार्यकाल, 1998 से 99 दूसरा कार्यकाल और 199 से 2004 तक उनका तीसरा कार्यकाल रहा। इसके बाद पार्टी ने उन्हें यूपी कोऑपरेटिव का अध्यक्ष भी बनाया।

**नवीन जैन:** आगरा के सबसे बड़े कारोबारियों में नवीन जैन की गिनती होती है। भाजपा संगठन में कई बड़े नेताओं के वह करीबी हैं। साल 2017 में जब उन्होंने आगरा महापौर चुनाव लड़ा था। उस वक्त उन्होंने अपनी संपत्ति 400 करोड़ रुपए घोषित की थी।

**साधना सिंह:** चंदौली के मुगलसराय विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर 2014 में एमएलए चुने जाने के पहले साधना सिंह चंदौली जिले के व्यापार मंडल की नेता के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने साल 2000 में राजनीति में कदम रखा।

# पुलिस और भाजपाई भिड़े, एसओजी पर हमला, सिपाही की आंख फोड़ी

संवाददाता,आगरा

**अमृत विचार :** थाना जगदीशपुरा इलाके में शनिवार देर रात पुलिस की एसओजी टीम पर हमला कर दिया। एसओजी टीम पर हुए हमले में एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया । हमलावरों ने उसकी आंख फोड़ दी है। एसओजी टीम किसी जीतू शर्मा नाम के अपराधी की तलाश में जगदीशपुरा क्षेत्र के राहुल नगर गई थी यहीं एसओजी टीम द्वारा जीतू शर्मा के पता पूछे जाने को लेकर कुछ विवाद हुआ और स्थानीय लोगों ने एसओजी टीम पर हमला कर दिया ।इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद श्यामवीर सिंह और उनके समर्थकों ने पुलिस पर अभद्रता का और मारपीट का आरोप लगाया है ।

जानकारी के मुताबिक आगरा पुलिस की एसओजी टीम कल देर रात राहुल नगर पहुंची थी । वहां भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद श्यामवीर सिंह का बेटा अपना कुत्ता लेकर बाहर टहल रहा था इसी दौरान एसओजी टीम के कुछ सिपाहियों द्वारा जीतू शर्मा नाम के किसी अपराधी के विषय में पूछताछ की गई जिसमें पूर्व पार्षद के बेटे ने उसे किसी भी प्रकार की जानकारी होने से मना कर दिया । इसी बात को लेकर सिपाही और उनके बेटे में कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान ही श्यामवीर सिंह व अन्य कुछ लोग भी मौके पर पहुंच गए स्थानीय लोगों के मुताबिक सिपाहियों द्वारा पूर्व पार्षद के बेटे की मौके पर ही पिटाई कर दी गई और उसे बोदला चौकी ले गए । पूर्व पार्षद के बेटे को बोदला चौकी ले जाने के बाद पूर्व पार्षद के साथ उनके रिश्तेदार और कुछ स्थानीय भाजपा नेता भी बोदला चौकी पहुंच गए जहां पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हो गया ।


मारपीट के मामले में पुलिस की शिकायत लेकर मेयर के यहां पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता।

▶▶ **पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर**

भाजपाई मेयर हेमलता दिवाकर के घर भी पहुंचे और पूरे मामले से अवगत कराया। मेयर ने इस मामले में पुलिस आयुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की बात कही है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई और उन पर दर्ज हुए मुकदमे को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में रोष है । कार्यकर्ताओं का कहना है कि पूर्व पार्षद द्वारा पुलिस को अपना परिचय देने के बाद उग्र हो गई और पूर्व पार्षद श्यामवीर व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और मारपीट की है ।

# बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला विधान परिषद में गूंजा

### अमृत विचार ने उठाया था मामला, उच्च शिक्षा निदेशालय में हो रही जांच

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला गहरा गया है। अमृत विचार की ओर से उठाई गई खबरों का संज्ञान लेते हुए विधान परिषद में तमाम से सवाल खड़े किये गए हैं। गहराती जांच के बीच जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

बता दें कि कानपुर, हमीरपुर, हाथरस और संतकबीरनगर के महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 16 पदों पर बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई थी। नियुक्तियों को लेकर अमृत विचार ने सिलसिलेवार खबरों का प्रकाशन कर सवाल खड़े किये थे। हमीरपुर जनपद के प्रवक्ता डॉ. सलिल तिवारी की ओर से उठाए गए बिन्दुओं को खबर का प्रमुख आधार बनाया था। जिसको लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज की ओर से एक कमेटी गठित कर जांच शुरू की गई। हाल फिलहाल जांच का निष्कर्ष अभी बाकी है।


शिक्षा निदेशक के रडार पर आए 14 बीएड प्रवक्ता

▶▶ **कानपुर, हमीरपुर, हाथरस, संतकबीरनगर के बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति को लेकर उठें हैं सवाल**

सपा कार्यकाल में हुई नियुक्तियों को लेकर बीते दिन विधान परिषद में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल द्वारा प्रवक्ताओं की नियुक्ति से जुड़े दो बिन्दुओं से जुड़े सवाल खड़े किये। जिस पर बिन्दुवार सार निकलते दिखाई दिये। जिस तरह से जांच ने तूल पकड़ा है, ऐसे में जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

**त्रिस्तरीय हो रही है जांच**

नियुक्तियों को लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव द्वारा त्रिस्तरीय जांच कराई जा रही है। निदेशक बताते हैं कि पहली और दूसरी जांच का क्रम 16 और फिर 17 जनवरी से आरंभ हुआ। जबकि तीसरी जांच 7 फरवरी से शुरू की गई है। इसमें नियुक्ताएं पाए प्रवक्ताओं के बयान दर्ज कराये गए हैं।

**जांच कमेटी में निदेशालय के तीन अधिकारी शामिल**

फर्जीवाड़े का दावा करने वाले प्रवक्ता के आरोपों को खंगालने के लिए त्रिस्तरीय जांच में निदेशालय के तीन अधिकारी सम्मिलित किये गए हैं। डॉ. केसी वर्मा, डॉ. बीए शर्मा और डॉ. जय सिंह संबंधित विश्वविद्यालयों और बेसिक शिक्षा विभाग से लगातार संपर्क बनाते हुए जानकारी इकट्ठा करने में लगे हुए हैं।

## भाजपा-रालोद में अभी भी सीटों के बंटवारे को लेकर फंसा है पेच

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले उत्तर प्रदेश का राजनीतिक समीकरण बदल गया है। भाजपा-रालोद के गठबंधन तय है बस औपचारिक घोषणा ही शेष है। हालांकि इस समझौते के फार्मूले की तस्वीर पर अंतिम मुहर लगनी अभी बाकी है। उम्मीद है कि, सोमवार को चौ. अजित सिंह के जन्मदिन पर दोनों के बीच गठबंधन की निर्णायक तस्वीर सामने आएगी।

दरअसल, रालोद को उप्र. से लोकसभा की तीन से चार सीटें देने पर मंथन चल रहा है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शीघ्र ही सब तय हो जाने की बात कही है। रालोद की चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग पूरी हो जाने के बाद अब राजनीतिक समीकरणों पर निर्णायक फैसला लिया जाना है। रालोद ने मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, मथुरा, कैराना और अमरोहा की सीटें मांगी हैं। इन्हीं में से मेरठ और मुजफ्फनगर की सीट को लेकर बात फाइनल अभी नहीं हो सकती है। दोनों ही सीटें भाजपा के पास हैं। खासकर मुजफ्फरनगर को लेकर रालोद दबाव बना रही है,

# हल्द्वानी में बवाल को लेकर हेट स्पीच, युवक गिरफ्तार

संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार:** हल्द्वानी में हुए सांप्रदायिक बवाल को लेकर भड़काऊ बयानबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करना एक युवक को भारी पड़ गया। उसके पोस्ट को समुदाय विशेष के लोगों ने शेयर और लाइक करना शुरू किया तो इसकी भनक पुलिस को लगी। पुलिस टीम सक्रिय हुई और से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक समुदाय विशेष को भड़काने का प्रयास कर रहा था। पुलिस की सोशल मीडिया सेल की निगरानी टीम के हाथ उसके वीडियो हाथ लगे थे।

हल्द्वानी में सांप्रदायिक बवाल के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर निगरानी तेज कर दी है। जिले में सोशल मीडिया सेल ने देखा कि शहर के मोहल्ला सेखाना निवासी मोहम्मद सैफी नाम का युवक वीडियो बनाकर लगातार पोस्ट कर रहा है। बहुसंख्यक समुदाय के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी थीं।



▶▶ **सोशल मीडिया पर कर रहा था भड़काऊ बयानबाजी**

केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ भी उसने भड़काऊ बयानबाजी वाले वीडियो पोस्ट किए। वह अपनी पोस्ट में सरकार को देख लेने की धमकी भी दे रहा है।

उसके वीडियो को समुदाय विशेष के लोगों ने लाइक और शेयर भी किया। सेखाना चौकी प्रभारी दया शंकर पांडेय को सोशल मीडिया सेल ने जानकारी दी और उसके आईपी एड्रेस को खंगालने के साथ ही उसका मोबाइल नंबर पता किया। इसके बाद उसका नाम, घर का पता आदि सामने आ गया। पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी मोहम्मद सैफ को गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले आई।

## केजरीवाल के साथ आज मान करेंगे रामलला के दर्शन

**लखनऊ, अमृत विचार:** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह सोमवार को सपरिवार अधोध्या में भगवान रामलला के दर्शन करेंगे। आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने पूर्व में ही कहा था कि वह सपरिवार दर्शन करेंगे, जिसके बाद वो कल सीधे आयोध्या पहुंच रहें हैं। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह भी होंगे। दोनो ही मुख्यमंत्री अपने अपने परिवार के साथ सोमवार सुबह 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे, दर्शन करने के बाद वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में किया हनुमान चालीसा का पाठ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को हुए प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अयोध्या के इतिहास में एक नया अध्याय और जुड़ गया। पहली बार प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों ने सामूहिक रूप से रामलला के दर्शन कर 22 जनवरी की तरह ही 11 फरवरी का दिन भी इतिहास के पन्नों दर्ज करा दिया।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मंत्रियों और विधायकों के दल का जन्मभूमि परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने स्वागत किया। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इतना ही नहीं सभी ने मंदिर में रामलला के समक्ष हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। करीब दो घंटे तक दर्शन-पूजन के दौरान मंत्री और विधायक बेहद अभिभूत और उल्लासित दिखे। निर्धारित कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से 10 लग्जरी बसों से रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे मंत्रियों व विधायकों के काफिले ने 11 नंबर गेट से जन्मभूमि परिसर में प्रवेश किया। उसके बाद 12:50 मिनट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला परिसर में पहुंचा। मुख्यमंत्री के पहुंचने के बाद मंत्रियों व विधायकों ने एक साथ रामलला के दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश किया। रामलला के दर्शन-पूजन और आरती के बाद आस्था से अभिभूत सभी ने एक स्वर में जय श्रीराम का उद्घोष किया।


मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ करते मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रीगण आदि।

**केशव मौर्या बोले- 2024 में 400 पार का मांगा आशीर्वाद :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रभु रामलाल का सभी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ दिव्य दर्शन का सौभाग्य मिला। मंदिर में रामलला के साथ समय बिताने से मन अह्लादित हो गया। हनुमान जी के चरणों में भाव अर्पित किया है। उन्होंने बताया कि रामलला का वंदन करते हुए 2024 में 400 पार का आशीर्वाद मांगा है। यह भी कहा कि मैंने समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाने के लिए भी आराध्य से प्रार्थना की है। बोले- जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं।

**रामलला है सब पर भारी, काशी, मथुरा और श्रृंगवेरपुर की बारी : संजय निषाद :** मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आज त्रेतायुग का वह क्षण है। जब कभी त्रेता में निषाद राज ने राम का दर्शन किया था। उनकी सेवा ने रावण राज्य को खत्म किया था। आज एक बार फिर निषादराज के वंशज के रूप में दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दूंगा। उन्होंने मंदिर आंदोलन में प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वरीय कृपा से 500 साल का संघर्ष पूर्ण हुआ। बोले- आज रामलला सब पर भारी हैं। काशी मथुरा और श्रृंगवेरपुर की बारी है।

**समान नागरिक संहिता देश की जरूरत : मोहसिन रज़ा :** अल्पसंख्यक मंत्री मोहसिन रज़ा ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सबके दिलों में बसते हैं। आज उनकी जन्मस्थली पर आए हैं, करोड़ों लोगों का सपना साकार देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता देश की जरूरत है। कहा कि विपक्ष के कुछ लोग और कुछ धर्मगुरु पर्दे के पीछे से समान नागरिक संहिता को लेकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सभी सुरक्षा एजेंसियां इसे लेकर सतर्क हैं।

**अवध से रिश्ता पुराना : आराधना**

दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर रामलला का दर्शन पूजन करने पहुंचीं कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि अवध में मेरा पुराना नाता है। मैं बचपन से ही यहां आती रही हूँ। आज रामलला के दर्शन का सौभाग्य हासिल हुआ। बताया कि कुछ दिन पूर्व मकर संक्रांति पर्व पर भी पार्टी पदाधिकारियों के साथ दर्शन-पूजन के लिए आई थी।

**बसपा धर्म निरपेक्ष दल : उमाशंकर**

बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और सभी धर्मों का सम्मान करती है। सभी को अपने धर्म और पंथ को मानने और उस अनुसार आचरण की छूट है। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सभी विधायकों को रामलला का दर्शन-पूजन करने के अवसर उपलब्ध कराया गया। इसके लिए अच्छी व्यवस्था की गई। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर दर्शन-पूजन को लेकर राजनीति का आरोप लगाया।

## वर्ग पहेली-340

**बाएं से दाएं**

2.1. एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां बबूल की तरह होती हैं और स्पर्श करने पर मुरझा जाती हैं, लाजवंती या छुईमुई नामक संवेदनशील पौधा, लज्जावती 2. कोमल या नाज़ुक मिज़ाज का व्यक्ति, कोई कमज़ोर वस्तु या व्यक्ति।

5.1. फ़ौजदार का कार्य या पद 2. मार-पीट की कोई घटना 3. न्यायालय जिसमें उक्त घटना की सुनवाई होती है।

7. पालित, पाला हुआ, जिसका पोषण किया गया हो।

8. कशीदे या बेलबूटे का काम, कपड़े पर कढ़े हुए बेल-बूटों का उभार।


**ऊपर से नीचे**

1.1. किसी के अनुचित व्यवहार के उपरांत दुखी होना व मनाने पर न मानना 2. अप्रसन्न अथवा नाराज़ होना।

3.1. प्रतिनिधि या कार्यकर्ता होने की अवस्था या भाव 2. मुख़तार का काम या पेशा, प्रतिनिधित्व।

4.1. ध्वजा, पताका 2. (पुराण) इंद्र की ध्वजा।

6.1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव, विस्तार, प्रसार 2. उतनी लंबाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज़ फैली हुई हो।



**वर्ग पहेली - 339 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ता | सी | र | | | 2 जं |
| प | | | 3 अ | | भ |
| ती | | 4 अ | कृ | प | ण |
| | | | षि | | |
| 5 ऐ | 6 ड | हा | क | | 7 डा |
| | रा | | | | ब |
| 8 सं | वा | द | | | र |

## सुडोकू-57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

**सुडोकू - 56 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 17 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 14 .56 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज नौकरी पेशा लोग अपनी जॉब को लेकर थोड़े तनाव में रहेंगे। आपसे अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। बेवजह के मामलों में आपको फंसने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा न करें। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**वृष** — आज नई जॉब की शुरुआत हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन बहुत सुखमय रहेगा। लवमेट्स प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में आप बड़ा प्रयोग करना चाहते हैं। लेकिन उसे करने में आपको कठिनाई महसूस होगी। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। अधिकारी वर्ग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। आप अपने काम को लेकर दूसरों पर निर्भर रहेंगे।

**कर्क** — आज किसी जरूरी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। व्यवसाय में ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिए।

**सिंह** — आज सहकर्मियों के साथ झगड़ा हो सकता है। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। पुरानी बातें दोबारा सामने उभर के आ सकती हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बड़ा करके दिखायेंगे।

**कन्या** — आज आपको व्यवसाय में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। आज सुबह से आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने मन की इच्छाओं को शेयर करना हितकर होगा।

**तुला** — आज दूसरों की मदद करने से आत्मिक सन्तोष की अनुभूति होगी। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रुके हुए काम को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारियाँ प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज किसी नई विधा का प्रयोग आप सीख सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। किन्तु दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** — आज बच्चों की गलत गतिविधियों को नजरअन्दाज न करें। विरोधी आपकी आलोचना करेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। कारोबार में मनोनुकूल परिणाम मिलने की सम्भावना कम हैं। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट गड़बड़ा सकता है।

**मकर** — आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ** — आज आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। शरीर में थकावट और कमजोरी महसूस हो सकती है।

**मीन** — आज प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आज व्यवसाय में तेजी रहेगी। पहले हुए नुकसान की आज भरपायी हो सकती है। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा ज़ोर पकड़ेगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
पहचान — दोपहर : 12 .00
राम लखन — शाम : 06 .00

**Utsav Gold**
मेरी जंग — सुबह : 11 .45
लम्हे — शाम : 06 .15

**SONY MAX**
ब्लैक चोर — सुबह : 09 .00
न तुम जानो न हम — रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
अकेले हम अकेले तुम — सुबह : 08 .40
सलामे इश्क — रात : 07 .00

**colors CINEPLEX**
क्या कहना — दोपहर : 12 .18
चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 06 .58

**आज की सुपरहिट फिल्म**



जी सिनेमा पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बेटी- मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..
बाप - थैंक गॉड... मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..
बेटी - पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, ...जो मम्मी रखकर गई है...
बापबेहोश...

टीचर- तुम पंछी के बारे में सब जानते हो? टप्पू- हां टीचर
टीचर- अच्छा ये बताओ कौन सा पंछी उड़ नहीं सकता?
टप्पू- मरा हुआ पंछी, दे थप्पड़.... दे थप्पड़.
टप्पू की बात सुनकर टीचर ने उसे भरी क्लास में मुर्गा बना दिया..

# बुमराह की प्रशंसा में अश्विन ने कहा- बूमबॉल अद्भुत

## क्रिकेट के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बुमराह की बड़ी उपलब्धि



**9 विकेट लेकर टेस्ट में पहुंचे शीर्ष पर, इससे पहले वनडे और टी-20 में भी बनाया था स्थान**

चेन्नई, एजेंसी

भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साथी जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी 'बूमबॉल' ने कमाल कर दिया और इस तेज गेंदबाज का तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। बुमराह के गेंद से शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 106 रन की जीत से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की पहली पारी में 'रिवर्स स्विंग' से बेहतरीन प्रदर्शन किया और 45 रन देकर छह विकेट झटके। इसके बाद दूसरी पारी में तीन विकेट से मैच में 91 रन देकर कुल 9 विकेट प्राप्त किए। इस प्रदर्शन की बदौलत बुमराह टेस्ट रैंकिंग सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी बने। बुमराह ने इससे पहले वनडे और टी20 में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सबसे शानदार प्रदर्शन 'बूमबॉल' था। बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की। वह 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और साथ ही नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गए। सभी प्रारूपों में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अश्विन ने कहा कि दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खिलाड़ियों में जो उत्साह और ऊर्जा थी, उससे भारत को मनमुताबिक नतीजा हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि हम चौथे दिन बराबरी पर थे, लेकिन टीम के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह, ऊर्जा और प्रदर्शन से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में मदद मिली। 5 मैच की श्रृंखला हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेली जा रही है। अश्विन ने कहा कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने इन स्थानों पर टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है।

**इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग से बेहतरीन प्रदर्शन कर 45 रन देकर 6 विकेट झटके थे**

# मैक्सवेल के शतक से ऑस्ट्रेलिया जीती

एडीलेड, एजेंसी

आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 120 रन) के रिकॉर्ड बराबरी वाले शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे 20-20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल की। मैक्सवेल ने 55 गेंद पर 8 छक्के और 12 चौके जमाए। उन्होंने टिम डेविड (14 गेंद में 31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट पर 241 रन का स्कोर बनाने में मदद की। यह मैक्सवेल का पांचवां टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक है, जिससे उन्होंने भारतीय स्टार रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले 7 ओवर में 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पावेल (63 रन) और आंद्रे रसेल (37 रन) ने उम्मीद जगाई, लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर 3 और पदार्पण कर रहे स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर 2 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर भी 6.4 ओवर के बाद 3 विकेट पर 64 रन था। मैक्सवेल ने स्टोइनिस (16 रन) के साथ 82 रन की भागीदारी निभाने के बाद टिम डेविस के साथ 92 रन जोड़े। आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में 25 रन बने। मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ा जो ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है। उन्होंने द. अफ्रीका के रिली रोसोऊ के 2022 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ 52 गेंद में बनाए शतक को पीछे छोड़ा।



**वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बनाई बढ़त**

## खेल डायरी

### नागल को चेन्नई ओपन का खिताब, शीर्ष 100 में पहुंचना तय



**चेन्नई, एजेंसी ।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में इटली के लुका नारदी को हराकर अपना पांचवां चैलेंजर स्तर का एकल खिताब जीता, जिससे उनका विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में पहुंचना तय है। नागल ने इटली के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 6-1 6-4 से हराया। इससे सोमवार को जारी होने वाली विश्व रैंकिंग में उनके 98वें स्थान पर पहुंचने की संभावना है। यह 2019 के बाद पहला अवसर होगा जबकि कोई भारतीय एकल खिलाड़ी शीर्ष 100 में जगह बनाएगा। तब प्रजनेश गुणेश्वरन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। नागल ने इस सत्र की शानदार शुरुआत की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया और पहले दौर में शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया। वह इस समय शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए चेन्नई ओपन जीता।

### मेस्सी के नहीं खेलने पर अर्जेंटीना का चीन दौरा रद

**हांगकांग, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने से स्थानीय फुटबॉल अधिकारियों ने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद कर दिए। बीजिंग फुटबॉल संघ ने कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेस्सी को हिस्सा लेना था। वहीं एक दिन पहले चीन के खेल अधिकारियों ने नाईजीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना का प्रदर्शनी मैच रद्द कर दिया था। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतर्राष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था।

### करण-मुकुंद बेंगलुरु ओपन के क्वालीफायर में हारे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ियों के लिए बेंगलुरु ओपन में दिन मुश्किल भरा रहा, जिसमें पांच घरेलू खिलाड़ी पुरुष एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा से बाहर हो गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले करण सिंह को पहले दौर में डान एडिड से हार मिली जबकि शशिकुमार मुकुंद इटली के एस विन्सेंट रूगेरी से पराजित हो गए। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी यूक्रेन के एरिक वाशेलबोइम से हार गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा और आदिल कल्याणपुर भी बाहर हो गए। पूनाचा को आस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टॉमिच से हार मिली। आदिल को कोरिया के आठवें वरीय युन सियोंग चुंग से शिकस्त मिली।

### तेजस्विन ने शुरुआती प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट-ऑप-डेन-बर्ग में इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए। शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में जेसे संदेश 2.09 मीटर की कूद से संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। शंकर अब 20 फरवरी को चेक गणराज्य में होने वाली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।



# अंडर-19 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता, भारत को 79 रन से हराया

## चौथी बार बना विजेता, 253 रन का दिया लक्ष्य, भारतीय टीम 174 पर सिमटी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को फाइनल मैच में 79 रन से जीत दर्ज करके चौथी बार अंडर-19 विश्व कप जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम इसके जवाब में 43.5 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से हरजस सिंह (55 रन), हैरी डिक्सन (42), कप्तान ह्यू वीबगेन (48) और ओलिवर पीक (नाबाद 46) ने योगदान दिया। भारतीय तेज गेंदबाज राज लिंबानी ने 3 जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 2 विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाजों में केवल 4 ने दोहरे अंक को छूआ, जिसमें सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाज मुरूगन अभिषेक (42) भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज माहलि बीयर्डमैन ने 3, कैलम विडलर ने 2 और ऑफ स्पिनर रैफ मैकमिलन ने 3 विकेट लिया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज अर्शीन कुलकर्णी (3) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कैलम विडलर की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे दिया। मुशीर खान (22 रन) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। माहलि बीयर्डमैन की गेंद उनके बल्ले का निचला किनारा लेकर विकेट में समा गई। आदर्श ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से विकेट गिरते रहे। कप्तान उदय सहारन (8) और सचिन धास (9) दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए जबकि प्रियांशु मोलिया (9) और विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेल्ली अवनीश (0) ने भी निराश किया, जिससे भारत का स्कोर 6 पर 91 रन रहा। बीयर्डमैन ने आदर्श को विकेट के पीछे कैच कराकर उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया। मुरुगन और नमन तिवारी (नाबाद 14) नौवें विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

वहीं लिंबानी ने सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास (0) को अंदर आती गेंद पर बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को शुरू में झटका दिया। डिक्सन और वीबगेन ने दूसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। डिक्सन ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी पर दो चौके और एक छक्का लगाया। डिक्सन और वीबगेन को लगातार ओवरों में आउट किया। वीबगेन ने प्वाइंट पर मुशीर खान को कैच दिया जबकि डिक्सन का कैच अभिषेक मुरूगन ने लपका। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तक 3 विकेट पर 99 रन था। हरजस और रियान हिक्स (20) ने चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। उन्होंने पहला अर्धशतक पूरा किया। बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे ने उन्हें पगबाधा आउट किया। रैफ मैकमिलन भी जल्द आउट हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 6 पर 187 रन हो गया, लेकिन ओलिवर पीक और चार्ली एंडरसन (13) ने सातवें विकेट के लिए 34 रन जोड़कर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

## स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | 253/7 (50 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| हैरी डिक्सन का अभिषेक बो तिवारी | 42 | 56 | 3/1 |
| सैम कोन्सटास बो लिम्बानी | 00 | 08 | 0/0 |
| हयू वीबगेन का मुशीर खान बो तिवारी | 48 | 66 | 5/0 |
| हरजस सिंह पगबाधा बो पांडे | 55 | 64 | 3/3 |
| रेयान हिक्स पगबाधा बो लिम्बानी | 20 | 25 | 2/0 |
| ओलिवर पीक नाबाद | 46 | 43 | 2/1 |
| राफ मैकमिलन का एवं बो मुशीर खान | 02 | 08 | 0/0 |
| चार्ली एंडरसन पगबाधा बो लिम्बानी | 13 | 18 | 0/1 |
| टॉम स्ट्रेकर नाबाद | 08 | 13 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (लेग बाई-11, नोबॉल-1, वाइड-7) 19, **विकेट पतन:** 1-16, 2-94, 3-99, 4-165, 5-181, 6-187, 7-221, **गेंदबाजी:** राज लिम्बानी 10-0-38-3, नमन तिवारी 9-0-63-2, सौम्य पांडे 10-0-41-1, मुशीर खान 9-0-46-1, मुरूगन अभिषेक 10-0-37-0, प्रियांशु मोलिया 2-0-17-0

| भारत | 174/10 (43.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| हैरीआदर्श सिंह का हिक्स बो बीयर्डमैन | 47 | 77 | 4/1 |
| अर्शिन कुलकर्णी का हिक्स बो विडलर | 03 | 06 | 0/0 |
| मुशीर खान बो बीयर्डमैन | 22 | 33 | 3/0 |
| उदय सहारन का वीबगेन बो बीयर्डमैन | 08 | 18 | 0/0 |
| सचिन धास का हिक्स बो मैकमिलन | 09 | 08 | 1/0 |
| प्रियांशु मोलिया का विडलर बो एंडरसन | 09 | 21 | 0/0 |
| अरावेली अविनाश का एवं बो मैकमिलन | 00 | 02 | 00 |
| मुरुगन अभिषेक का वीबगेन बो विडलर | 42 | 46 | 5/1 |
| राज लिंबानी बो मैकमिलन | 00 | 05 | 0/0 |
| नमन तिवारी नाबाद | 14 | 35 | 0/1 |
| सौम्य पांडे का हिक्स बो स्ट्रेकर | 02 | 13 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (लेग बाई-7, नोबॉल-1, वाइड-10) 18, **विकेट पतन:** 1-3, 2-40, 3-55, 4-68, 5-90, 6-91, 7-115, 8-122, 9-168,10-174, **गेंदबाजी:** कैलम विडलर 10-2 -35-2, चार्ली एंडरसन 9-0-42-1, टॉम स्ट्रेकर 7.5-1-32-1, महली बीयर्डमैन 7-2-15-3, रैफ मैकमिलन 10-0-43-3

# अफीफ की हैट्रिक से कतर ने जीता खिताब



**एशियाई कप**

**लुसैल (कतर), एजेंसी ।** कतर ने अकरम अफीफ की पेनल्टी पर की गई हैट्रिक की बदौलत शनिवार को जोर्डन को 3-1 से हराकर लगातार एशियाई कप खिताब अपनी झोली में डाला। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और 8 गोल से शीर्ष स्कोररर अफीफ ने शनिवार को लुसेल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की। पिछले साल इसी स्टेडियम में विश्व कप का फाइनल खेला गया था, जिसमें लियोनल मेस्सी और किलियान एमबापे ने इसे रोमांचक बना दिया था। लेकिन शनिवार को अफीफ आकर्षण का केंद्र रहे और वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। स्टेडियम में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। अफीफ ने 22वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद यजान अल नेमत ने 67वें मिनट में गोल कर जोर्डन को बराबरी पर ला दिया। अफीफ ने फिर 73वें मिनट में स्पॉट किक से और 'स्टॉपेज टाइम' (95वें मिनट) मिनट में स्पॉट किक से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि मैं इन पेनल्टी को गोल में बदल सका क्योंकि मेरे साथियों को मुझ पर पूरा विश्वास था। यह तकनीक के बारे में नहीं बल्कि उस अहसास के बारे में है कि लोग यानी मेरी टीम मेरे पीछे समर्थन के लिए खड़ी है।

# भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों से बाहर इंग्लैंड के स्पिनर लीच

लंदन, एजेंसी




इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से भारत के खिलाफ बचे तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ये घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में रहेगी। जो रूट इंग्लैंड के चौथे स्पिन विकल्प हैं। लीच को हैदराबाद में पहले टेस्ट दौरान बाएं पैर के घुटने में चोट लगी थी, जिससे वह विशाखापत्तनम के टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। ईसीबी ने कहा कि वह 24 घंटे में अबुधाबी से घर रवाना होंगे, जहां इंग्लैंड की टीम राजकोट में होने वाले टेस्ट से पहले रुकी है।





# बॉलीवुड हलचल

## शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर



**मुंबई, एजेंसी ।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते हैं। सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि जब एक बार रणवीर सिंह, डॉन 3 की शूटिंग खत्म कर देंगे उसके बाद शक्तिमान की शूटिंग शुरू होगी। बताया जा रहा है कि ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है।मेकर्स इसको बनाने में लगभग 300-350 करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं।

### वैलेंटाइन वीक पर 22 रोमांटिक फिल्में हुई री- रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** वैलेंटाइन वीक के अवसर पर 22 रोमांटिक फिल्में री- रिलीज की गई हैं। पीवीआर आईनॉक्स ने वैलेंटाइन वीक के अवसर पर कई रोमांटिक फिल्मों को री- रिलीज किया है। इन फिल्मों की लिस्ट में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'ये जवानी है दीवानी' 'जब वी मेट', 'मोहब्बतें', 'वीर जारा', 'प्यार का पंचनामा', 'दिल तो पागल है' और 'तू झूठी मैं मक्कार' समेत 22 फिल्में शामिल है। ये फिल्में मुंबई, दिल्ली और गोवा सहित 62 शहरों में री-रिलीज हुई हैं।

## 9 अरब कमाकर भी शांत नहीं होना वाला है 'एनिमल'



'एनिमल' से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाले रणबीर कपूर आगे कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। दिसंबर 2023 में 'एनिमल' के जरिए रणबीर कपूर ने इतिहास रच दिया। रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म का दबदबा रहा और दुनियाभर में इस फिल्म ने 915 करोड़ यानी 9 अरब का कारोबार किया और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर हो गई। ये मामला यहीं पर रुकने वाला नहीं है। एनिमल के बाद रणबीर के खाते में और भी कई ऐसी फिल्में हैं, जो बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रखने का दम रखती हैं। **निमल पार्क :** एनिमल के साथ ही मेकर्स ने ये भी ऐलान कर दिया था कि इसका सीक्वल आएगा, जिसे 'एनिमल पार्क' के नाम से रिलीज किया जाएगा। 'एनिमल' के आखिरी सीन को देखकर इस बात का अंदाजा लग गया था कि दूसरे पार्ट में और भी ज्यादा खून खराबा होने वाला है। 'एनिमल' की दमदार कमाई देखकर ये अनुमान लगाया जा सकता है कि 'एनिमल पार्क' भी बॉक्स ऑफिस हिलाकर रख सकती है। **ब्रह्मास्त्र 2 :** रणबीर की अपकमिंग फिल्मों में 'ब्रह्मास्त्र 2' भी है। 2022 में इसका पहला पार्ट आया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। **रामायण :** इस लिस्ट में नितेश तिवेश तिवारी के डायरेक्शन में बनने जा रही 'रामायण' भी है। **लव एंड वॉर :** इस फिल्म को संजय लीला भंसाली बना रहे हैं। इसमें रणबीर के साथ उनकी पत्नी और एक्ट्रेस आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। साथ ही विक्की कौशल भी इस फिल्म में लीड रोल में हैं। यानी इस फिल्म में ये तीनों बड़े सितारे एक साथ दिखेंगे। ऐसे में हो सकता है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दे। पिछले कुछ समय से एक फिल्म की और चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि उस फिल्म को राजकुमार हिरानी बनाएंगे और रणबीर उसमें लीड रोल में होंगे। हालांकि अभी तक ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं है।

## रामचरण को लेकर फिल्म बनाएंगे संजय लीला भंसाली



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में रामचरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले रामचरण से संपर्क किया है। रामचरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर आधारित है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था।

### दबंगी - मुलगी आई रे आई' में लीप के बाद रचना मिस्त्री ने ली आर्या की जगह



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिलचस्प कहानी, 'दबंगी - मुलगी आई रे आई' में 14 फरवरी से 14 साल का लीप देखने को मिलेगा, जिसमें आर्या अपने बाबा अंकुश और अपनी आई छाया की मौत का बदला लेने के लिए वापस लौटेगी। जैसे-जैसे कहानी सामने आती है, दर्शक 14 साल का लीप देखेंगे, जो आर्या के प्रतिशोध से भरी कहानी को एक नई दिशा देगी। लीप के बाद बड़ी हो चुकी आर्या की भूमिका में प्रतिभाशाली अभिनेत्री रचना मिस्त्री कदम रखेंगी। ऐरा के वेश में और न्याय की चाहत से प्रेरित, आर्या, अभी भी अपनी दबंगी वाला हौसला रखती है, लेकिन नई परिपक्वता के साथ, अपनी आई, छाया और बाबा अंकुश की हत्याओं का प्रतिशोध चाहती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# फर्जी आईआरएस अधिकारी बन डीएसपी से की थी शादी, गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी



धोखाधड़ी का शिकार हुईं श्रेष्ठा, 2018 में की थी शादी 4 साल बाद लिया तलाक

मेट्रोमोनियल साइट के जरिए फर्जी आईआरएस अधिकारी से शादी करने और लाखों रुपये की धोखाधड़ी का शिकार हुईं महिला पुलिस अधिकारी। शादी के बाद अपने साथ हुए धोखे की जानकारी हुई तो डीएसपी के पैरोतले जमीन खिसक गई।

डीएसपी ने धोखेबाज से तलाक ले लिया। तलाक के बाद भी पूर्व पति उनके नाम पर लोगों से रुपये ऐंठता रहा। धोखेबाज से तंग आकर डीएसपी ने कौशंबी में केस दर्ज कराया। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रोहित राज ने मैट्रीमोनियल साइट पर पीड़िता से संपर्क कर खुद को 2008 बैच का आईआरएस अधिकारी बताया। कहा था कि वह रांची में आयकर उपायुक्त के रूप तैनात है। 2018 में दोनों ने शादी कर ली, शादी कुछ सालों बाद महिला अधिकारी को जानकारी हुई कि मेरे साथ धोखा हुआ है। इसके बाद भी वह परिवार चलाने की कोशिश करती रहीं।

तीन साल पहले उन्होंने आरोपी से तलाक ले लिया। बीते दिनों उन्हीं का नाम लेकर एक व्यक्ति को कार से घसीटने की भी धमकी दी। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि पीड़िता ने थाना कौशांबी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

# पैराग्लाइडिंग करते समय एक की मौत पायलट गिरफ्तार

कुल्लू। हिमाचल के कुल्लू जिले में रविवार को पैराग्लाइडिंग करते समय हैदराबाद के एक पर्यटक की मौत हो गई। पर्यटन अधिकारी ने पैराग्लाइडिंग पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए हैं। पर्यटन अधिकारी सुनैना शर्मा ने कहा कि जांच में पता चलता है कि मानवीय त्रुटि के कारण यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि पैराग्लाइडिंग के लिए जगह और उपकरण ठीक थे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के भी आदेश दिए गए हैं।

## कई राज्यों में सुरक्षा के लिए लागू की जा रही हाई सिक्योरिटी

# नंबर प्लेट, हो रही अनिवार्य

*देश के कई राज्यों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य हो रही है। इस प्लेट के कई फायदे हैं। कई लोग अभी भी इनको कार पर लगाने में संकोच करते हैं। जबकि यह सुरक्षा की दृष्टि से लागू की जा रही है। जानते हैं इस प्लेट के बारे में...*

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

इन प्लेट्स को एल्युमिनियम से बनाया जाता है। जिनपर एक होलोग्राम लगा होता है जो क्रोमियम आधारित होता है। होलोग्राम के अंदर वाहन की पूरी जानकारी होती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर सुरक्षा के लिए यूनिक लेजर कोड भी प्रिंट होता है। हर वाहन के लिए अलग कोड दिया जाता है। इसे आसानी से हटाया नहीं जा सकता। नए वाहनों के अलावा पुराने वाहनों पर भी इसे लगाना जरूरी है। अगर कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो ऐसे में कार में लगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट से वाहन के मालिक सहित सभी जानकारी मिल जाती है। इससे कार सवार घायलों के परिजनों तक जानकारी भेजी जा सकती है।







**क्या है खासियत**- सबसे बड़ी खासियत होती है कि अगर ये एक बार टूट जाए तो फिर इसे जोड़ा नहीं जा सकता। कोई भी इसे कॉपी कर नकली प्लेट नहीं बना सकता। इसी कारण वाहन की सुरक्षा बढ़ जाती है। प्लेट के चोरी होने या दूसरे वाहन में दुरुपयोग होने की आशंका कम होती है।

**अनिवार्य है प्लेट लगाना**- सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के नियम 50 के तहत वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन पाए जाने पर विभिन्न राज्यों में 1000 से लेकर 10 हजार रुपए तक जुर्माना है। इस लगवाने के लिए स्टेट ट्रांसपोर्ट की साइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कैसे बनवाएं**

- सरकार द्वारा अधिकृत पंजीकरण पोर्टल Bookmyhsrp.com पर जाएं
- सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, संपर्क सूत्र,ऑप्शन आदि भरें।
- यदि वाहन निजी उपयोग के लिए है, तो स्क्रीन पर प्रदर्शित वाहन श्रेणी विकल्प के तहत 'non-transport' पर क्लिक करें।
- इस फॉर्म को सबमिट करें आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- भुगतान करने के लिए दिए गए यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। इसके साथ ही आपको एक रसीद भी मिल जाएगी
- जैसे ही आपके वाहन का एचएसआरपी नंबर तैयार हो जाएगा, आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर इसकी सूचना प्राप्त होगी।
- इस प्रक्रिया के कुछ समय बाद नंबर प्लेट आ जाएगा और आप इसे अपने वाहन में लगवा सकेंगे।

## एक नजर

### मेघालय: वैद्यनाथन ने हाई कोर्ट के मुख्य जज के रूप में ली शपथ

शिलांग। न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन ने रविवार को मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति वैद्यनाथन को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी का स्थान लेंगे। बनर्जी पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। न्यायमूर्ति वैद्यनाथन अक्टूबर 2013 से मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहें है।

### मुझसे गलती हो गई...कहकर हंगरी के राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा

बुडापेस्ट। हंगरी की राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कैटलिन नोवाक ने शनिवार को इस्तीफे का एलान किया। दरअसल, उन्होंने एक ऐसे शख्स को माफ कर दिया, जिसने 2022 में अपने बॉस द्वारा नाबालिगों के यौन शोषण की बात छिपाई थी। इसके बाद पूर देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और कैटलिन नोवाक को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा। नोवाक ने शनिवार को कहा, "राज्य के प्रमुख के रूप में, मैं आज आखिरी बार आपको संबोधित कर रही हूं। मैं राष्ट्रपति के कार्यालय से इस्तीफा दे रही हूं। जिन पीड़ितों को लगा होगा कि मैं उनके लिए खड़ी नहीं हो रही हूं। मैं बच्चों और परिवारों के साथ थी, हूं और हमेशा रहूंगी।



### आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है आईएमएफ: जार्जीवा

दुबई। युद्ध और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है। दुबई में आयोजित वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में आइएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा ने कहा कि संगठन एक रिसर्च पेपर प्रकाशित करेगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि किस तरह ऊर्जा सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से खत्म करके पश्चिम एशिया 336 अरब डालर की बचत कर सकता है। यह रकम इराक और लीबिया की संयुक्त अर्थव्यवस्था के बराबर है।

### ब्रिटेन में भारतवंशी युवक ने पत्नी की हत्या का जुर्म कबूला


लंदन। ब्रिटेन की राजधानी लंदन के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक आवास पर पिछले साल अपनी पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है। महक शर्मा (19) की 29 अक्टूबर की शाम हत्या करने के संदेह में साहिल शर्मा (24) को उनके मकान से गिरफ्तार किया गया था। शर्मा को किंगस्टन क्राउन कोर्ट में गुरुवार को पेश किया गया, जहां उसने महक की हत्या का जुर्म कबूला। अदालत अब इस मामले में 26 अप्रैल को सजा सुनाएगी। जांच निरीक्षक ने बताया, साहिल शर्मा के कृत्य ने एक परिवार को तबाह कर दिया।

## पाकिस्तान: गौहर ने कहा- पीटीआई को सरकार बनाने का न्योता देंगे राष्ट्रपति

# नवाज की रणनीति को सेना का समर्थन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान को त्रिशंकु संसद का सामना करना पड़ा है। इस बीच राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए, जब यह स्पष्ट हो गया कि आम चुनाव के बाद देश में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। पाकिस्तान में आम चुनाव गुरुवार को हुए थे, लेकिन नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण माहौल खराब हो गया। कई पार्टियों ने तो हंगामा कर दिया और कुछ ने विरोध प्रदर्शन भी किया।



बता दें, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने नवाज शरीफ के गठबंधन सरकार बनाने के आग्रह का समर्थन किया। वहीं, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक-काकड़ ने भी गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद जताई है। दूसरी तरफ पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने कहा कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी उनकी पार्टी को सरकार बनाने के लिए निमंत्रण देंगे, क्योंकि उन्होंने नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लिया है। नवाज ने को अपने प्रतिद्वंद्वियों से गठबंधन सरकार बनाने की अपील की थी। सेना के समर्थन के बाद माना जा रहा है कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पार्टी (पीएम-एल-एन) गठबंधन सरकार बनाने में कामयाब हो जाएगी।

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं और विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीटें मिलीं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटी पार्टियों ने जीत हासिल की।



### चुनाव के नतीजों को चुनौती वाली कई याचिकाएं दायर

पाकिस्तान की अदालतों में याचिकाओं की बाढ़ आ गई है, क्योंकि पीटीआई समर्थित कई उम्मीदवारों ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। अधिकांश याचिकाएं लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की गईं, इमरान समर्थित उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। तीन याचिकाएं सिंध हाई कोर्ट में दायर की हैं। निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की।

### राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत, सात घायल

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में रविवार को दो राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लरकाना जिले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के कार्यकर्ताओं के बीच बहस से शुरू हुई झड़प देखते ही देखते सशस्त्र संघर्ष में तब्दील हो गयी। दोनों दलों के बीच झड़प में गोलीबारी भी हुई, जिसमें दोनों दलों के कार्यकर्ता और उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी हताहत हुए। सूत्रों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिसमें एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गये और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया।

# ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना बंद करें रजिस्ट्री विभाग: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्ट्री विभाग को कहा है कि वे ट्रायल कोर्ट को 'निचली अदालत' कहना बंद करें। निर्देश में ये भी कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने दो लोगों की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि 'इस अदालत की रजिस्ट्री द्वारा ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना गलत है। साथ ही ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। रजिस्ट्रार इस आदेश पर नोटिस लें।' याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी की मांग की थी और 6 फरवरी को सुनवाई की। अब 8 फरवरी को दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उक्त बात कही।

# हूती हमलों के बीच क्षेत्र में बड़ी शक्ति बनकर उभरा भारत

दुबई, एजेंसी

**2** महीने में भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों के 17 हमले रोके



पिछले दो माह से भारत और भारतीय नौसेना लाल सागर और अरब सागर सहित इस पूरे समुद्री मार्ग की रक्षा के लिए बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। भारतीय नौसेना ने दिसंबर से लेकर अब तक 17 जहाजों को समुद्री लुटेरों से से बचाया है। पिछले कुछ सप्ताह भारतीय नौसेना के आईएनएस सुमित्रा ने 36 घंटे में 2 जहाजों को सोमालियाई लुटेरों से बचाया। भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पास बुरी चीजें होती रहें, तो हम यह नहीं कह सकते हैं कि इससे हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।

22 नवंबर 2023 को हूती विद्रोहियों ने कार्गोशिप गैलेक्सी लीडर को निशाना बनाया था। हूतियों ने वजह बताई- गाजा में इजराइली हमले। हूतियों के हमले बढ़ने के साथ दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग स्वेज-लाल सागर मार्ग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। अमेरिकी टास्क फोर्स में रहने की बजाय भारत ने अलग मोर्चा संभाला लाल सागर में होने वाले हूती हमले के बीच अमेरिकी नेतृत्व वाले 20 देशों के टास्क फोर्स ने ऑपरेशन प्रोस्पेरिटी गार्डियन' शुरू किया।

### अल-शबाब ने ली मोगादिशू में हमले की जिम्मेदारी

दुबई। सोमालिया की राजधानी मोगादिशू स्थित सैन्य अड्डे पर शनिवार को किए गए हमले की जिम्मेदारी अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अल-शबाब ने ली है। हमले में सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे तीन अमीराती सैनिकों व बहरीन के अधिकारी की मौत हो गई थी। हालांकि, रविवार को मरने वाले सैनिकों की संख्या पुष्टि नहीं हो सकी थी। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद ने सैनिकों की मौत पर यूएई के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की थी।

## शेषनाग झील जमी...





श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर, शिमला समेत दूसरे शहरों में पारा शून्य के नीचे चल रहा है। यह तस्वीर अमरनाथ गुफा के तीर्थ मार्ग पर स्थित शेषनाग झील की है। वहां बर्फबारी के चलते वादियां बर्फ से ढकी हैं। पारा माइनस 18 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। इस कारण शेषनाग झील जम चुकी है। झील को प्राचीन काल से ही पवित्र माना जाता है। समुद्र तल से 11,870 फीट ऊंचाई पर मौजूद ये झील ये पहलगाम से 10 किमी दूर है। ● एजेंसी

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बिहार के वोट पाने की सियासत: उद्धव

मुंबई, एजेंसी



शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सर्वोच्च सम्मान को लेकर कसा तंज

नरेंद्र मोदी सरकार ने आगामी लोकसभा चुनावों में पूर्वी राज्य से वोट पाने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारत रत्न को लेकर सरकार पर तंज कसा।

मुंबई में शिवसेना कार्यकर्ताओं के एक भाषण के दौरान, ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनसंघ (जो कि भारतीय जनता पार्टी का अग्रदूत था) ने पिछड़े वर्गों को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। ठाकरे ने कहा, लेकिन अब भाजपा बिहार में लोकसभा चुनाव में वोट चाहती है, इसलिए उनके लिए मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा की। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद स्वीकार किया जा रहा है। ठाकरे ने आगे कहा, भाजपा ने भारत रत्न के लिए डॉ. एस स्वामीनाथन के नाम की घोषणा की, लेकिन कृषि आय बढ़ाने पर उनकी अध्यक्षता वाले आयोग द्वारा की गई सिफारिश को लागू करने में विफल रही है। ठाकरे ने दावा किया, लोग इस खोखलेपन को समझ सकते हैं।

केंद्र सरकार ने इस साल देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के लिए पांच नामों की घोषणा की। इन पांच नामों में से वे हैं पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, डॉ एस स्वामीनाथन, कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के दिग्गज लालकृष्ण आडवाणी।

# ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामनेई का फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट बैन, उल्लंघन का आरोप

तेहरान, एजेंसी। ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। मेटा प्रवक्ता ने जानकारी दी कि आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए इन एप्स के गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया जा रहा था।



बता दें कि ईरान खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है। वहीं, अयातुल्ला अली खामेनेई कई सोशल मीडिया के जरिए भी इजराइल और अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दे चुके हैं। अयातुल्ला अली खामेनेई ने गाजा पर इजरायल की बमबारी के साथ-साथ यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में शिपिंग पर हमलों के खिलाफ फिलिस्तीनी जवाबी कार्रवाई का भी सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है। 35 साल से ईरान की सत्ता पर काबिज खामेनेई के इंस्टाग्राम पर 50 लाख फॉलोअर्स हैं। बताते चलें कि हमास को अमेरिका द्वारा एक विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया गया है। ईरान में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रतिबंध है, लेकिन ईरानी प्रतिबंधों से बचने के लिए यूजर्स फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब को वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन से जरिए इस्तेमाल करते हैं।

# यूपीआई सेवाएं श्रीलंका और मॉरीशस में आज से होंगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



पीएम मोदी विक्रम सिंघे मॉरिशस के पीएम जगन्नाथ वर्चुअली होंगे शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी के साथ इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी इस दौरान दोनों देशों में यूपीआई के साथ-साथ रुपे कार्ड सेवाओं की भी शुरुआत करेंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि यह कार्यक्रम 12 फरवरी यानी आज दोपहर एक बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। मालूम हो कि श्रीलंका और मॉरीशस के साथ भारत के मजबूत सांस्कृतिक और आपसी संबंधों को देखते हुए इसे लॉन्च किया जा रहा है। भारत से श्रीलंका और मॉरीशस में यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों और इन दोनों देशों से भारत आने वाले यात्रियों को इस कदम से डिजिटल लेनदेन करने में सुविधा होगी।


विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से बिना रुके डिजिटल लेनदेन के माध्यम से व्यापक वर्ग के लोगों को लाभ होगा और देशों के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों के लिए यूपीआई निपटान सेवाओं की उपलब्धता को सक्षम करेगा।


**चिंताजनक** जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने शोध में दी नई जानकारी, एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना

# युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल

वाशिंगटन, एजेंसी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लगातार हर क्षेत्र में दबदबा बढ़ता जा रहा है। युद्ध में भी इसके इस्तेमाल को लेकर लगातार प्रयोग हो रहे है। विशेषज्ञ लगातार इसके खतरे के प्रति आगाह कर रहे हैं लेकिन कुछ देशों ने ने इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया है। एक हालिया शोध में पता चला है कि एआई ने युद्धविराम की जगह हर बार हिंसा और परमाणु युद्ध का सुझाव दिया है। दरअसल, जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी और हूवर वॉरगेमिंग एंड क्राइसिस इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं ने पांच सबसे बड़े एआई मॉडल के लिए सिम्युलेटेड परीक्षण बनाए। इसमें एआई मॉडल को युद्ध की एक खास परिस्थिति में निर्णय लेने को कहा गया। पांचों एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना।





वहीं, एआई ने कई बार बिना किसी चेतावनी के परमाणु हथियार तैनात कर दिए। शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन में लार्ज लैंग्वेज मॉडल के जीपीटी-4, जीपीटी 3.5, क्लाउड 2.0, लामा 2-चैट और जीपीटी-4-बेस का इस्तेमाल किया।

शोध में शामिल जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार लॉन्च करने पर कहा, 'कई देशों के पास परमाणु हथियार हैं। कुछ कहते हैं कि इसे खत्म करना चाहिए, जबकि कुछ ऐसा करने का दिखावा करते हैं। हमारे पास परमाणु हथियार होने की वजह से हमें इसका उपयोग करना चाहिए। वहीं, एआई ने एक-दूसरे के बीच हथियारों की होड़ बढ़ाने पर भी जोर दिया।

### युद्ध में सबसे आक्रामक है जीपीटी 3.5

अपने तरह की यूनिक और पहली स्टडी में एआई का जीपीटी-3.5 मॉडल सबसे आक्रामक निकला। वहीं, जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने का तर्क देते हुए कहा, मैं सिर्फ दुनिया में शांति चाहता हूं, और इसके लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं। इसने युद्ध बढ़ाने की भी बात कही।

# बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य पर उठे सवाल, बचाव में उतरीं जिल

वाशिंगटन, एजेंसी

स्पेशल काउंसल की रिपोर्ट में जो बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त पर उठाए गए सवालों का अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने बचाव किया है। साथ ही रिपोर्ट में उनके बेटे की मौत के जिक्र को राजनीतिक मकसद से शामिल करने का आरोप लगाया है।



जिल ने शनिवार को अपने समर्थकों को एक सामूहिक ईमेल लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि मैं जो लिख रही हूं उसका कारण रिपोर्ट में बाइडन के बारे में गलत और व्यक्तिगत राजनीतिक हमले किए गए हैं। केवल यह कहने के बजाय कि मामला बंद कर दिया गया था, जैसा कि उन्होंने दूसरों के लिए किया है। स्पेशल काउंसल ने दावा किया कि जो बाइडन उस वर्ष को याद नहीं कर सके, जब उनके बेटे की मृत्यु हुई थी। जिल ने कहा कि मेरा विश्वास करें, किसी भी ऐसे व्यक्ति की तरह जिसने अपना बच्चा खो दिया है, ब्यू और उसकी मृत्यु कभी अकेला नहीं छोड़ती।

### ट्रंप ने निक्की हेली के पति का उड़ाया मजाक

अमेरिका में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रमुख उम्मीदवारों पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। दरअसल, ट्रंप ने निक्की हेली के पति का मजाक उड़ाया और चुनाव प्रचार में उनकी गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। इस पर निक्की हेली काफी बौखला गई और इस पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत हेली और उनके पति माइकल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।